जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 14 फरवरी, 2026


# आज सस्ता खाना

## कल महंगा पड़ सकता है

## क्योंकि सेहत से कीमती और कुछ नहीं

### WHATSAPP VOICE NOTE

सिर्फ अपना ऑर्डर व्हाट्सएप पर रिकॉर्ड करें और

90704 90704 पर भेज दीजिए




अशुद्ध के विरुद्ध
आन्दोलन
अशुद्ध के विरुद्ध

KEDIA™
Pavitra

FIXED PRICE

- शरबती सुपीरियर आटा
- देशी चक्की आटा
- सूजी
- दलिया
- बेसन
- शरबती गेहूँ
- देशी गेहूँ
- प्लैटिनम शरबती चावल
- एलीट बासमती चावल
- पोहा
- लाकाडोंग हल्दी पाउडर
- मिर्च पाउडर
- धनिया पाउडर
- जीरा
- सौंफ
- लौंग
- इलायची
- काली मिर्च
- दालचीनी
- चना दाल
- मूंग दाल (छिलका)
- मूंग दाल
- अरहर/तूर दाल
- उड़द दाल (छिलका)
- उड़द दाल
- मसूर मलका
- मसूर दाल
- काला चना
- काबुली चना
- हरा चना
- हरा मटर
- मोठ
- हरा मूंग
- राजमा चित्रा
- राजमा लाल
- राजमा कश्मीरी
- कैलिफोर्निया बादाम
- काजू
- पिस्ता
- किशमिश
- अखरोट
- मामरा बादाम
- गुड़
- गुड़ पाउडर

COMING SOON

- कच्ची घानी सरसों का तेल
- ट्रिपल फ़िल्टर्ड मूंगफली तेल
- फ्लेवर्ड मखाना
- रोस्टेड चना
- खजूर
- अंजीर
- मूंगफली
- अजवाइन
- राई
- मेथी दाना
- कसूरी मेथी
- हींग
- अमचूर पाउडर
- ब्लेंडेड मसाले
- सेंधा नमक
- मिश्री धागा
- मिश्री पाउडर
- सोया चंक्स
- चाय और भी बहुत कुछ

रिटेलर हो या कस्टमर:
कॉल लगाओ, गाड़ी बुलाओ

1800 120 2727

ORDER ON WEBSITE

ORDER ON WHATSAPP

ORDER ON APP

AVAILABLE AT

32000+ RETAILERS | SUPERMARKETS | QUICKCOM/ECOM

WEBSITE | WHATSAPP | APP | TOLL FREE

T&C Apply.

## विचार बिन्दु

**अपने नाम को कमल की तरह निष्कलंक बनाओ। –लांग फैलो**

# राजस्थान सरकार की विकसित राजस्थान 2047: समृद्धि की ओर सही राह

राजस्थान, भारत का सबसे बड़ा राज्य क्षेत्रफल की दृष्टि से, अपनी विशाल रेगिस्तानी भूमि, ऐतिहासिक वैभव और जीवंत सांस्कृतिक धरोहर के लिए विश्व पटल पर जाना जाता है। यहां की रेत के टीले, किले, महल और लोक नृत्य-गीत न केवल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, बल्कि एक समृद्ध सभ्यता की गाथा कहते हैं। लेकिन आज भविष्य की चुनौतियों के बीच राज्य को एक विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर इकाई बनाने की अनिवार्यता है। जलवायु परिवर्तन, जल संकट, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता जैसी बाधाओं को पार करते हुए राजस्थान को नया स्वरूप देना होगा। राज्य सरकार द्वारा तैयार विकसित राजस्थान @2047 विजन डॉक्यूमेंट इसी दिशा में एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। यह दस्तावेज कृषि, उद्योग, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, साथ ही सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण और मानव संसाधन विकास को प्राथमिकता देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के महान सपने को साकार करने में राजस्थान अग्रणी भूमिका निभा सकता है, क्योंकि यहां की युवा ऊर्जा, सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक संसाधन इसकी पूंजी हैं।

राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य महत्वाकांक्षी तो है, लेकिन सही नीतियों और दृढ़ संकल्प से प्राप्त करने योग्य भी। वर्तमान में राज्य की जीएसडीपी लगभग 15 लाख करोड़ रुपये है, जो सही दिशा में प्रयासों से कई गुना बढ़ सकती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में तैयार इस विजन में 2030, 2035 और 2040 के मध्यावधि लक्ष्य निर्धारित हैं। चार प्रमुख थीम्स-जनकल्याण व सामाजिक सशक्तीकरण, त्वरित विकास व रोजगार सृजन, भविष्योन्मुख राजस्थान और नीति, वित्त व शासन-इसकी आधारशिला हैं। जर्मनी जैसे विकसित देशों के मानकों पर आधारित यह योजना विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को 20 प्रतिशत तक ले जाने और जीवन प्रत्याशा को 77 वर्ष करने का संकल्प लेती है। उदाहरणस्वरूप, यदि हम वर्तमान विकास दर को 8-10 प्रतिशत तक बनाए रखें, तो यह लक्ष्य साकार हो सकता है। लेकिन इसके लिए निजी क्षेत्र, प्रवासी राजस्थानियों और केंद्र सरकार के सहयोग की आवश्यकता है। राइजिंग राजस्थान समिट जैसे आयोजनों से निवेश आकर्षित कर इस दिशा में गति लाई जा सकती है।

कृषि राजस्थान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी हुई है, जहां लगभग 60 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर है। लेकिन जल की कमी, मरुस्थलीकरण और अपर्याप्त सिंचाई सुविधाएं प्रमुख चुनौतियां हैं। सही राह जल संरक्षण से शुरू होती है। ड्रिप इरिगेशन, वर्षा जल संचयन और नहरों का आधुनिकीकरण जैसे कदम उठाकर हम उत्पादकता दोगुनी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान को पूरे राज्य में विस्तार देकर हर गांव को जल स्वावलंबी बनाना होगा। जैविक खेती को बढ़ावा देकर निर्यात योग्य फसलें जैसे बाजरा, ज्वार, मसाले और प्याज उगाई जा सकती हैं। किसानों को तकनीकी सहायता, बीमा कवरेज और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाएं। ड्रोन तकनीक से फसल निगरानी और सटीक खाद्य प्रबंधन संभव है। इससे न केवल उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण रोजगार भी सृजित होगा। भविष्य में एग्री-टूरिज्म को जोड़कर कृषि को पर्यटन से जोड़ा जा सकता है, जहां पर्यटक जैविक फार्म्स पर रहकर पारंपरिक खेती का अनुभव प्राप्त करें। उदाहरण के तौर पर, नागौर का मेला जैसी सांस्कृतिक घटनाओं को कृषि प्रदर्शनियों से जोड़ें, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो।

उद्योग क्षेत्र में राजस्थान की अपार संभावनाएं हैं, जो अभी तक पूर्ण रूप से उपयोग नहीं हुई हैं। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (DMIC) के तहत जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा और नीमराना जैसे क्षेत्र प्रमुख हब बन सकते हैं। टेक्सटाइल, सीमेंट, जेम्स एंड ज्वेलरी, ऑटोमोबाइल और रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश आकर्षित करने की क्षमता यहां है। राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति 2024 को और उदार बनाकर एकल खिड़की प्रणाली को पूरी तरह लागू करें, ताकि निवेशक बिना झंझट के काम शुरू कर सकें। स्टार्टअप इंडिया से जुड़कर युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए इंक्यूबेटर सेंटर स्थापित करें। कोटा को शिक्षा हब के साथ-साथ आईटी हब और जोधपुर को एयरोस्पेस तथा आईटी केंद्र के रूप में विकसित करें, जहां सॉफ्टवेयर पार्क, डेटा सेंटर और इनोवेशन लैब हों। विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) बनाकर विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) को प्रोत्साहित करें। इससे लाखों रोजगार सृजित होंगे और प्रवासी राजस्थानी उद्योगपति जैसे-लक्ष्मी मित्तल, कुमार मंगलम बिड़ला और अजीम प्रेमजी जैसे नामों को वापस लौटने का अवसर मिलेगा। हाल की निवेश समिट में 5 लाख करोड़ के प्रस्ताव इसी दिशा के संकेत हैं।

**पर्यटन राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है, जो राज्य की पहचान है। जयपुर का हवा महल, उदयपुर की झीलें, जोधपुर का मेहरानगढ़ किला और जैसलमेर की सुनहरी रेत विश्व प्रसिद्ध हैं। लेकिन सही राह इको-टूरिज्म, कल्चरल टूरिज्म और सस्टेनेबल टूरिज्म में निहित है। हेरिटेज वॉक, डेजर्ट सफारी, विलेज टूर और फोक आर्ट वर्कशॉप को डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे ऐप और वर्चुअल रियलिटी से जोड़ें।**

पर्यटन राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है, जो राज्य की पहचान है। जयपुर का हवा महल, उदयपुर की झीलें, जोधपुर का मेहरानगढ़ किला और जैसलमेर की सुनहरी रेत विश्व प्रसिद्ध हैं। लेकिन सही राह इको-टूरिज्म, कल्चरल टूरिज्म और सस्टेनेबल टूरिज्म में निहित है। हेरिटेज वॉक, डेजर्ट सफारी, विलेज टूर और फोक आर्ट वर्कशॉप को डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे ऐप और वर्चुअल रियलिटी से जोड़ें। रामदेवरा, सालासर, देशनोक और बीकानेर के धार्मिक स्थलों को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करें। सर्किट टूरिज्म विकसित करें, जहां रणथंभौर टाइगर रिजर्व, सरिस्का और केवलादेव नेशनल पार्क को सस्टेनेबल टूरिज्म हब बनाएं। उड़ान योजना के तहत एयरपोर्ट्स का विस्तार करें, ताकि जयपुर, उदयपुर और जोधपुर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के केंद्र बनें। इससे पर्यटन से सालाना 2 लाख करोड़ रुपये की आय संभव है। साथ ही, स्थानीय कारीगरों को जोड़कर हस्तशिल्प, ब्लू पॉटरी और मोतीकारी जैसे उत्पादों का निर्यात बढ़ाएं। कोविड के बाद पर्यटन में आई तेजी को बनाए रखने के लिए हेल्थ टूरिज्म और वेलनेस रिट्रीट भी विकसित करें।

नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान पहले से ही अग्रणी है। फालका और भादला सोलर पार्क विश्व के सबसे बड़े सोलर पार्कों में शुमार हैं, जो 2000 मेगावाट से अधिक ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। 2047 तक 1 लाख मेगावाट सोलर और विंड एनर्जी का लक्ष्य निर्धारित करें। ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट्स शुरू करके यूरोप और अमेरिका को निर्यात कर मुद्रा अर्जित करें। थार रेगिस्तान की सूर्यप्रकाश और हवा की अपार क्षमता का उपयोग कर राज्य को सनसाइन स्टेट से ग्रीन स्टेट में परिवर्तित करें। कार्बन न्यूट्रल गांव बनाकर जलवायु परिवर्तन से लड़ाई लड़ें। रिन्यूएबल एनर्जी से न केवल ऊर्जा सुरक्षा मिलेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार भी सृजित होंगे।

शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश भविष्य की कुंजी है। प्रत्येक स्कूल को स्मार्ट क्लासरूम से लैस करके 100 प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप, हॉस्टल और साइकिल वितरण योजनाएं चलाएं। आईआईटी जोधपुर, आईआईएम उदयपुर, एनआईटी जयपुर जैसे संस्थानों को मजबूत करें तथा नए आईआईटी और मेडिकल कॉलेज स्थापित करें। स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना को विस्तार दें, ताकि जीवन प्रत्याशा 77 वर्ष पहुंचे। टेलीमेडिसिन और मोबाइल हेल्थ वैन से दूरदराज के आदिवासी क्षेत्रों को कवर करें। महिलाओं की 60 प्रतिशत कार्यबल भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु कौशल विकास केंद्र खोलें, जहां डिजिटल लिटरेसी, नर्सिंग और आईटी कोर्स चलें।

स्मार्ट शहरीकरण राज्य के विकास का आधार बनेगा। जयपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में पूर्ण विकसित करें, जहां मेट्रो विस्तार, इलेक्ट्रिक बसें, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम हों। नई राजधानी के रूप में फलोदी या डूंगरपुर जैसे केंद्रीय स्थानों पर विचार करें, ताकि विकास संतुलित हो। ग्रामीण क्षेत्रों में 5जी नेटवर्क बिछाकर डिजिटल इंडिया को मजबूत करें। डिजिटल गवर्नेंस से भ्रष्टाचार रोकें तथा ई-ग्राम पंचायत से पारदर्शिता लाएं। पीएम गति शक्ति योजना से हाईवे, रेल और एक्सप्रेसवे का जाल बिछाएं।

युवाओं को विकास का केंद्र बनाएं। स्किल इंडिया के तहत 1 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित करें। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित कर ओलंपिक स्तर के खिलाड़ी तैयार करें। स्टार्टअप फंडिंग और मेंटरशिप से उद्यमिता को बढ़ावा दें। पर्यावरण संरक्षण के बिना विकास अधूरा है। अरावली पहाड़ियों को बचाएं, थार को ग्रीन जोन बनाएं तथा वन कवर को 20 प्रतिशत तक ले जाएं। वन्यजीव संरक्षण से बाघ, शेर और ब्लैकबक की संख्या बढ़ाएं। जलवायु अनुकूल फसलें उगाकर मरुस्थलीकरण रोकें।

सामाजिक सशक्तीकरण से सबका विकास सुनिश्चित करें। एससी/एसटी/ओबीसी को आरक्षण के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण दें। महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को मजबूत करें। गरीबी उन्मूलन हेतु डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर को पारदर्शी बनाएं। बजट 2025-26 में विकास पर फोकस रखें तथा वित्तीय अनुशासन बनाए रखें।

भविष्य का राजस्थान समृद्ध, हरा-भरा और समावेशी होगा। सही राह पर चलकर 2047 तक हम विश्व गुरु भारत का अभिन्न अंग बनेंगे। युवा ऊर्जा, सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर एकजुट होकर इस सपने को साकार करें। यह न केवल आर्थिक उन्नति लाएगा, बल्कि राजस्थान को नई पहचान देगा रेगिस्तान से उभरता नया राजस्थान, जो विश्व को प्रेरित करेगा।

**–अतिथि संपादक,**
**अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं कॉरपोरेट सलाहकार**

# जब सुरक्षा कवच ही बन जाए हथियार-तब जवाबदेह कौन?



सुनील दत्त गोयल

किसी भी सभ्य समाज में सुरक्षा का मतलब यह नहीं होता कि इंसान जवाबदेही से ऊपर हो जाए। सुरक्षा इसलिए दी जाती है ताकि व्यक्ति अपना कर्तव्य सही ढंग से निभा सके, न कि इसलिए कि वह कुछ भी करे और उस पर सवाल न उठे। लेकिन हकीकत यह है कि जैसे ही किसी को कोई विशेष आवरण मिल जाता है – चाहे वह ताकतवर गाड़ी हो, वर्दी हो, पद हो या कानून – कई बार उसके भीतर यह सोच घर कर जाती है कि अब उसे कोई रोक नहीं सकता। यहीं से दुरुपयोग की शुरुआत होती है। यह समस्या अचानक पैदा नहीं हुई है। यह धीरे-धीरे बनी है और आज खुलकर हमारे सामने खड़ी है।

आज सड़कों पर चल रही थार, स्कॉर्पियो, बोलेरो और इसी तरह की भारी गाड़ियाँ अब केवल वाहन नहीं रहीं। कई मामलों में वे ताकत दिखाने और दबदबा बनाने का जरिया बन चुकी हैं। इन गाड़ियों को खराब रास्तों, ग्रामीण इलाकों और कठिन परिस्थितियों के लिए डिज़ाइन किया गया था, न कि ट्रैफिक नियम तोड़ने या आम लोगों को डराने के लिए। लेकिन व्यवहार में तस्वीर उलटी दिखती है। इन गाड़ियों को चलाने के बाद कई लोगों को यह लगने लगता है कि वे बाकी लोगों से ज्यादा सुरक्षित हैं। नतीजा यह होता है कि ट्रैफिक नियमों की अनदेखी, तेज रफ्तार, गलत ओवरटेक और सड़क पर आक्रामक व्यवहार आम हो जाता है। सोच यह बन जाती है कि मेरी गाड़ी मजबूत है, मुझे कुछ नहीं होगा; सामने वाले को नुकसान होगा तो बाद में देखा जाएगा। यही सोच सड़क हादसों की असली वजह है। यह केवल ड्राइविंग स्किल की कमी नहीं, बल्कि सुरक्षा के घमंड से पैदा हुई लापरवाही है। जब कोई इंसान खुद को अजेय समझने लगता है, तो वह दूसरों की जान, मान और सम्मान की कीमत भूल जाता है।

**वर्दी और 'ऊपर होने' का एहसास**

यही मानसिकता जब वर्दी के साथ जुड़ जाती है, तो मामला और भी गंभीर हो जाता है। डॉक्टर, पुलिस, नर्स, वकील, सुरक्षा गार्ड जैसे पेशों को समाज इसलिए सम्मान देता है ताकि वे बिना डर और दबाव के अपनी जिम्मेदारी निभा सकें। लेकिन कई जगह वर्दी सेवा का प्रतीक नहीं, बल्कि दबाव और रौब का माध्यम बनती जा रही है। थानों में आम आदमी डर के साथ खड़ा होता है, अस्पतालों में मरीज खुद को मजबूर महसूस करता है और सरकारी दफ्तरों में नागरिक को यह अहसास दिलाया जाता है कि वह किसी एहसान के भरोसे खड़ा है। वर्दी का मकसद भरोसा पैदा करना है, डर नहीं। जब वर्दी इंसान को संवेदनशील बनाने के बजाय उसे ऊपर होने का एहसास देने लगे, तो वही वर्दी लोकतंत्र के लिए खतरा बन जाती है।

इसी सोच का सबसे गंभीर और संवेदनशील रूप एस सी/एस टी अत्याचार निवारण कानून के संदर्भ में सामने आता है। यह कानून दलित और आदिवासी समाज को भेदभाव और अत्याचार से बचाने के लिए बनाया गया था। लेकिन आज यह सवाल उठ रहा है कि क्या इसका इस्तेमाल उसी भावना से हो रहा है, जिसके लिए इसे बनाया गया था। समय के साथ यह सच्चाई सामने आई है कि कुछ मामलों में इस कानून का इस्तेमाल न्याय के लिए नहीं, बल्कि व्यक्तिगत बदले, दबाव और डर पैदा करने के लिए किया जा रहा है। कई लोग पूरी जिंदगी यह कहते हुए आगे बढ़ते हैं कि वे पिछड़े वर्ग से हैं और इसी आधार पर उन्हें सरकारी नौकरी, प्रमोशन और अन्य सुविधाएँ मिलती हैं। लेकिन रिटायरमेंट बाद या किसी निजी विवाद में वही कानून एक हथियार बन जाता है। किसी बहस में कही गई बात, किसी झगड़े में फिसली हुई जुबान या किसी मतभेद में शब्दों की गलत व्याख्या – और सीधा मामला दर्ज हो जाता है। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया शुरू होती है, जिसमें कई बार निर्दोष व्यक्ति वर्षों तक उलझा रहता है।

**इस दुरुपयोग का असली नुकसान**

इस तरह के मामलों का सबसे बड़ा नुकसान उन लोगों को होता है जो वास्तव में अत्याचार के शिकार हैं। जब कानून का गलत इस्तेमाल बढ़ता है, तो समाज धीरे-धीरे हर मामले को शक की नजर से देखने लगता है। इससे असली पीड़ित की बात भी कमजोर पड़ने लगती है।इस स्थिति के तीन बड़े परिणाम सामने आते हैं।पहला, निर्दोष लोग बेवजह कानूनी झंझट में फंसते हैं। दूसरा, वास्तविक पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी होती है।

तीसरा, कानून की साख और उस पर भरोसा कमजोर पड़ता है।जब कानून पर से भरोसा उठता है, तो पूरी न्याय व्यवस्था प्रभावित होती है।सुरक्षा कवच का मतलब ताकत नहीं, जिम्मेदारी होता है। इतिहास गवाह है कि जब सुरक्षा जवाबदेही से अलग हो जाती है, तब वह न्याय नहीं, बल्कि अन्याय का सबसे खतरनाक हथियार बन जाती है। एक मजबूत देश वही होता है जहाँ अधिकार और जिम्मेदारी साथ-साथ चलते हैं, और जहाँ कोई भी आवरण इंसान को कानून से ऊपर नहीं बनाता।

यह चिंता केवल समाज तक सीमित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट कई बार एस सी/एस टी कानून के दुरुपयोग पर संतुलन बनाने की बात कह चुका है। अदालतों ने स्पष्ट किया है कि कानून का उद्देश्य सुरक्षा देना है, न कि किसी को बेवजह फंसाना।

इसी क्रम में एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश की यह टिप्पणी सामने आई थी कि मेरे बच्चे पिछड़े नहीं हैं, फिर भी वे आरक्षण के लिए पात्र हैं। यह बयान किसी व्यक्ति पर नहीं, बल्कि व्यवस्था की जटिलताओं और विरोधाभासों पर सीधा सवाल है।

हाल ही में मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने भी स्पष्ट कहा कि अनुसूचित जातियों को मिलने वाले आरक्षण में क्रीमी लेयर को बाहर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे ओबीसी वर्ग में क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू है, वैसे ही यह सिद्धांत एस.सी. वर्ग में भी लागू होना चाहिए। उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान दृष्टिकोण का हवाला देते हुए कहा कि संविधान कोई जड़ दस्तावेज़ नहीं, बल्कि समय और समाज की ज़रूरतों के साथ बदलने वाला जीवंत ढांचा है, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर टिका है। उनका स्पष्ट कहना था कि एक आईएएस अधिकारी के बच्चों को गरीब खेत मजदूर के बच्चों के बराबर नहीं माना जा सकता।

एस सी/एस टी समुदाय की कृषि भूमि की बिक्री पर लगी रोक लगभग 50 वर्ष पुरानी है, जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के दौर में लागू किया गया था। उस समय उद्देश्य स्पष्ट था – एस सी / एस टी समुदाय की जमीन को बाहरी शोषण से बचाना।

लेकिन आज, पांच दशक बाद, इस कानून का असर कई जगह उलटा दिखाई देता है। पिछले 20-25 वर्षों में ज़मीनी सच्चाई यह है कि एस सी / एस टी भूमि का सबसे बड़ा खरीदार कोई बाहरी नहीं, बल्कि उसी समाज का आर्थिक और राजनीतिक रूप से मजबूत वर्ग है। गरीब किसान मजबूरी में जमीन बेचता है, जबकि खरीदने वाला वह व्यक्ति होता है जो सरकारी नौकरी में है, सिस्टम को समझता है और कानून का फायदा उठाना जानता है। बाद में वही जमीन कन्वर्ज़न, प्लॉटिंग और मोटे मुनाफे का जरिया बन जाती है।

यह अब इक्का-दुक्का मामला नहीं रहा, बल्कि एक संगठित प्रवृत्ति बन चुकी है। सबसे दर्दनाक बात यह है कि इस शोषण में कोई बाहरी नहीं, बल्कि उसी समाज के लोग शामिल हैं, जिनके पास पैसा, पद और सत्ता है। यानी कानून गरीब एस सी/एस टी को बचाने के लिए बना था, लेकिन व्यवहार में वही कानून उसे सबसे ज्यादा नुकसान पहुँचा रहा है।आज एस सी/एस टी समाज के भीतर भी साफ तौर पर दो वर्ग बन चुके हैं। एक छोटा वर्ग – आई ऐ एस , आई पी एस , प्रोफेसर, अफसर, बड़े कारोबारी और राजनीतिक रूप से जुड़े लोग। दूसरा बड़ा वर्ग – छोटे किसान, मजदूर और जमीन बेचने को मजबूर परिवार। पहला वर्ग कानून, आरक्षण और योजनाओं का पूरा लाभ उठाता है, जबकि दूसरा वर्ग आज भी कमजोर और असहाय बना हुआ है। यही क्रीमी लेयर की असली सच्चाई है।

एस सी/एस टी समाज के भीतर बढ़ती असमानता को लेकर यह बात अब केवल सामाजिक विमर्श तक सीमित नहीं रही है। स्वयं श्री किरोड़ी लाल मीणा जैसे वरिष्ठ नेताओं ने सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया है कि समझदार और जागरूक एस सी/एस टी वर्ग ने कानूनों और आरक्षण का लाभ उठाकर आर्थिक प्रगति कर ली है, जबकि समाज का बड़ा हिस्सा आज भी गरीब और पिछड़ा बना हुआ है। यह बयान इस सच्चाई की ओर इशारा करता है कि एस सी/एस टी समाज एक समान नहीं रहा और उसके भीतर भी एक संपन्न, शिक्षित और प्रभावशाली वर्ग उभर चुका है। जब यह स्वीकारोक्ति उसी समाज के प्रतिनिधि नेताओं की ओर से आती है, तो यह साफ हो जाता है कि क्रीमी लेयर की चर्चा किसी बाहरी एजेंडे का हिस्सा नहीं, बल्कि भीतर से उठी हुई चिंता है।

इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ (1992) में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आरक्षण का मकसद पिछड़ेपन को खत्म करना है, न कि उसे स्थायी बनाना।

जर्नैल सिंह बनाम लक्ष्मी नारायण गुप्ता (2018) के फैसले में कोर्ट ने स्पष्ट किया कि एस सी/एस टी समुदाय एक समान नहीं है और उसमें भी क्रीमी लेयर मौजूद है। सभी को एक ही तराजू में तौलना असमानता को बढ़ाता है।

पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रोहिंटन नरीमन की टिप्पणी भी इसी ओर इशारा करती है कि अगर बराबरी आ चुकी है, तो उसी व्यक्ति को बार-बार लाभ देना संविधान की समानता की भावना के खिलाफ है। नए यूजीसी नियमों में भी यह विरोधाभास साफ दिखाई देता है कि आरक्षण का लाभ सामाजिक पिछड़ेपन से अधिक कैटेगरी सर्टिफिकेट पर निर्भर होता जा रहा है।

आज कई ऐसे प्रोफेसर, शोधकर्ता और अधिकारी हैं जिनकी पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम में हुई, जिनके माता-पिता अधिकारी रहे और जिनके पास सामाजिक पूंजी है, फिर भी वे खुद को पिछड़ा साबित कर लेते हैं। वहीं उसी समाज का गरीब युवा आज भी वहीं खड़ा है, जहां वह दशकों पहले था। अमेरिका के सिविल राइट्स मूवमेंट ने यह सिखाया कि केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं होता। यह देखना भी जरूरी होता है कि कानून का फायदा वास्तव में किसे मिल रहा है और किसे नहीं। भारत में भी अब यही सवाल गंभीर रूप से उठ रहा है – क्या एस सी/एस टी कानूनों का लाभ वास्तव में कमजोर वर्ग तक पहुँच रहा है? अगर हम अमेरिका के सिविल राइट्स मूवमेंट को देखें, तो वहां भी हालात कुछ हद तक ऐसे ही थे। 1950-60 के दशक में अश्वेत नागरिकों के साथ खुले तौर पर भेदभाव होता था – शिक्षा, नौकरियों, बसों, स्कूलों और मतदान तक में। इसी अन्याय के खिलाफ एक लंबा और संगठित आंदोलन खड़ा हुआ, जिसकी अगुवाई मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं ने की। इस आंदोलन का उद्देश्य सिर्फ अधिकार मांगना नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि कानून का फायदा वास्तव में पीड़ित और वंचित तक पहुँचे।

इस आंदोलन के बाद अमेरिका में सिविल राइट्स एक्ट (1964) और वोटिंग राइट्स एक्ट (1965) जैसे कानून बने, जिनसे भेदभाव को कानूनी रूप से रोका गया। लेकिन कुछ वर्षों बाद वहां भी यह सवाल उठा कि क्या इन कानूनों और एफर्मेटिव एक्शन पॉलिसीज का लाभ सच में सबसे कमजोर वर्ग तक पहुँच रहा है, या फिर वही लाभ एक सीमित, संपन्न और शिक्षित वर्ग तक सिमटकर रह गया है। इसी आत्ममंथन के बाद अमेरिका में पॉलिसी रिव्यु, इनकम बेस्ड फिल्टर्स और पीरिऑडिक इवैल्यूएशन जैसी व्यवस्थाएँ लाई गईं, ताकि कानून स्थायी विशेषाधिकार न बन जाए, बल्कि वास्तविक समानता का साधन बना रहे।

भारत के लिए भी यही सबसे बड़ी सीख है। केवल कानून बना देना काफी नहीं होता। यह लगातार देखना जरूरी होता है कि कानून का लाभ किसे मिल रहा है और किसे नहीं। अगर किसी कानून से उसी वर्ग के भीतर नया असंतुलन पैदा हो रहा है, तो उस पर सवाल उठाना कानून-विरोध नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय को ज़िंदा रखने की कोशिश होती है।

सरकार से विनम्र लेकिन स्पष्ट अपील है कि लगभग 50 साल पुराने एस सी/एस टी भूमि कानून की गंभीर समीक्षा की जाए। गरीब एस सी/एस टी परिवारों को अपनी जमीन बेचने की वास्तविक आज़ादी मिले, क्रीमी लेयर की स्पष्ट पहचान की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि उसी समाज का ताकतवर वर्ग गरीबों का शोषण न कर सके। यह किसी के अधिकार छीनने की नहीं, बल्कि गरीब एस सी/एस टी के साथ न्याय की बात है।

**–रोटेरियन सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक, इम्पीरियल**
**चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**

# डिजिटल युग में सूचना और शिक्षा के प्रसार में रेडियो की भूमिका



राजेन्द्र जोशी

डिजिटल युग में सूचना और शिक्षा के प्रसार में रेडियो की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और स्पष्ट है। डिजिटल शिक्षा का लाभ, प्रौद्योगिकी का उपयोग समानता के सरोकारों को पर्याप्त रूप से संबोधित किया जाना चाहिए। प्रभावशाली प्रशिक्षण के लिए शिक्षकों को और अन्य अनुदेशकों को चयनित कर पहले से ही पारंपरिक कक्षाओं के लिए एक अच्छे रेडियो शिक्षक का चयन कर कक्षा रूपी रेडियो में अध्यापन कार्य किया जा सकता है। प्रभावशाली दूर दराज में कक्षाएं, साक्षरता अभियान और शैक्षणिक सुधार के लिए कारगर हुई है ,बल्कि कला, साहित्य और संस्कृति का प्रचार-प्रसार , सूचना-प्रसारण का एक सस्ता सुलभ और शक्तिशाली माध्यम वर्तमान डिजिटल युग में रेडियो की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है।

इंटरनेट के उपयोग को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन भारत जैसे दूर-दराज के क्षेत्र में आज भी बिजली और इंटरनेट सेवा का पहुंचना दुर्लभ प्रतीत होता हैं। परंतु रेडियो की उपलब्धता दुनिया भर में बनी हुई है।

रेडियो छात्रों के ज्ञान को बढ़ाकर, श्रोताओं को समय और स्थान के पार ले जाकर, वर्तमान घटनाओं से त्वरित अवगत कराते हुए मूल्यों और कल्पनाशीलता को विकसित करके और दृष्टिबाधित और धीमी गति से सीखने वाले छात्रों की सहायता करके शिक्षा को लाभ पहुंचाता है।

डिजिटल युग में भी रेडियो शिक्षा और सूचना प्रसार का एक सस्ता, सुलभ और शक्तिशाली माध्यम बना हुआ है। यह दूरदराज के ठाामीण क्षेत्रों, वंचित बच्चों और इंटरनेट रहित इलाकों तक शिक्षा और महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाता है। सामुदायिक रेडियो के माध्यम से यह स्थानीय भाषा में शिक्षा, समाचार और जागरूकता कार्यक्रम का प्रसारण कर रहा है।

डिजिटल युग में रेडियो की प्रमुख भूमिकाएं: सुदूर और वंचित क्षेत्रों में रेडियो दुर्गम और ग्रामीण इलाकों में, जहाँ इंटरनेट की पहुँच कम है, वहाँ शिक्षा के प्रसार में बहुत सहायक है।

यह सीखने का सबसे सस्ता माध्यम है, जिससे बड़ी संख्या में छात्र लाभान्वित हो सकते हैं। दूरस्थ शिक्षा, महामारी या किसी संकट के दौरान, रेडियो घर बैठे शिक्षा का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। सामुदायिक रेडियो, स्थानीय मुद्दों, जैसे खेती की जानकारी, स्वास्थ्य, और महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़ी जानकारी फैलाने में इसका बड़ा योगदान है।

डिजिटल एकीकरण, अब रेडियो केवल पारंपरिक नहीं है, बल्कि यह ऐप (जैसे) और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़कर 'रेडियो-टेक्स्ट' जैसे प्रयोगों के साथ नई तकनीक को अपना रहा है। यह भी सच है कि रेडियो ने आधुनिक समय में भी अपनी प्रासंगिकता को बनाए रखा है और यह शिक्षा के लोकतंत्रीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रेडियो दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाली आबादी तक कम लागत में शिक्षा पहुंचाता है रेडियो ने विश्व भर में वंचित ग्रामीण शिक्षार्थियों तक शिक्षा पहुंचाने में अपनी उत्कृष्ट क्षमता साबित की है। इस बात के व्यापक और पुख्ता प्रमाण मौजूद हैं ।

रेडियो के शैक्षिक प्रसारणों ने औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा के अलावा दूर शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान किया है।

भारतीय रेडियो के बदलते परिदृश्य का अन्वेषण करें तो एफएम से लेकर पॉडकास्ट, सामुदायिक स्टेशनों और डिजिटल विभाजन को पाटने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका तक रेडियो का शानदार उपयोग हुआ है। डिजिटल तकनीकें एक शक्तिशाली साधन हैं जो शिक्षा को कई तरह से बेहतर बनाने में मदद कर सकती हैं, जैसे कि शिक्षकों के लिए शिक्षण सामग्री तैयार करना, आसान बनाना और लोगों को सीखने और सहयोग करने के नए तरीके प्रदान करना।

प्रसारण: शैक्षिक रेडियो, इसका इतिहास और साक्षरता तथा शैक्षिक प्रौद्योगिकी पर यह तर्क दिया जा सकता है कि टेलीविजन और इंटरनेट जैसी अन्य तकनीकों को शिक्षा में शामिल करने का तरीका रेडियो द्वारा पहले से तैयार किए गए ढांचे पर आधारित था।

शिक्षा में जनसंचार माध्यमों की भूमिका: रेडियो, टीवी और फिल्में सीखने की ...

आज के डिजिटल युग में, शिक्षा अब कक्षाओं की चारदीवारी तक सीमित नहीं रह गई है। रेडियो, टीवी, फिल्में और समाचार पत्र जैसे जनसंचार माध्यम ज्ञान प्राप्ति का अभिन्न अंग बन गए हैं। शिक्षा में जनसंचार माध्यमों में सामुदायिक रेडियो प्रसारण की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। हालांकि इंटरनेट युग में, द्रुतगामी संचार साधन के रूप में मोबाईल फोन का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। यह प्रचलन, सामुदायिक रेडियो की लोकप्रियता को भी प्रभावित कर रहा है। अध्ययन के मुताबिक भारत में इंटरनेट क्रांति के दौर में सामुदायिक रेडियो प्रसारण की प्रासंगितकता बरकरार है।

रेडियो 20वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण जनसंचार माध्यमों में से एक है और आज भी सूचना, मनोरंजन और शिक्षा के प्रसार के लिए मौजूद है। जनसंचार माध्यमों के एक भाग के रूप में। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत ऑनलाइन और डिजिटल शिक्षा प्रौद्योगिकी का न्याय संबंध उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है लेकिन अगर इस पर हम विचार करें तो दूर दराज के क्षेत्र में रेडियो की उपलब्धता और सबसे सस्ते माध्यम के रूप में डिजिटल प्रौद्योगिकी के उद्भव और स्कूल से लेकर उच्चतर शिक्षा तक सभी स्थानों पर शिक्षण अधिगम के लिए रेडियो का महत्व देखते हुए यह पहल की जानी चाहिए।

डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर शिक्षण मंच और सामठाी निर्माण डिजिटल युग में रेडियो के माध्यम से प्रचार-प्रसार का बेहतर उपयोग किया जा सकता हैं।

यहां मैं स्पष्ट करना चाहूंगा की संपूर्ण साक्षरता अभियान के दौरान रेडियो लिटरेसी कार्यक्रम और विवेक दर्पण कार्यक्रम के माध्यम से साक्षरता के प्रचार प्रसार का बेहतर कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेडियो लिटरेसी के माध्यम से आखर गंगा प्रवेशिका का अध्ययन भी करवाया गया, जिसके बेहतर परिणाम हमे प्राप्त हुए।


डिजिटल अंतर को अगर कम करना है और जनसंख्या के सभी स्तर तक डिजिटल पहुंच बनानी है तो ऐसे में मौजूद जनसंचार माध्यम में रेडियो और सामुदायिक रेडियो का उपयोग टेलीकास्ट और प्रसारण के लिए बड़े पैमाने पर किया जाना चाहिए। नई शिक्षा नीति में भी यह बात कही गई है कि इस तरह के शैक्षिक कार्यक्रमों को छात्रों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न भाषाओं में 24/7 उपलब्ध कराया जा सकता है ।

रेडियो के माध्यम से सभी भारतीय भाषाओं में सामग्री पर विशेष ध्यान देकर एक विशेष कार्यक्रम के तहत जहां तक संभव हो शिक्षकों और छात्रों तक डिजिटल सामग्री, उनकी सीखने की भाषा में रेडियो के माध्यम से पहुंचाई जा सकती है। प्रत्येक समय में सूचना और शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन रेडियो हो सकता है। यहां यह भी बात है कि विश्व स्तर पर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, शैक्षिक डिजिटल कंटैंट सामग्री और क्षमता का निर्माण करने के लिए रेडियो एक समर्पित इकाई के रूप में हो सकती है। बड़ी जनसंख्या रेडियो के माध्यम में भरोसा और विश्वास होने और प्रबल होते सूचना की जानकारी विषय विशेषज्ञों के माध्यम से सटीक दी जा सकती है।

रेडियो का भरोसा डिजिटल युग में सबसे अधिक मूल्यांकित किया गया है ऐसे में डिजिटल युग में कुछ चुनौतियां जरूर हो सकती है जिन पर हमें विचार करना होगा।

**–राजेन्द्र जोशी, शिक्षाविद्-**
**साहित्यकार**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 14 फरवरी, 2026**

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र सायं 6:16 तक, सिद्धि योग रात्रि 3:18 तक, तैतिल करण सायं 4:02 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 12:47 से मकर राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-कुम्भ, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज शनि प्रदोष व्रत है और सेन्ट वेलेन्टाइन डे है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:32 से 9:55 तक, चर 12:42 से 2:04 तक, लाभ-अमृत 2:04 से 4:51 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:08, सूर्यास्त 6:14

**मेष**
परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज मित्रों/भाई-बंधुओं से वाद-विवाद होने का भय है।

**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**सिंह**
आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The Awakening Conscience

And did you notice the cat playing with the poor, helpless bird? I assure you the bird isn't having fun and instead, it is a detail intentionally placed

Nature's Chocolate Pudding Fruit

A Life Shaped by the Sea

# हरदीप पुरी पर शिकंजा कस कर मोदी सरकार को घेरने की नीति बनाई कांग्रेस ने

## एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने हरदीप पुरी से तुरंत त्याग पत्र देने की मांग की व कई सवाल पूछे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 फरवरी। कांग्रेस ने केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री हरदीप पुरी और कुख्यात यौन अपराधी जैफ्री एप्स्टीन से उनके संबंधों को लेकर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा कि उनके पास मंत्री बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है और उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

पार्टी ने सवाल उठाया कि वह बार-बार एपस्टीन से किसके कहने पर मिलते रहे।

कांग्रेस का आरोप है कि एप्स्टीन भारत की विदेश नीति को प्रभावित कर रहा था।

इसी मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी घेरते हुए कांग्रेस के पवन खेड़ा ने कहा कि मोदी के चेहरे और आंखों में डर साफ दिखाई दे रहा है।

- खेड़ा ने पूछा, केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी किसके कहने पर बार-बार बदनाम यौन अपराधी एप्स्टीन से मिल रहे थे और उसे किसका संदेश दे रहे थे।
- खेड़ा ने कहा, पुरी का यह दावा बेहद बचकाना है कि उन्हें नहीं पता था कि एप्स्टीन एक अपराधी है। खेड़ा ने कहा, पुरी कहते हैं कि वे सिर्फ एप्स्टीन से मिले थे, उसके किसी कृत्य में शामिल नहीं थे, लगता है पुरी को इसका पछतावा है।
- खेड़ा ने कहा, पुरी 2014 से 2016 के बीच एप्स्टीन से किस हैसियत से मिले, उस समय तो वे केन्द्रीय मंत्री नहीं थे, विदेश सेवा के रिटायर्ड अफसर मात्र थे, जब कि उस समय का एक भी राजदूत कभी भी एप्स्टीन से नहीं मिला।
- कांग्रेस ने यह आरोप भी लगाया कि जब भारत में ''डिजिटल इंडिया'' अभियान शुरु भी नहीं हुआ था, उस समय पुरी ने एप्स्टीन से उस अभियान पर चर्चा की थी।
- कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कुख्यात यौन अपराधी एप्स्टीन भारत की विदेश नीति में दखल दे रहा था। फिलीस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बार की भारत यात्रा पर उसे गुस्सा आया था, तो क्या उसकी नाराज़गी दूर करने के लिए ही प्रधानमंत्री इज़रायल गए थे?

कांग्रेस ने आज फिर दोहराया कि केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी के सेक्स अपराधी जैफ्री एप्स्टीन के साथ संबंधों को लेकर हुए बड़े खुलासों के बाद पुरी को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

आज यहां प्रेस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता और मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने इस मामले में अपने बचाव के लिए पुरी द्वारा दिए जा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लोकसभा की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित

नई दिल्ली, 13 फरवरी। लोकसभा में बजट सत्र का पहला चरण शुक्रवार को संपन्न हो गया। पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने सदन की कार्यवाही 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। अब बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा।

- बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरु होगा व 2 अप्रैल तक चलेगा।

लोकसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल के सदस्यों ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा किया। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने बताया कि औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को 12 फरवरी को राज्यसभा ने भी बिना किसी संशोधन के पारित कर दिया है। इससे पहले यह विधेयक लोकसभा में पारित हो चुका है। इसके बाद पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने सदन की कार्यवाही 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

# जीत मिलते ही बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के भारत के प्रति सुर बदले

## चुनावों के दौरान भारत के प्रति नरम रुख प्रदर्शित कर रहे नेताओं ने पुराने विवादों को उठाना शुरु कर दिया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 फरवरी। बांग्लादेश में हालिया आम चुनाव ने राजनीतिक परिदृश्य को झकझोर दिया है। एक दल प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में पहुंचा है और इसे व्यापक जनादेश मिला है।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देशव्यापी चुनाव में दो-तिहाई से अधिक सीटें जीत लीं। यह चुनाव उस छात्र आंदोलन के कुछ महीनों बाद हुआ है, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बेदखल कर दिया था। हसीना फिलहाल भारत में निर्वासन में हैं।

लेकिन यह नई जीत भी मानो ''नई बोतल में पुरानी शराब'' जैसी है। चुनाव जीतते ही पार्टी के नेता तारिक रहमान ने एक बार फिर शेख हसीना को मुकदमे का सामना करने के लिए बांग्लादेश को सौंपने की मांग दोहरा दी।

- बी एन पी ने भारत से शेख हसीना को सौंपने की मांग की, ताकि उन पर मुकदमा चलाया जा सके।
- भारत के लिए भले ही शेख हसीना अब एक बोझ बन गई हैं, पर भारत उन्हें बांग्लादेश को सौंप नहीं सकता, ऐसा करने से ना केवल बांग्लादेश को भारी कूटनीतिक बढ़त मिलेगी, बल्कि भारत की छवि भी खराब होगी, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि भारत अंतिम ''भरोसेमंद शरणस्थली'' है।
- बांग्लादेश ने नदी जल विवाद और सीमा विवाद जैसे पुराने मसले उठाए और वही पुराना राग अलापा कि उसके साथ बराबरी का व्यवहार किया जाए। सत्ता के करीब पहुंच चुकी बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के नेता जोर देकर कह रहे हैं कि भारत व बांग्लादेश को बराबरी के स्तर पर संवाद करना चाहिए।

मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार भी लगातार हसीना की स्वदेश वापसी की मांग करती रही थी। अंतरिम विदेश मंत्री ने भी कई बार यही माँग दोहरायी। भारत का रुख अब तक यही रहा है कि वह इन अनुरोधों की जांच कर रहा है।

यह मांग व्यावहारिक रूप से जटिल है। भारत के लिए यह संभव नहीं कि वह पूर्व प्रधानमंत्री को सीधे नई सरकार के हवाले कर दे और वे मुकदमों का सामना करें। बांग्लादेश के नेता भी इस यथार्थ से अनभिज्ञ नहीं हैं, लेकिन घरेलू राजनीतिक दबाव उन्हें यह मांग दोहराने के लिए बाध्य करता है।

यही वह पुराना गतिरोध है, जिसमें दोनों देशों के संबंध फंसे हुए हैं। हालांकि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री मोदी पर ट्रंप की टिप्पणी वाले वीडियो पर एक्शन होगा

## विदेश मंत्रालय ने कहा, अगर ऐसा वीडियो है, सच है या झूठ, उस पर उचित कार्यवाही होगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 फरवरी। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उस वीडियो से जुड़े सवालों का जवाब दिया, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप कथित तौर पर यह कहते सुने गए कि वे ''मोदी का पोलिटिकल करियर बर्बाद नहीं करना चाहते।''

ट्रंप की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा, मैंने वह वीडियो नहीं देखा है। लेकिन यदि वास्तव में ऐसा कोई वीडियो है, चाहे वह सही हो या गलत, हम उस पर उचित कार्वाई करेंगे।

- ज्ञातव्य है कि हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप मोदी के बारे में कह रहे हैं, ''मोदी एक महान व्यक्ति हैं, ट्रंप से प्यार करते हैं, मैं उनका राजनैतिक करियर बर्बाद नहीं करना चाहता।-- बताया जाता है कि उक्त प्रैस कॉन्फ्रैंस में ट्रंप के साथ एफ बी आई के डायरैक्टर भी थे।
- प्रैस कॉन्फ्रैंस में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि रूस के साथ हमारे रिश्ते मजबूत हैं और रहेंगे।
- उन्होंने, भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बताया कि अमेरिकन फैक्टशीट में संशोधन कर लिया गया है। ज्ञातव्य है कि ट्रेड डील पर अमेरिकी व भारतीय बयानों में अंतर था।

प्रवक्ता का यह बयान एफ.बी.आई. के डायरैक्टर के साथ ट्रंप की एक प्रेस कॉन्फ्रैंस की एक पुरानी क्लिप फिर से सामने आने के संदर्भ में आया है, जिसमें वे मोदी की तारीफ करते हुए कह रहे हैं कि ''मोदी एक महान व्यक्ति हैं, वे ट्रंप से प्यार करते हैं।'' उन्होंने ''प्यार'' शब्द की सावधानीपूर्वक व्याख्या करते हुए कहा कि ''इसे किसी और अर्थ में न लिया जाए।''

वीडियो में ट्रंप ने कहा, ''वे एक महान व्यक्ति हैं। मोदी एक महान व्यक्ति हैं, वे ट्रंप से प्यार करते हैं। अब, मुझे नहीं पता कि ''प्यार'' शब्द को आप किस तरह लेते हैं, मैं नहीं चाहता कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी किसान नेताओं से मिले

- जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 फरवरी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध करने तथा भारतीय किसानों और खेतिहार मज़दूरों के अधिकारों, आय और भविष्य की रक्षा के लिए देशव्यापी जन आंदोलन की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

- संसद परिसर में हुई इस मीटिंग में राहुल ने किसानों के साथ इंडो-अमेरिका ट्रेड डील पर वार्ता की।

किसान नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध करते हुए चेतावनी दी कि यह मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे की खेती करने वाले किसानों की आजीविका के लिए गंभीर खतरा प्रस्तुत करता है।

# बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री बनेंगे तारिक रहमान

## बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी ने कुल 350 सीटों में से अब तक 208 सीटें जीत ली हैं

- जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 फरवरी। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसके साथ ही, वे 35 वर्षों में इस पद को संभालने वाले पहले पुरुष बनेंगे।

देश में छात्र-नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्ता से बेदखली के वर्षों बाद, बीएनपी प्रचंड बहुमत की ओर बढ़ रही है।

''द डेली स्टार'' की रिपोर्ट के अनुसार, दोपहर 12:20 बजे तक बीएनपी और उसके सहयोगियों ने 208 सीटें जीत ली थीं, जबकि जमात-ए-इस्लामी और उसके सहयोगियों को 69 सीटें मिलीं।

- कट्टरपंथी और पाकिस्तान समर्थक पार्टी जमात व उसके सहयोगी मात्र 69 सीटें ही जीत पाए हैं।
- चुनावों की सब से खास बात, 7 महिला प्रत्याशियों की जीत रही। इनमें से 6 बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी की हैं और एक निर्दलीय है।
- बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने फिलहाल चुनाव नतीजों की घोषणा टाल दी है क्योंकि तीन सीटों में कुछ कानूनी मसले हैं।

प्रारंभिक परिणामों के अनुसार, तारिक रहमान ने ढाका-17 और बोगुरा-6, दोनों सीटों, जहाँ से उन्होंने चुनाव लड़ा था, से जीत दर्ज की।

बीएनपी ने बोगुरा-7 सीट भी जीती, जो 1991 से 2008 तक हर चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया जीतती रही थीं। 2014 में जब जिया ने इस सीट से चुनाव नहीं लड़ा था, तब यह सीट बीएनपी से छिन गई थी।

जहां जमात-ए-इस्लामी दूसरे स्थान पर काफी पीछे रही, वहीं इस्लामी पार्टी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने ढाका-15 सीट से जीत हासिल की।

खालिदा जिया का आखिरी प्रधानमंत्री कार्यकाल 2006 में समाप्त होने के 20 साल बाद बीएनपी दोबारा सत्ता में आई है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 2024 में हसीना सरकार को गिराने में अहम भूमिका निभाने वाले ऐक्टिविस्ट द्वारा गठित और जमात-नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने जिन 30 सीटों पर चुनाव लड़ा, उनमें से मात्र पांच पर जीत हासिल की है।

प्रोथम आलो की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक सात महिला उम्मीदवारों ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में जीत दर्ज की है। इनमें माणिकगंज-3 से बीएनपी की अफरोजा खानम रीता, सिलहट-2 से तहसीना रश्दिर लूना, नाटोर-1 से फरजाना शारमिन, फरीदपुर-2 से शमा ओबैद इस्लाम और फरीदपुर-3 से नायाब यूसुफ अहमद शामिल हैं। बीएनपी गठबंधन की उम्मीदवार इसरत सुल्ताना एलेन भुट्टो ने झालाकाठी-2 से जीत दर्ज की, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार रुमीन फरहाना ने ब्राह्मणबारिया-2 से विजय पाई।

''ढाका ट्रिब्यून'' के अनुसार, तीन सीटों में कानूनी कारणों के चलते,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री मोदी ने रहमान को बधाई दी

नई दिल्ली, 13 फ़रवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान से शुक्रवार को फोन पर बात की और उन्हें देश में हुए संसदीय चुनावों में जीत पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी साझा की और बताया कि उन्होंने बांग्लादेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के बीएनपी अध्यक्ष के प्रयासों को अपनी शुभकामनाएं और समर्थन दिया। साथ ही गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों वाले दो निकट पड़ोसी देशों के रूप में दोनों देशों की जनता की शांति, प्रगति और समृद्धि के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया।

# हाथियों ने झारखंड के गांव में 6 लोगों को कुचला

हजारीबाग, 13 फरवरी। झारखंड के हजारीबाग में गुरुवार देर रात हाथियों के झुंड ने छह लोगों को रौंद कर मार डाला। मृतकों में एक साल के बच्चे से लेकर 50 साल के ऊपर तक के लोग शामिल है। घटना अंगो थाना एवं चुरचू प्रखंड के गोंदवार गांव की है। घटना के वक्त सभी लोग अपने घरों में सो रहे थे। घटना गुरुवार रात एक से 1:30 के बीच की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पांच हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया। एक घर के गेट को भी उखाड़ दिया और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बांग्लादेश में बीएनपी की जीत के क्या मायने हैं भारत के लिए

## विपक्षी पार्टी बीएनपी के साथ भारत का पुराना अनुभव कुछ अच्छा नहीं रहा है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 फरवरी। बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) की प्रचंड जीत के बाद, भारत पर अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग नेता शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को लेकर दबाव और बढ़ने की संभावना है। साथ ही, नई दिल्ली के सामने बांग्लादेश के साथ रणनीतिक और कूटनीतिक संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती भी होगी। वरिष्ठ बीएनपी नेता सलाहुद्दीन अहमद के हवाले से कहा गया है, विदेश मंत्री पहले ही उनके प्रत्यर्पण का मामला उठा चुके हैं और हम भी इसका समर्थन करते हैं।

अतीत में बीएनपी के साथ भारत के संबंध पूरी तरह सहज नहीं रहे हैं। दो दशकों बाद सत्ता में लौटने जा रही पार्टी द्वारा ''बांग्लादेश फर्स्ट'' नीति अपनाने की संभावना है, जो पिछली अवामी लीग सरकार के भारत की ओर स्पष्ट झुकाव के विपरीत होगी। बीएनपी नेता और नामित प्रधानमंत्री तारिक रहमान पहले ही तीस्ता और पद्मा जल बंटवारे समझौतों पर कड़ा रुख दोहरा चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि उनकी सरकार बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) द्वारा सीमा पर की जाने वाली हत्याओं को रोकने के लिए ''कड़े कदम'' उठाएगी।

- विजेता बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान पहले ही कह चुके हैं कि वे ''बांग्लादेश फर्स्ट'' पर केन्द्रित नीति पर चलेंगे और सीमा विवाद तथा नदी जल बंटवारे पर कड़ी शर्तें लगाएंगें।
- पर, सबसे बड़ा मसला पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण का है, जो सत्ता से अपदस्थ किए जाने के बाद से भारत में निर्वासित जीवन बिता रही हैं।
- लेकिन एक बात जो भारत के पक्ष में है, वह यह कि मोहम्मद यूनुस व जमात-ए-इस्लामी का रुख ज्यादा भारत विरोधी है और बीएनपी के साथ भारत पहले डील कर चुका है तो यह अनुभव मददगार साबित होगा।

2001 से 2006 के बीच जब बीएनपी सत्ता में थी, तब दोनों देशों के संबंध सीमा सुरक्षा मुद्दों और इस आरोप के कारण तनावपूर्ण रहे कि भारत-विरोधी समूहों को बांग्लादेश में शरण मिली हुई थी। 2004 में चटगांव-सीयूएफएल जेट्टी पर दस ट्रक हथियार बरामद होने के बाद भारतीय एजेंसियों ने चिंता जताई थी। भारतीय एजेंसियों का कहना था कि ये हथियार पूर्वोत्तर में सक्रिय अलगाववादी समूहों के लिए थे। 2013 में भारत ने तारिक रहमान की कथित रूप से कट्टरपंथी नेटवर्क और आईएसआई से नजदीकी को लेकर भी चिंता जताई थी।

इसके बावजूद, बीएनपी की जीत संबंधों को फिर से सैट करने का अवसर भी प्रदान करती है। यदि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार पराजित न होती, तो दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ सकता था। नई दिल्ली ने अतीत में बीएनपी के साथ संवाद किया है, हालांकि संबंध पूरी तरह सहज नहीं रहे। इसके विपरीत, नई दिल्ली ने ''यूनुस सरकार के साथ आवश्यक सीमा से अधिक संवाद से परहेज'' किया था।

रिकॉर्ड के लिए, बीएनपी नेताओं की ओर से सकारात्मक संकेत भी मिले हैं। रहमान के करीबी सलाहकार महदी अमीन के हवाले से कहा गया है: निश्चित रूप से, कुछ मुद्दे हैं। लेकिन हर मुद्दा लोगों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करने का अवसर भी हो सकता है। हम आपसी विश्वास और हितों पर आधारित द्विपक्षीय संबंधों की कद्र करेंगे, ऐसे पारस्परिक संबंध, जो समानता, निष्पक्षता और न्याय के साथ दोनों देशों के लिये उपयोगी रहें।

# फिल्म निर्देशक विक्रम भट्ट को सुप्रीम कोर्ट में भी राहत नहीं मिली

उदयपुर, 13फरवरी (कासं)। फिल्म बनाने के नाम पर 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में बॉलीवुड डायरेक्टर विक्रम भट्ट की पत्नी श्वेताम्बरी भट्ट को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी, लेकिन विक्रम भट्ट को राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट में विक्रम भट्ट की ओर से एडवोकेट मुकुल रोहतगी और परिवादी डॉ. अजय मुर्डिया की ओर से एडवोकेट हर्ष सुराना ने पैरवी की। अब दोनों की नियमित जमानत पर अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी।

- विक्रम भट्ट व उनकी पत्नी पर फिल्म बनाने के नाम पर 30 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी का आरोप है।

परिवादी डॉ. अजय मुर्डिया के वकील मंजूर हुसैन ने बताया कि 31 जनवरी 2026 को राजस्थान हाईकोर्ट ने भट्ट दंपती की जमानत याचिका खारिज की थी। इसके बाद दंपती ने सुप्रीम कोर्ट जाकर नियमित जमानत के लिए स्पेशल लीव पिटिशन दायर की थी।

## संक्षिप्त

### साक्षरता-फाग पर नाचे लोक कलाकार

**दौसा।** साक्षरता अभियान के उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में शेष रहे असाक्षरों को साक्षर किए जाने हेतु प्रेरित करने के लिए गांव गांव ढाणी ढाणी लोक कलाकार पहुंच रहे हैं और आकर्षक कार्यक्रमों से लोगों में साक्षरता के प्रति रूझान पैदा कर रहे हैं इसी संदर्भ में जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी दौसा के निर्देशानुसार आव्हान संस्था के लोक कलाकार साक्षरता के एक से बढ़कर एक नुक्कड़ नाटक एवं कलाजत्था मंचों के माध्यम से लोगों से पढ़ने लिखने का अव्हान कर रहे हैं। उल्लास के वर्तमान फेज में महिला साक्षरता एवं डिजिटल लिटरेसी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज जीरोता की लुहारिया बस्ती में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर साक्षरता की फाग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### महाराजा सूरजमल का जन्मदिवस मनाया

**पावटा।** क्षेत्र में वीरता, पराक्रम और कुशल प्रशासन के प्रतीक महाराजा सूरजमल का जन्मदिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों ने उनकी प्रतिमा व चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान रामकरण राठी, निलेश चौधरी, जीतू राठी, महेंद्र माठ, विक्रम गिठाला, संदीप डूडी, महेश डूडी सहित वक्ताओं ने महाराजा सूरजमल के जीवन और उनके द्वारा समाज व राष्ट्र के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा सूरजमल न्यायप्रिय, दूरदर्शी एवं प्रजावत्सल शासक थे। उन्होंने अपने शासनकाल में समाज में समानता, भाईचारा और सुरक्षा का संदेश दिया।

### बैठक कल

**निवाई।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण छात्रावास में 15 फरवरी को सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सुबह 11 बजे महासभा के जिलाध्यक्ष बद्रीलाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। बैठक में टोंक जिला एवं निवाई तहसील की संयुक्त इकाइयों के पदाधिकारी एवं सदस्य भाग लेंगे। जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा व जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा ने बताया कि बैठक में छात्रावास परिसर में प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन सहित अन्य सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### सम्मेलन कल

**फुलेरा ।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को दोपहर 1.15 बजे फुलेरा की जोबनेर रोड़ स्थित मां मीरा गार्डन पर आयोजित होगा। जानकारी देते हुए जेपी ककरालिया ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मंत्री दिलीप चौधरी, आरएएस प्रभातीलाल जाट, जिला अध्यक्ष शंकर नारनोलिया, आरएलपी के वरिष्ठ नेता छुटन यादव सहित अन्य आरएलपी नेता भाग लेकर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। फुलेरा में आयोजित आरएलपी का कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक होने की सम्भावना जताई जा रही है, जिसमें आसपास के हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### योजनाओं की जानकारी दी

**दौसा।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद के अंतर्गत संचालित दीपक कलस्टर सगंठन कालोंता में 8 वीं आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें आस पास के गांवों की हजारों महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा कुण्डल मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर ने की। उन्होंने हाल ही राज्य सरकार द्वारा जारी बजट में लखपति दीदी ऋण योजना के बारे विस्तार से जानकारी दी गई और संभाग स्तर पर राजसखी मार्ट के बारे में महिलाओं को बताया कि राजस्थान ई-सखी पोर्टल सेमहिलाएं घर बैठे डिजिटल शिक्षा के जरिए डिजिटल युग से जुड़ सकती है। महिलाएं अपने मोबाइल फ़ोन में ई-सखी मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करके डिजिटल ट्रेनिंग के लिए आवेदन कर सकती हैं।

### हाजी सूफी बिस्मिल का उर्स आज

**मनोहरपूर।** हजरत शाह मोहम्मद उमर रजा रूही रह. के खलीफा ए खाश हजरत क़िब्ला आलम हाजी सूफी शाह मोहम्मद अब्दुल मजीद बिस्मिल रूही कातिल शकूरी रह. का सालाना 25 वा उर्स मुबारक आज 14 फरवरी 2026 शनिवार सूफी बिस्मिल चौक मोहल्ला नारवान खलील शाह दरगाह के पास सीकर शरीफ में बड़ी अकीदत से मनाया।

# बालिकाओं को शिक्षा से ही आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है : राधा पटेल

■ राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल ने महाविद्यालय के शैक्षिणक वातावरण एवं विकास कार्यों की सराहना करते हुये छात्राओं को स्वावलंबी बनने और शिक्षा के माध्यम से सशक्त होने का संदेश दिया। उन्होंने महाविद्यालय को हरसंभव सहयोग दिलाने का आष्वासन देते हुये स्टॉफ के प्रयासों की प्रशंसा की।

विशिष्ठ अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत ने एनएसएस द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के प्रयासों की सराहना करते हुये कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षित बेटियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशिष्ठ अतिथि भामाशाह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने छात्राओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का अव्हान किया तथा जीवन में अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। विशिष्ठ अतिथि मिथलेश पटेल ने स्वयंसेविकाओं को प्रेरित करते हुये कहा कि परिश्रम और सकारात्मक दृष्टिकोण से वे अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकती हैं और मजबूत राष्ट्र व सुखी परिवार की नींव रख सकती हैं। समारोह के दौरान वर्ष भर आयोजित गतिविधियों एवं विशेष शिविर में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली स्वयंसेविकाओं को सम्मानित किया गया।



समारोह में आयोजित गतिविधियों एवं विशेष शिविर में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वालो को सम्मानित किया।

विशेष शिविर में तीनों ईकाईयों से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली स्वयंसेविकायें क्रमशः मुस्कान, हेमलता यादव एवं मुस्कान यादव रहीं। द्वितीय स्थान पर लक्षिता, करिश्मा एवं ललिता रही। जबकि निधि, कोमल, दीक्षा, बिंदु, नेहा, वर्षा, खुशबू, निशा, तनु एवं धन्वंतरी ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुये सम्मान प्राप्त किया। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य प्रो. आर. पी. गुर्जर ने वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी साझा की एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जगराम गुर्जर ने शिविर के दौरान आयोजित विविध गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

डॉ. प्रिया एवं यामिनी यादव ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि मंच संचालन डॉ. विमल यादव ने किया। इस दौरान प्रो. भावना चौधरी, विषम्भर दयाल, प्रो. ओमप्रकाश कपूरिया, प्रो. चंद्र प्रभा, प्रो. प्रतिभा पोषवाल, प्रो. रितिका जैन सहित महाविद्यालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेविकायें उपस्थित रहीं।

## रोल ऑब्जर्वर नवीन जैन ने कार्यों की समीक्षा की

**कोटपूतली।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्तरों पर किये गये कार्यों की समीक्षा के लिये जयपुर संभाग पर नियुक्त रोल ऑब्जर्वर तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नवीन जैन प्रमुख शासन सचिव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित मतदाता सूचियां तैयार करने के लिये प्रत्येक अधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने नये मतदान केंद्रों के गठन, बीएलओ व बीएलए नियुक्ति, फॉर्म 6 व 7 के निस्तारण की स्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में अब तक हुई एसआईआर की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी एसआईआर के पूरे संचालन पर करीबी नजर रखेंगे, ताकि कोई पात्र मतदाता सूची से बाहर ना रह जायें और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल ना हो सके।

# आपसी समझाइश से जमीन मामले में दोनों पक्षकारों के बीच बनी आपसी सहमति

■ विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल तिजारा ने मेडिटेशन फार नेशन 2.0 अभियान के तहत पुराने जमीन विवाद मामले को आपसी सुलह से सुलझाया

**किशनगढ़ बास।** कोटकासिम क्षेत्र के गांव कतोपूर के दौ पक्षों के बीच वर्षो से चल रहे जमीन विवाद मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रनवीर सिंह के अत्यंत सक्रिय प्रयासों से पक्षकारों के बीच आपसी सुलह से विवाद समाप्त हुआ बल्कि दोनों पक्षकारों ने अपनी अपनी विवादित जमीन गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कतोपुर को दिए जाने की सहमति प्रदान की है।

यह आपसी समझौता सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरे देश में चलाए जा रहे विशेष मध्यस्थता अभियान "मेडिटेशन फार नेशन 2.0" के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल-तिजारा के प्रयासों से संभव हो सका है। साथ ही पक्षकारों की आपसी सहमति से गांव के सरकारी स्कूल को विधालय विकास के लिए भूमि निशुल्क मिली है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल तिजारा के सचिव रनवीर सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लम्बित पुराने मुकदमों का बोझ कम करना और पक्षकारों के बीच आपसी प्रेम व भाईचारे को पुनः स्थापित करना है। इसी कड़ी में प्राधिकरण मुख्यालय पर एक अत्यंत पुराने और जटिल कानूनी प्रकरण का निस्तारण आपसी राजीनामे के माध्यम से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है।

इस प्रकरण में गांव कतोपुर तहसील कोटकासिम के निवासी चेतराम, शादीराम धर्मेन्द्र और हरलाल ने न केवल अपने विवाद को समाप्त करने का निर्णय लिया बल्कि सामाजिक सरोकार की एक अद्भुत मिसाल भी पेश की है। इन सभी पक्षकारों ने "मेडिटेशन फार नेशन 2.0" की भावना को आत्मसात करते हुए अपनी-अपनी विवादित भूमि का स्वेच्छा से परित्याग करने की घोषणा करते इस भूमि को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कतोपुर को दिए जाने की सहमति दे दी। जिससे अब इस विद्यालय के विकास और विस्तार का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो गया है।

इस महत्वपूर्ण निस्तारण की प्रक्रिया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रनवीर सिंह ने अत्यंत सक्रिय भूमिका निभाई।

## फुटबाल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**पावटा।** पीएम श्री नवोदय विद्यालय पावटा में शुक्रवार प्रात 11:00 बजे भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित फुटबॉल फॉर स्कूल्स( एफ4 एस) योजना के तहत् फुटबाल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्राचार्य संजू जोशी ने बताया कि फीफा के सहयोग से प्राप्त फुटबालों का वितरण एक भव्य आयोजन के माध्यम से पावटा क्षेत्र के 25 विद्यालयों को आमंत्रित कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में सभी का स्वागत करते हुए प्रतिभागिता हेतु आभार जताया गया तथा हार्दिक अभिनंदन किया गया । कार्यक्रम के अंत में विजेता टीम को पुरस्कार दिया गया तथा पधारे हुए प्रत्येक विद्यालय के शिक्षकों व खिलाड़ियों को नियमानुसार फुटबाल का वितरण किया गया। प्राचार्य ने बताया कि यह कार्यक्रम जिले में सूचीबद्ध सभी विद्यालयों के लिए है, समयानुसार सभी को फुटबाल वितरण किये जायेंगे। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पावटा में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना की मांग

■ पावटा उपखण्ड क्षेत्र की जनता को न्याय के लिए जिला मुख्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें त्वरित न्याय मिल सकेगा

**पावटा।** क्षेत्र में न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ ने अपर जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना की मांग उठाई है। इस संबंध में पावटा अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने सांसद एवं विधायक को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में न्यायालय स्थापित कराने की मांग की। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव ने कहा कि जिला कोटपूतली-बहरोड़ मुख्यालय पर पहले से ही जिला एवं सत्र न्यायालय के साथ चार अन्य अपर जिला एवं सत्र न्यायालय संचालित हैं। यदि इनमें से अपर जिला एवं सत्र न्यायालय क्रम संख्या 4 का मुख्यालय पावटा कर दिया जाता है, तो पावटा उपखण्ड क्षेत्र की जनता को न्याय के लिए जिला मुख्यालय तक नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें त्वरित न्याय मिल सकेगा।आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए दूर-दराज के न्यायालयों में जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। कई बार आमजन को लंबी दूरी तय करने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



अभिभाषक संघ ने सांसद व विधायक को ज्ञापन सौंपा ।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या और न्यायिक मामलों की संख्या को देखते हुए पावटा में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना अत्यंत आवश्यक हो गई है। न्यायालय स्थापित होने से क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर न्याय मिल सकेगा तथा न्यायिक कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि इस मांग को पूरा करने के लिए राज्य सरकार को न तो नया न्यायाधीश नियुक्त करना होगा और न ही अतिरिक्त स्टाफ या अलग से बजट की आवश्यकता पड़ेगी। केवल न्यायालय का मुख्यालय परिवर्तन करने से ही यह व्यवस्था संभव हो सकती है। एडवोकेट रामनिवास यादव ने बताया कि कोटपूतली- बहरोड़ मुख्यालय पर लंबित सिविल, फौजदारी एवं अपीलीय मामलों में लगभग 40 प्रतिशत मामले पावटा उपखण्ड क्षेत्र से संबंधित हैं। ऐसे में पावटा में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय स्थापित होना न्याय हित में अत्यंत आवश्यक है।

## मंदिरों में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार, चांदी के छत्र व मुकुट बरामद

**सांभरझील, ( निसं)।** रेनवाल पुलिस ने अनेक मंदिरों से चांदी के छत्र व मुकुट चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी श्रीमती नरेश कंवर ने बताया कि ग्राम नांदरी के सीतारामजी मन्दिर, महामाया मन्दिर हरूकाबास, रघुनाथजी मन्दिर करणसर से चांदी के छत्र व मुकुट चोरी के मामले में प्रताप सिंह पुत्र हरिसिह राजपूत निवासी राजपुत मोहल्ला नान्दरी हाल सदस्य मन्दिर विकास समिति सीता मन्दिर नान्दरी ने रिपोर्ट में कहा था कि 14 जनवरी को गांव नान्दरी मे श्री सीताराम जी मन्दिर नान्दरी मे चांदी के दो छत्र किसी अज्ञात चोर ने चुरा लिए जिसका मालुम पुजारी को प्रातः आरती करते समय मालुम चला व परिवादी भगवान सहाय पुत्र गुल्लाराम जाति बलाई निवासी हरूका बास थाना रेनवाल ने रिपोर्ट लिखाई थी कि गांव हरूका बास में महामाया मन्दिर में श्रद्धालुओ द्वारा भेट किये गये लगभग 30-35 छत्र माताजी की मुर्ति के पास रखे हुए हुए थे जिनमें से 8 छात्र कोई चोरी करके ले गया है। मन्दिर का सीसीटीवी कैमरा चैक किया तो एक नकाबपोश औरत चोरी करती दिखी। इसी प्रकार परिवादी पालावत शक्ति सिंह पुत्र महिपाल सिंह जाति चारण निवासी किशनपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करवायी कि करणसर के पीएनबी बैंक के सामने रघुनाथ जी के मन्दिर में 31जनवरी को किसी आपराधिक महिला द्वारा भगवान रघुनाथ मन्दिर मे घुसकर माता जी का छत्र व बालाजी का मुकुट व एक गर्म पानी की राड़ को चोरी कर लिया है जो कि मन्दिर के सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस थाना रेनवाल ने पृथक पृथक तीन प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया।

आरोपियों की पहचान कर आरोपी राजवीर पुत्र धन्ना जाति मीणा उम्र 28 साल निवासी दादिया रामपुरा पुलिस थाना रींगस जिला सीकर व रोशनी देवी पत्नी गोरी शंकर उम्र 40 साल जाति बलाई निवासी बगडी नांगल रींगस जिला सीकर हाल किरायेदार भड़भुजों की ढाणी रींगस सीकर को दांतारामगढ सीकर से डिटेन कर अनुसंधान किया तो आरोपियों ने तीनों जगह मंदिरों से चोरी करना स्वीकार किया है जिस पर दोनों को गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपियों के कब्जे से महामाया मन्दिर हरूकाबास से चोरी किये गये 4 चांदी के छत्र, रघुनाथजी मन्दिर करणसर से चोरी किये गये 01 चांदी का छत्र, 01 चांदी का मुकुट व 01 गर्म पानी करने की राड व सीतारामजी मन्दिर नान्दरी से चोरी किये गये 2 चांदी के छत्र बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

# जल अर्पण दिवस पर छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर पेयजल संरक्षण का संदेश दिया

■ स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम में रैली का आयोजन कर जेजेएम के तहत निर्मित किए गए पम्प हाउस, टंकी एवं जल स्त्रोतों के प्रति गांव वालों में मालिकाना हक से सम्बंधित नारे लगाए

**दौसा।** जल जीवन मिशन के तहत निर्मित की गई पेयजल योजनाओं में समुदाय की भागीदारी सुनिष्चित करने के लिए जिले के ग्राम पीपल्या-चैनपुरा व जगनेर-तुरकान ग्राम पंचायतों में जलदाय विभाग द्वारा जल अर्पण दिवस आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम में रैली का आयोजन कर जेजेएम के तहत निर्मित किए गए पम्प हाउस, टंकी एवं जल स्त्रोतों के प्रति गांव वालों में मालिकाना हक से सम्बंधित नारे लगाए गए और पेयजल संरक्षण का संदेष दिया। इस दैरान ग्राम की महिलाओं और स्कूली छात्राओं ने रंगोली बनाई गई। जल अर्पण दिवस के दौरान जल स्वागत गीत का गायन किया गया। दौसा ग्रामीण सहायक अभियंता तेजसिंह मीना एवं सहायक अभियंता जालिन्धर मीना एवं रतनसिंह मीना ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों को जेजेएम पेयजल योजनाओं को हस्तांतरण किया गया और जल शपथ दिलवाई गई।





ग्राम पीपल्या-चैनपुरा व जगनेर-तुरकान ग्राम पंचायतों में जलदाय विभाग द्वारा जल अर्पण दिवस आयोजित किया।

कार्यक्रम के दौरान विभाग के एचआरडी डॉ. राजकुमारसिंह व भूजल वैज्ञानिक दिनेषसिंह सांखला ने उपस्थित ग्रामवासियों और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों को पेयजल संरक्षण, पेयजल गुणवत्ता, जल स्त्रोत रखरखाव इत्यादी के आरे में विस्तार से बताया। वहीं सहायक अभियंता तेजसिंह मीना एवं सहायक अभियंता जालिन्धर मीना एवं रतनसिंह मीना ने पेयजल योजना के तहत निर्मित की परिसम्पत्तियों की जानकारी उपलब्ध करवाते हुए सम्बंधित ग्राम विकास अधिकारी को योजना से सम्बंधित दस्तावेजों का भी हस्तांतरण किया। आयोजित कार्यक्रम में जलदाय विभाग के पेयजल गुणवत्ता प्रयोगषाला कें रवि कुमार शर्मा द्वारा एफटीके द्वारा पेयजल गुणवत्ता जांच करने और उन्हें भारत सरकार के वेव पोर्टल पर अपलोड करने का भी प्रषिक्षण दिया। शर्मा ने बताया कि आपके द्वारा अपलोड किए गए जल नमूनों के परीक्षण भारत सरकार द्वारा मोनिटर किए जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान बनवरीलाल मीना सरंपच ग्राम पंचायत पीपल्या चैनपुरा, सरंपच जगनेर तुरकान, प्रधानाचार्य राजेन्द्रप्रसाद मीना, वरिष्ठ अध्यापक विनोद कुमार मीना, एएनएम, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

## आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के मंगल प्रवेश में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य प्रसन्न सागर महाराज का निवाई नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया क आचार्य ससंघ का मंगल जुलुस जमात में स्थित वर्धमान सर्विस सेंटर से गाजे बाजे के साथ रवाना होकर जमात, राधा दामोदर सर्किल, कुण्डो के पास शकुंतला देवी, लालचंद, विपुल कुमार जैन कठमाणा द्वारा पाद् प्रक्षालन एवं पुष्प वर्षा करके स्वागत किया एवं आरती करके अगुवानी की। आचार्य के स्वागत सत्कार में जगह जगह स्वागत तोरण द्वार लगाएं गए। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह चरण प्रक्षालन एवं आरती कर स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि मंगल प्रवेश जुलुस दामोदर सर्किल से रवाना होकर पुलिस थाना होते हुए पारसनाथ उद्यान नसिंया जैन मंदिर पंहुचा। जहाँ आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने मूलनायक भगवान शांतिनाथ के दर्शन करके पूजा अर्चना की।

## सार-समाचार

### पूर्व प्रधान बारेठ के अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग



**किशनगढ़ बास।** पंचायत समिति किशनगढ़ बास की पूर्व प्रधान नंदा देवी बारेठ का शुक्रवार अल सुबह करीब 4 बजे अलवर में आकस्मिक निधन हो गया। अलवर निवास से उन्हें किशनगढ़ बास स्थित मकान पर लाया गया। अंतिम संस्कार पैतृक गांव माहूद में किया गया। पूर्व प्रधान बारेठ पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रही थीं। स्वास्थ्य खराबी के चलते वे अपने पति सूर्यदेव सिंह बारेठ के साथ अलवर में छोटे पुत्र संजीव बारेठ के शालीमार निवास पर रह रही थीं, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। बारेठ के निधन की खबर मिलने पर बारेठ मार्केट की दुकाने शोक में बंद रखी एवं अभिभाषक संघ की ओर से वर्क सस्पेंड कर कार्य स्थगित किया। किशनगढ़ बास बारेठ निवास से शव यात्रा दोपहर करीब 2 बजे रवाना होकर पति सूर्यदेव सिंह बारेठ के पैतृक गांव माहूद के स्वर्ग आश्रम पहुची वहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में कांग्रेस जिला अध्यक्ष बलराम यादव, किशनगढ़ बास अभिभाषक संघ पूर्व अध्यक्ष अमित गौड़, मुंडावर पूर्व प्रधान रोहतास चौधरी, पूर्व सरपंच मोठूका कल्लू मल लखयाणी , किशनगढ़ बास पूर्व सरपंच जनेश भूटानी, सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, वकील, डॉक्टर, मीडिया कर्मी व गांव के लोग शामिल हुए।

### पुलिस थाना फुलेरा का साइबर अपराधियों पर बड़ा प्रहार

**फुलेरा।** फुलेरा थाना पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 करोड़ 53 लाख 47 हजार 146 रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले चार शातिर साइबर आरोपीयों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। फुलेरा थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि आरोपियों ने एसबीआई बैंक फुलेरा में सांवरिया फैशन हब, अनु विहार कॉलोनी जोबनेर रोड, फुलेरा के नाम से चालू खाता खुलवाकर देश के विभिन्न राज्यों में साइबर फ्रॉड को अंजाम दिया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार साइबर फ्रॉड के मामलों में सख्त कार्रवाई के तहत यह ऑपरेशन चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। म्यूल अकाउंट व पोस सिम अभियान के तहत फुलेरा थाने के एएसआई कमलवीर ने एसबीआई बैंक शाखा फुलेरा में खाते की जांच की गई। भारत सरकार के समन्वय पोर्टल पर सर्च में इस खाते के खिलाफ 9 शिकायतें दर्ज पाई गईं, जिनमें कुल 5 करोड़ 53 लाख 47 हजार 146 रुपए का साइबर फ्रॉड सामने आया। खाता की जांच करने पर सांवरिया फैशन हब के नाम से खुला पाया गया और उससे जुड़े मोबाइल नंबर का उपयोग ठगी में किया गया।

### संविदा स्वास्थ्य मार्गदर्शकों ने किया कार्य बहिष्कार का ऐलान

**फुलेरा।** राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां संविदा स्वास्थ्य मार्गदर्शकों ने अपनी मांगों को लेकर शनिवार 14 फरवरी से कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। इस फैसले से आमजन को मिलने वाली स्वास्थ्य योजनाओं पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। फुलेरा में आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य मार्गदर्शकों ने अपनी मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कार्य बहिष्कार शुरू करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों का कहना है कि वह वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि हाल ही में प्रस्तुत बजट में भी उनके हितों को नजरअंदाज किया गया है। उनका कहना है कि वह सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन उन्हें एमआरएमएस जैसी एजेंसियों के माध्यम से कार्य करवाया जा रहा है, जिससे स्थायित्व और सेवा सुरक्षा नहीं मिल पा रही। इसी मामले को लेकर उपजिला चिकित्सालय फुलेरा से जुड़े स्वास्थ्य मार्गदर्शक संदीप मैसी ने उपजिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. धर्मेंद्र भामू को पत्र लिखकर कर्मचारियों की समस्याओं और कार्य बहिष्कार की सूचना दी है।

### आरोग्य मेले का शुभारंभ

**टोंक।** संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का शुभारंभ शुक्रवार को जिला मुख्यालय के गांधी खेल मैदान में पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के कर कमलों से हुआ। सभी अतिथियों ने मेले में आयुर्वेद,योग, प्राकृतिक चिकित्सा,यूनानी सिद्धा एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया। साथ ही चिकित्सकों द्वारा मेले में दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली। इस दौरान भगवान धन्वंतरी एवं महर्षि चरक की तस्वीर पर द्वीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई।आयुर्वेद विभाग के अधिकारियों ने अतिथियों का माला व दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आयुष चिकित्सा के विकास के लिए बुनियादी ढांचे का उन्नयन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नये चिकित्सा संस्थानों की स्थापना, औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिले

**दौसा।** ग्राम पंचायत कालोता के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुम्हारों की ढाणी में शुक्रवार को भामाशाह धर्मेंद्र चेची डीपी ने स्थानीय विद्यालय के बालक बालिकाओं को बैंग, डायरी, पेन, रुल, रबर, सोफ्लेन आदि का वितरण किया। जिससे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय लक्ष्मी जागा ने कहा कि शिक्षा में दिया गया दान व्यर्थ नहीं जाता, शिक्षा दान सबसे बड़ा दान है। अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि आप स्कूल में बच्चों को नियमित रूप से साफ सफाई व अनुशासन के साथ भेजें जिससे उनका भविष्य सुधर जाएगा। अध्यापक अशोक कुमार सैनी ने कहा कि बालक बालिकाओं का भविष्य सुधारने से कई परिवारों का शिक्षा के ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। भामाशाह धर्मेंद्र चेची ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। इस दौरान महावीर रैशवाल, कालूराम प्रजापत, सोमोती लाल, गोलू, मनोहर लाल, हीरालाल आदि मौजूद थे।

### ब्रेक फेल होने से ट्रेलर चढा डिवाइडर पर

**टोंक।** निवाई थाना क्षैत्र स्थित जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे पर बुधवार शाम को रिलायंस पेट्रोल पंप के पास टोंक से जयपुर जा रहे एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। इस दौरान कोई अन्य वाहन इसकी चपेट में नहीं आने कोई जनहानि नही हुई, लेकिन ट्रेलर चालक घटना में घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना ट्रेलर के ब्रेक फेल हो जाने के अनियंत्रणित होकर सीधे डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा पुलिसकर्मियों ने यातायात को नियंत्रित किया और क्रेन की मदद से ट्रेलर को डिवाइडर से हटाकर सड़क किनारे खड़ा करवाया। बाद में ट्रेलर के हटाये जाने के बाद यातायात सुचारु चालू कर दिया गया। हादसे में ट्रेलर चालक को चोटें आई हैं, जहां पुलिस ने वाहन को जब्त कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

### अव्यवस्थित पार्किंग से वाहन चालक व राहगीर हो रहे परेशान

**पावटा।** क्षेत्र में रोजाना लग रहे ट्रैफिक जाम ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग 48 की सर्विस लाइनों पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों और वाहनों की अवैध पार्किंग ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोगों को कुछ मिनट का सफर तय करने में आधा-आधा घंटा तक लग रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सर्विस लाइनों को सुगम यातायात के लिए बनाया गया था, लेकिन अब ये पार्किंग स्थल में तब्दील हो चुकी हैं। दुकानों के बाहर, ढाबों, शोरूम और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने वाहन खड़े रहने से रास्ता संकरा हो गया है, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सुबह स्कूल, कॉलेज और कार्यालय समय में तथा बाजार खुलने के दौरान जाम की समस्या विकराल रूप ले लेती है। कई बार एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी जाम में फंसना पड़ता है, जिससे मरीजों की जान तक जोखिम में पड़ जाती है।

# राजस्थान विधानसभा में चोर-डाकू की टिप्पणियों से काफी हंगामा मचा

## बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने भाजपा को कांग्रेस के नेता चुराने वाला बताया तो सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने भी कांग्रेस को ''डाकू'' कह दिया

-विधानसभा संवाददाता-

- **दोनों विधायकों की इन टिप्पणियों से सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नोंकझोंक हुई, हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही भी कुछ देर बाधित रही**
- **गोपाल शर्मा ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि ''मेरे पास कांग्रेस राज के 8 लाख करोड़ के घोटाले का ब्यौरा है, इसे मैं साथ लेकर आया हूं। एक पूर्व मंत्री को जेल भेज दिया तो दूसरे पूर्व मंत्री को क्यों छोड़ दिया? वो छाती ठोक ठोककर कहते हैं हिम्मत है तो जेल भेजो।''**

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस-भाजपा विधायकों ने एक-दूसरे की पार्टियों को चोर और डाकू बताकर टिप्पणियां की तो सदन में हंगामा मच गया।

शुक्रवार को बजट पर बहस के दौरान विधायक हरिमोहन शर्मा ने भाजपा को कांग्रेस के नेता चुराने वाला बताया तो सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कांग्रेस पार्टी को डाकू बता दिया। दोनों विधायकों की इन टिप्पणियों से सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नोंकझोंक हुई। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही भी कुछ देर बाधित रही। हालांकि बाद में आसन में दोनों पक्षों से समझाइश कर मामला शांत करवाया।

दरअसल शुक्रवार को बजट पर बहस के दौरान सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि ''राजस्थान को गाडगिल फॉर्मूले में लाने वाले प्रणब मुखर्जी थे, जिनकी कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आपने निंदा की थी।'' गोपाल शर्मा की चर्चा के दौरान बूंदी से कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने खडत्रे हो गए और उन्होंने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि ''आप कांग्रेस-नेता चोर हो, मतलब कांग्रेस के नेताओं को ही चुरा लेते हो।''

इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि, ''यह रिकॉर्ड में जाना चाहिए, आप कह रहे हो कांग्रेस नेता चोर है।'' जिस पर गोपाल शर्मा ने कहा कि ''कांग्रेस नेता चोर नहीं, डाकू है।'' गोपाल शर्मा की इस टिप्पणी से सदन में हंगामा मच गया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने एक-दूसरे पर टीका-टिप्पणियां करते हुए नोंकझोंक शुरू कर दी। इसी बीच गोपाल शर्मा ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि ''मेरे पास कांग्रेस राज के 8 लाख करोड़ के घोटाले का ब्यौरा है, इसे मैं साथ लेकर आया हूं। एक पूर्व मंत्री को जेल भेज दिया तो दूसरे पूर्व मंत्री को क्यों छोड़ दिया? वो छाती ठोक ठोककर कहते हैं हिम्मत है तो जेल भेजो।''

इस पूरे घटनाक्रम और बयानबाजी के कारण सदन की कार्यवाही भी कुछ देर तक बाधित रही। बाद में आसन ने दोनों पक्षों से समझाइश करते हुए मामला शांत कराया। देर शाम सदन की कार्यवाही 16 फरवरी को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## 'गहलोत राज में डोटासरा के शिक्षा मंत्री रहते 19 बार पेपरलीक हुआ था'

**जयपुर** (विसं)। विधानसभा में बजट बहस के दौरान भाजपा विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर निशाना साधा।

जीनगर ने कहा कि भजनलाल सरकार का बजट प्रदेश को दिशा देने वाला है, डोटासरा इस पर सवाल उठा रहे थे। डोटासरा जब शिक्षा मंत्री थे तो शिक्षकों के सम्मेलन में तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत ने पूछा था कि क्या तबादलों में भ्रष्टाचार होता है तो शिक्षकों ने कहा था होता है, पैसा देना पड़ता है। डोटासरा ने शिक्षा मंत्री रहते अपने रिश्तेदारों को आरएएस में पास करवाया, चहेतों को नंबर दिलवाए। जिसके शिक्षा मंत्री रहते 19 बार पेपर लीक हुए वो आज नतीजों की बात कर रहे है। उस समय रिश्तेदारों को लिखित में कम अंक होने के बावजूद आरएएस के इंटरव्यू में ज्यादा नंबर दिलवाए।

जीनगर ने कहा कि गहलोत प्रदेश के भविष्य की चिंता की बात कर रहे थे। गहलोत 3 बार सीएम रह गए, तब तो जनता का भविष्य नहीं देखा। गहलोत ने सरकार में रहते अपने चहेतों, मंत्रियों की चिंता की। जनता की चिंता की होती तो विपक्ष में नहीं बैठते। लोग कोरोना में मर रहे थे, उस वक्त सरकार बचाने होटलों में बंद थे। लोग कोरोना में मर रहे थे और ये होटलों में मजे कर रहे थे।

## 'ब्लास्टिंग से चित्तौडगढ़ किले में दरारें पड़ रही'

**जयपुर**। विधानसभा में बजट बहस के दौरान शुक्रवार को भाजपा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि उद्योगों की ब्लास्टिंग के कारण चित्तौड़गढ़ दुर्ग में दरारें पड़ रही है। राजस्थान अपनी संस्कृति, इतिहास और गौरवशाली परंपराओं के कारण जाना जाता है। हर शहर की अपनी पहचान होती है, उस पहचान को कायम रखना होगा। विश्वराज सिंह ने कहा कि अरावली को बचाने के लिए प्रयास करने होंगे। अवैध खनन पर रोक लगानी होगी। नाथद्वारा में अनेक मगरे काटे जा रहे हैं, अवैध खान की जांच होनी चाहिए। हमें पर्यावरण को लेकर सोच बदलनी होगी। पर्यावरण हमें संभालता है।

## सार-समाचार

### 66वीं कला प्रदर्शनी का उद्घाटन



**जयपुर**। अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला-साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग प्रवीण गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित अकादमी संकुल में 66वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। साथ ही पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया। राजस्थान ललित कला अकादमी की प्रशासक एवं जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने कहा कि हाल ही में राज्य सरकार ने ''मेरा गांव मेरी धरोहर'' पोर्टल शुरू किया है। गाँव का व्यक्ति अपने क्षेत्र की कला धरोहर को इस पर अपलोड कर सकता है। पूरी दुनिया पर्यटन, कला संस्कृति का अनुभव करना चाहती है। आज कला और कलाकारों के लिए बेहतरीन अवसर हैं। आज के पुरस्कार वितरण समारोह में जिन 9 कलाकारों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया है, उन्हें हार्दिक बधाई। राजस्थान ललित कला अकादमी की प्रशासक एवं जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम ने कहा कि युवाओं को कला से जोड़कर ही देश का भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। इस तरह की प्रदर्शनी में कलाकारों को अधिक से अधिक सहभागिता करनी चाहिए। कला संस्कृति के क्षेत्र में राजस्थान जैसा कोई प्रदेश नहीं है। अकादमी संकुल में आयोजित 66वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी के उद्घाटन के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह में रमेश कुमार सैनी, विकास कुमार मिरोठा, जयन्त शर्मा, श्वेता नैना, मोहनलाल चौधरी, उर्मिला शर्मा, धीरज बलिहारा, करूणा, शिवपाल कुमावत को 25-25 हजार रूपये नकद, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्या सागर उपाध्याय, नाथूलाल वर्मा, महावीर भारती सहित कला जगत की कई हस्तियां भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन गौरव शर्मा ने किया। राजस्थान ललित कला अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि यह कला प्रदर्शनी 13 से 19 फरवरी तक दर्शकों के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

### राज्यपाल के हाथों नीरज जैन सम्मानित




**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के मुख्य आतिथ्य में जगतपुरा स्थित स्काउट गाइड के राज्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में प्रदेश स्काउट गाइड संगठन के जनसंपर्क प्रभारी एवं विभागीय मासिक पत्रिका के सहायक संपादक नीरज जैन को मेडल ऑफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में पंचायत राज मंत्री अध्यक्ष रहे, जबकि विधायक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य के मार्गदर्शन एवं राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। अंत में डॉ. अखिल शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। नीरज जैन ने सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे गर्व का क्षण बताया और अवार्ड समिति तथा राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य के प्रति आभार जताया।

### उच्च शिक्षा पर सम्मेलन 16-17 को

**जयपुर**। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संस्थागत विकास, नेतृत्व क्षमता संवर्धन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा शैक्षिणक गुणवत्ता उन्नयन को केंद्र में रखते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल की जा रही है। विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, तथा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 16 व 17 फरवरी को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में राष्ट्रीय संस्थागत नेतृत्व शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. अल्पना कटेजा ने बताया कि यह दो दिवसीय सम्मेलन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संवाद, सहयोग और नीति-उन्मुख विमर्श का एक सशक्त राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा।

### विधानसभा उद्यानकर्मियों को बधाई दी

**जयपुर**। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान विधानसभा परिसर स्थित उद्यान को बेस्ट एक्जीबिटर ऑफ दी शो शील्ड प्राप्त होने पर उद्यान कर्मियों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। स्पीकर देवनानी ने कहा कि यह सम्मान उद्यान विभाग की समर्पित मेहनत, सौंदर्यबोध और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विधानसभा परिसर केवल लोकतांत्रिक विमर्श का केंद्र ही नहीं, बल्कि हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य का भी अनुपम स्थान बन रहा है। विधानसभा उद्यान में वर्तमान में लगभग 70 किस्मों के पुष्पीय पौधे लहलहा रहे हैं, जो परिसर की शोभा को चार चांद लगा रहे हैं। विभिन्न रंगों और प्रजातियों के फूल न केवल दर्शनीय वातावरण का सृजन कर रहे हैं, बल्कि आगंतुकों और जनप्रतिनिधियों के लिए सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी कर रहे हैं। स्पीकर देवनानी ने उद्यान कर्मियों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और नवाचार के माध्यम से विधानसभा परिसर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने का यह प्रयास सराहनीय है।

## जल जीवन मिशन घोटाले को लेकर नोकझोंक हुई

**जयपुर** (विसं)। विधानसभा में जल जीवन मिशन घोटाले को लेकर मंत्री कन्हैयालाल और विपक्ष के बीच नोकझोंक हो गई। भाजपा विधायक राजेंद्र मीणा के सवाल के जवाब में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जल जीवन मिशन की गड़बड़ियों पर कार्रवाई का जिक्र किया।

इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पूरक सवाल करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन में घोटाले को लेकर केवल छोटे लेवल पर ही कार्रवाई की है। आपने दावा किया कि भ्रष्टाचार हुआ है तो आपने केवल जेईएन-एईएन ही सस्पेंड किए है या किसी आईएएस अफसर के खिलाफ भी कार्रवाई की है? कौन सीनियर अधिकारी थे, जिनके साइन से टैंडर हुए। उन अधिकारियों पर कोई कार्रवाई करने का विचार रखते हैं या नहीं?

मंत्री कन्हैयालाल ने कहा कि जल जीवन मिशन में जो भी दोषी हैं, उन सबके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। पूर्व जलदाय मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है। अभी जो अधिकारी हैं, तत्कालीन एसीएस हैं, उनके खिलाफ भी हमने एसीबी में मुकदमा दर्ज करवाया है। जो कोई दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

मंत्री के जवाब के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अफसर का नाम बताइए। केवल गोलमाल किया जा रहा है, नाम बताइए। इसी बीच स्पीकर ने कहा कि नाम थोड़े ही बताया जाता है।

## सदन में सवालों के जवाब देने में चूके उपमुख्यमंत्री बैरवा

**जयपुर** (विसं)। विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा एक सवाल का जवाब देने के दौरान गलती कर गए। बैरवा भाजपा विधायक कल्पना देवी के लाडपुरा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा मापदंडों के उल्लंघन से जुड़े सवाल का जवाब देने खड़े हुए। इस दौरान बैरवा मूल सवाल की जगह संभावित सप्लीमेंट्री सवाल का जवाब पढ़ने लगे। इस पर भाजपा विधायक कल्पना देवी ने टोकते हुए कहा कि यह तो मैंने अभी पूछा ही नहीं। जिस पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने उपमुख्यमंत्री बैरवा को टोकते हुए कहा कि आप गलत जवाब पढ़ रहे है, जवाब यह नहीं है। डिप्टी सीएम ने तत्काल गलती मानते हुए माफी मांगी।

## ग्रामीण अस्पतालों में नहीं है डॉक्टर-कम्पाउन्डर : मेहर

**जयपुर** (विसं)। कांग्रेस विधायक घनश्याम मेहर ने शुक्रवार को विधानसभा में बजट बहस के दौरान कहा कि ''प्रदेश के ग्रामीण इलाके बेहाल हैं। अस्पतालों में डॉक्टर कंपांउडर नहीं हैं। जनता सोच रही है, डबल इंजन जा कहां रहा है, ले जा कहां रहा है? डबल इंजन की सरकार राजस्थान को गंगाजी ले जा रहा है।''

उन्होंने कहा कि बजट में न कोई कॉलेज और अस्पताल खोले हैं, न पानी- बिजली, सड़क जैसी मूलभूत जरूरतों पर ठोस काम किया है। एक विधायक को छह हैंडपंप और 3 ट्यूबबेल दिए हैं, ये वो कहां लगाएगा? विधानसभा क्षेत्र का इलाका बहुत बड़ा होता है, इतने से कैसे काम चलेगा? हमारी सरकार में हर विधायक को 100 हैंडपंप दिए जाते थे। इस सरकार में तो 6 हैंडपंप भी हमारे कहने से नहीं लगाए जाते। मेहर ने कहा कि बेवजह की घोषणाओं का मायाजाल गुमराह करने वाला है। पिछली बार टोडाभीम में बस स्टैंड की घोषणा की, वो आज तक नहीं बना। आपकी जेब में 100 रुपए है तो उतनी ही बात करो। लोगों को गुमराह करने के लिए 1000 रुपए की घोषणा मत करो।

मेहर ने कहा कि करौली के पहाड़ों पर 40 गांव बसे हैं, वहां आयरन की लीज दे रहे हैं और कह रहे हैं कि लोहा अयस्क निकालकर गुजरात ले जाएंगे। किसानों को जमीन से हटा रहे हैं और उद्योगपतियों के लिए ग्रीनफील्ड रोड बना रहे हैं। राजस्थान में कोई स्टील कारखाना नहीं है। किसानों को उजाड़कर लोह अयस्क गुजरात जाएगा।

## राज्य के प्रथम 'नेफैड बाजार' का उद्घाटन

### 'किसान से किचन तक' की संकल्पना पर आधारित है नेफैड बाजार : दक

**जयपुर**। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने शुक्रवार को नेहरू सहकार भवन में नेशनल एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया लि. (नेफैड) द्वारा शुरु किये गए रिटेल आउटलेट 'नेफेड बाजार' का फीता काटकर उद्घाटन किया। 'किसान से किचन तक' की संकल्पना पर आधारित इस 'नेफेड बाजार' के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध होंगे।



**सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने शुक्रवार को नेहरू सहकार भवन में रिटेल आउटलेट 'नेफेड बाजार' का उद्घाटन किया।**

दक ने कहा कि राज्य के इस प्रथम 'नेफैड बाजार' का शुभारम्भ किसानों की समृद्धि एवं उपभोक्ताओं की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि वर्ष 1958 से किसानों की सहकारी संस्था के रूप में नेफेड किसानों को उचित मूल्य और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। राजस्थान जैसे कृषि प्रधान राज्य में इस प्रकार की पहलें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नेफेड बाजार न केवल उपभोक्ताओं को शुद्ध, प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराएगा बल्कि किसानों के लिए स्थायी और लाभकारी विपणन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेगा। साथ ही, उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में राज्य के अन्य जिलों में भी 'नेफैड बाजार' स्थापित किए जाएंगे। इस अवसर पर सहकारिता विभाग की शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां आनन्दी, नेफैड के निदेशक रामप्रकाश चौधरी सहित सहकारिता विभाग एवं नेफेड के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## रैपिडो बाइक चालक ने युवती से की छेड़छाड़

**जयपुर**। एक युवती को अकेले में रैपिडो कैब बुक करना भारी पड़ गया। शातिर रैपिडो चालक युवती को गलत जगह ले जाने लगा। इस पर पर युवती ने विरोध किया तो रैपिडो चालक ने उसे धमकी दी। इसी दौरान रैपिडो पर बैठी युवती को थोड़ा आगे जाकर कुछ लोग खड़े हुए दिखाई तो युवती ने मदद के लिए शोर मचा दिया। लोगों को इकट्ठा होते देख रैपिडो चालक युवती को उतार कर फरार हो गया। जिसके बाद युवती ने मामले की जानकारी भांकरोटा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि 27 वर्षीय युवती का आरोप है कि गुरुवार को उसने घर जाने के लिए रैपिडो बुक की थी। रैपिडो चालक उसे बाइक पर बैठाकर गलत रास्ते में ले गया। विरोध करने पर आरोपी रैपिडो चालक ने उसे धमकी दी। सुनसान जगह ले जाने लगा। तभी युवती को एक कंपनी के कुछ लोग खड़े दिखाई दिए। युवती चिल्लाई तो आरोपी उसे उतारकर भाग छूटा।

## 'बी.सी.आर. कार्यकारिणी का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी एजी की कमेटी क्यों गठित नहीं?'

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने बार कौंसिल ऑफ इंडिया, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान और महाधिवक्ता से पूछा है कि बीसीआर की कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी महाधिवक्ता की अध्यक्षता में कमेटी गठित क्यों नहीं की गई है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में कहा गया कि बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 17 जुलाई, 2023 को पूरा हो गया था। इससे पूर्व बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने अपनी शक्तियों का प्रयोग कर 15 मई को इस कार्यकाल को छह माह के लिए बढा दिया। याचिका में कहा गया कि इस दौरान बीसीआई ने एडवोकेट्स प्लेस ऑफ प्रैक्टिस सत्यापन नियम में संशोधन कर वकीलों के प्रैक्टिस प्रमाण पत्रों के सत्यापन का काम पूरा होने तक 26 जून, 2023 के गजट नोटिफिकेशन के जरिए इस कार्यकाल को डेढ साल के लिए फिर से बढ़ा दिया। याचिका में कहा गया कि यह बढा हुआ कार्यकाल भी दिसंबर, 2024 में पूरा हो चुका है। ऐसे में एडवोकेट एक्ट की धारा 8ए के तहत महाधिवक्ता की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जानी चाहिए थी। इसे लेकर याचिकाकर्ता की ओर से बीसीआर को लीगल नोटिस भी भेजा गया, लेकिन कौंसिल की ओर से मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## पिता ने आठ माह की बेटी की कैंची से गला रेतकर हत्या की

### आरोपी सादाब ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के बाद एक पिता ने अपनी आठ माह की मासूम बेटी की कैंची से गला काटकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वारदात के बाद आरोपी ने आत्महत्या का प्रयास भी किया। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपित पिता से पूछताछ में जुटी है।

थानाधिकारी उदयभान यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बहराइच निवासी सादाब (19) को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसकी शादी जुलाई 2025 में मालपुरा गेट स्थित अंबेडकर कॉलोनी निवासी रूकसार बानो (19) से हुई थी। दंपती की आठ माह की बेटी सहनाज थी।

करीब छह दिन पहले सादाब पत्नी और बेटी को लेकर ससुराल अंबेडकर कॉलोनी आया था। 6 फरवरी सुबह करीब 10 बजे गांव वापस लौटने की बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। पत्नी द्वारा कुछ दिन और रुकने की बात कहने पर सादाब ने मारपीट की और उसका गला दबाने का प्रयास किया। इस दौरान साले सोहिल ने बीच-बचाव किया। जिससे आरोपी और भड़क गया। बताया गया कि सादाब ने सोहिल के सिर पर स्टील की केतली से वार किया। शोर-शराबा सुनकर पडौसी मौके पर पहुंचे और दोनों को छुडाया। इसी बीच आरोपी ने बेटी सहनाज को सोहिल की गोद से छीन लिया और कमरे में बंद हो गया।

कमरे के भीतर सादाब ने कैंची से बच्ची का गला काट दिया और शव को कंबल में छिपा दिया। इसके बाद उसने फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खोलने पर परिजनों और पडौसियों ने दरवाजा तोड़ा तो आरोपी अंदर फंदे से लटका मिला। जिसे तुरंत नीचे उतारा गया, कमरे में तलाश करने पर बच्ची कंबल में लहूलुहान हालत में मिली। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। पत्नी रूकसार की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी सादाब को गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पूछताछ जारी है।

## ओपीजेएस यूनिवर्सिटी बंद, 10 निजी विश्वविद्यालयों की जांच शुरू : बैरवा

-विधानसभा संवाददाता-

- **उपमुख्यमंत्री ने सदन में कहा ''फर्जी डिग्री कांड पर राज्य सरकार ने लिया सख्त एक्शन''**
- **मेवाड़ विश्वविद्यालय में भी फर्जी डिग्री प्रकरण में दोषी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है : बैरवा**
- **उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी उच्च शिक्षा संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियामक आयोग के गठन की प्रक्रिया शुरू की है।**

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने विधानसभा में कहा कि प्रदेश में फर्जी डिग्री कांड पर राज्य सरकार ने सख्त एक्शन लिया है। फर्जीवाडे की गंभीर आरोपों के कारण चूरू जिले की ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी को बंद करते हुए 10 निजी विश्वविद्यालयों की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने यह जानकारी शुक्रवार को भाजपा विधायक कालीचरण सराफ के प्रश्न के जवाब में दी।

उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने बताया कि फर्जीवाडे के गंभीर आरोपों के बाद 7 जनवरी को ओपीजेएस विश्वविद्यालय का परिसमापन कर दिया है। यहां के प्रशासन की जिम्मेदारी संभागीय आयुक्त बीकानेर को सौंपी गई है। मामले में कई दोषी कार्मिकों और दलालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

इसी तरह मेवाड़ विश्वविद्यालय में भी फर्जी डिग्री प्रकरण में दोषी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य विश्वविद्यालयों की जांच अभी जारी है।

डॉ. बैरवा ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 53 निजी विश्वविद्यालय संचालित हैं। इनमें से 10 विश्वविद्यालयों के खिलाफ अनियमितताओं की शिकायतें मिलने पर जांच शुरू की गई है।

जांच के दायरे में शामिल प्रमुख संस्थानों में सिंघानिया विश्वविद्यालय झुंझुनूं, सनराइज विश्वविद्यालय अलवर, श्रीधर विश्वविद्यालय झुंझुनूं, माधव विश्वविद्यालय सिरोही, रैफल्स विश्वविद्यालय अलवर, निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर और जगदीश झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय झुंझुनूं शामिल है।

शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 में अनियमितताओं के आरोपों के बाद कुछ विश्वविद्यालयों की समग्र जांच एसओजी को सौंपी गई है। पुलिस जांच में बैक डेट में डिग्रियां और अंकतालिकाएं जारी करने की शिकायतें सामने आईं। इस संबंध में ओपीजेएस विश्वविद्यालय के संचालक जोगेंद्र सिंह समेत कई पूर्व अधिकारी और कथित दलाल गिरफ्तार किए जा चुके है। मेवाड़ विश्वविद्यालय के भी कुछ अधिकारियों को जेल भेजा गया है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी उच्च शिक्षा संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियामक आयोग के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले तैयार किए गए 'राजस्थान प्राइवेट हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेटरी अथॉरिटी बिल-2023' के प्रावधानों को और मजबूत बनाने के लिए नई समिति गठित की गई है। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधान भी जोड़े जाएंगे। नया प्रारूप जल्द विधि विभाग को भेजा जाएगा। साथ ही निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से संबंधित गाइडलाइन में भी संशोधन की प्रक्रिया जारी है।

## तृतीय श्रेणी शिक्षक स्थानांतरण नीति पर सरकार का रुख स्पष्ट नहीं : टीकाराम जूली

**जयपुर** (विसं)। राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण की नीति का मुद्दा गर्माया रहा। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सदन की कार्यवाही के दौरान भाजपा सरकार को चुनावी वादों की याद दिलाते हुए जमकर घेरा। जब शिक्षा मंत्री ने तबादलों के प्रावधान पर भ्रम की स्थिति पैदा की, तो जूली ने उन्हें सीधे सवालों के कटघरे में खडा कर दिया।

सदन में चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सीधे तौर पर पूछा कि सरकार का आधा समय बीत चुका है और सवा 2 साल से अधिक का वक्त हो जाने के बावजूद तबादला नीति अब तक क्यों नहीं बनी? उन्होंने सरकार से पूछा, ''क्या आप कोई टाइम-लाइन देना चाहेंगे कि आखिर कब इनके ट्रांसफर होंगे?''। जूली ने आरोप लगाया कि सरकार प्रदेश के लाखों शिक्षकों को गुमराह कर रही है, जबकि उन्होंने अपने घोषणा पत्र में नीति बनाने का वादा किया था। सदन में जब शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पिछली सरकारों के आंकड़ों और भाजपा के समय हुए 2200 तबादलों का हवाला दिया, तो नेता प्रतिपक्ष ने उन्हें टोकते हुए कहा कि ''कांग्रेस ने किए या भाजपा ने किए, उन पुरानी बातों को छोड़ें''। जूली ने कहा कि मुख्य मुद्दा यह है कि वर्तमान सरकार अपनी घोषणा के अनुसार नीति कब तक बनाएगी।

## रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना में निवेशकों का उत्साह बरकरार

-कार्यालय संवाददता-

- **योजना के आठवें चरण में 230 भूखंडों के लिये 380 आवेदन प्राप्त हुए**

**जयपुर**। राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने तथा प्रदेश में नए उद्योग लगाने के लिये निवेशकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रीको प्रशासन द्वारा प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 प्रारंभ की गई थी। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य निवेशकों को उनकी रुचि एवं आवश्यकता के अनुरूप आरक्षित दरों पर औद्योगिक भूखण्ड उपलब्ध कराना है। मार्च-2025 से शुरू हुई इस योजना के अब तक आठ चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत जिन निवेशकों ने 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट-2024' के दौरान प्रदेश में उद्योग स्थापित करने हेतु राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादित किए हैं, उनको आरक्षित दर पर भूखण्ड आवंटित किये जा रहे हैं।

इस योजना के सभी चरणों में अब तक 1548 भूखण्डों के लिए 2300 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जो राज्य की औद्योगिक नीतियों के प्रति निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। आठवें चरण में भी निवेशकों का उत्साह उल्लेखनीय रहा है, जिसमें 230 औद्योगिक भूखण्डों के लिए 380 आवेदन प्राप्त हुए हैं। औद्योगिक भूखण्डों के लिए ऑफर लेटर जारी किये जा रहे हैं, इससे रीको को लगभग 343 करोड़ रूपये के राजस्व की प्राप्ति होगी। इन भूखण्डों से करीब 1500 करोड़ रूपये का निवेश एवं लगभग 20 हजार लोगों (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष) को रोजगार संभावित है।

रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि योजना के पूर्व के सात चरणों में 1230 निवेशकों को भूखण्ड आवंटित/ऑफर लेटर जारी किए जा चुके हैं, इससे प्रदेश में नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं। इन सात चरणों में लगभग 1985 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 320 हैक्टेयर भूमि का आवंटन किया जा चुका है। निवेशकों की मांग को ध्यान में रखते हुए योजना में औद्योगिक भूखण्डों के साथ-साथ लॉजिस्टिक भूखण्डों को भी सम्मिलित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य यह भी है कि समाज के सभी वर्गों को औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक भूखण्ड आरक्षित मूल्य पर उपलब्ध हों इसलिये विभिन्न वर्गों जैसे अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला वर्ग, भूतपूर्व सैनिक, बेंचमार्क दिव्यांगजन तथा सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक आश्रित इत्यादि के लिये भूखण्ड आरक्षित किये जाते हैं।

स्वर्णकार ने बताया कि राज्य में औद्योगिक निवेश बढ़ाने, अधिक से अधिक उद्योग लगाने एवं निवेशकों को आरक्षित दर पर औद्योगिक भूखण्ड पर आवंटन करने के लिये प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लाई गई है।



## Celebrating the Joy of Reading

International Book Giving Day, observed on February 14, is a celebration of sharing the gift of books and spreading the love of reading. The day encourages people of all ages to donate books to children, schools, libraries, or those in need, fostering literacy and imagination. By giving a book, you open doors to knowledge, adventure, and creativity, nurturing a lifelong habit of reading. This initiative also highlights the power of storytelling to connect communities and inspire minds. International Book Giving Day reminds us that a simple act of generosity can ignite a world of learning and curiosity.




#BLACK SAPOTE

## Nature's Chocolate Pudding Fruit

The Aztecs regarded it as the 'fruit of strength,' believing it provided energy and endurance. It was commonly eaten fresh and appreciated as a nourishing food





Black sapote (Diospyros digyna) is a tropical fruit native to Central America, admired for its unusual appearance and impressive nutritional value. Often called the "chocolate pudding fruit," black sapote looks plain on the outside but reveals a rich, chocolate-like flesh when ripe, despite containing no cocoa, no added sugar, and almost no fat.

The fruit is round to oval in shape with a smooth green skin. Externally, it resembles a tomato or apple and gives little hint of its distinctive interior. When unripe, the flesh is pale and extremely bitter and astringent, making it unsuitable for consumption. As the fruit ripens, it softens dramatically and the flesh turns dark brown to nearly black, developing a creamy texture similar to chocolate pudding.

Although its taste and texture resemble chocolate, black sapote is naturally sweet and light. This makes it a popular choice for healthy desserts and plant-based recipes. The fruit is especially valued for its nutritional richness. It is high in dietary fiber, which supports digestion, and is an excellent source of vitamin C, contributing to immune health and skin vitality. In addition, it contains antioxidants that help protect the body from cellular damage.

Black sapote has a long cultural history in Central America. The Aztecs regarded it as the 'fruit of strength,' believing it provided energy and endurance. It was commonly eaten fresh and appreciated as a nourishing food long before modern nutritional science confirmed its benefits.

Today, black sapote is enjoyed fresh or used in smoothies, puddings, and desserts as a natural alternative to chocolate-based foods. Its ability to combine a rich, indulgent taste with health benefits makes it a unique and valuable fruit.



# The Awakening Conscience

Have a look at her hand. Notice anything other than a slight agitation? She has got ring on every single finger except for the one that counts. A sort of "I am not married to this man" statement, as far as the symbolism goes and we have just scratched the surface because if you pan over to the right, you might have noticed something else.



#WILLIAM HOLMAN HUNT



Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

And he is definitely not her husband. How could you know that? For starters, this room is a bloody mess. And by carefully combing over a series of very intention clues, that are spread across this painting, we reveal that she is probably his mistress.

Have a look at her hand. Notice anything other than a slight agitation? She has got ring on every single finger except for the one that counts. A sort of "I am not married to this man" statement, as far as the symbolism goes and we have just scratched the surface because if you pan over to the right, you might have noticed something else.

No, not what appears to be the disease-ridden hands of the perverted gentleman, but keep going a little more and on the music rack of the piano is an arrangement titled, "Oft in the still of night." A real song by a very real person, named Thomas Moore, who speaks of missed opportunities and a happier past life.

And did you notice the cat playing with the poor, helpless bird? I assure you the bird isn't having fun, and instead, it is a detail intentionally placed to suggest a few intriguing ideas. A life destined for a poor outcome? A detail to further enforce that this place doesn't feel homely?

Or is he the predatory cat and she the helpless bird? Pinning down the wings so that she might never fly off? We have got a clock concealed in glass. The strings of an unfinished tapestry, scattered on the floor. Alfred Tennyson's "Tears Idle Tears" disposed like a piece of garbage.

Remember the diseased hand? Well, it is not diseased, despite appearances but instead shielded by a glove. The same glove as this one that has been tossed to the floor, suggesting hasty intentions, but maybe, even suggesting a wasted purpose. It is not politely put away because nothing about this scene is polite to begin with. And while this bumbling fool sings away a song about wasted life, we pull away and realize that she, but a moment ago, was singing. In fact, you can almost hear it. The final note that got away before she finally came to her senses. Because while we have spent this entire time uncovering at the highest degrees of probability, the nature of this relationship and who it is that we are observing, we haven't really considered what it is, that is in front of us, until right now.

*The Awakening Conscience*. The title of the painting by William Holman Hunt, and it is all the context we really need, because that is what is exactly going on inside her head. It is undeniable. She was just sitting in this man's lap. She was just singing this song, but the mirror in the background gives us a glimpse in her inner dialogue.

And as she realizes that her life isn't wasted, we too realize that it isn't either. There is a whole world out there and everything in this room can be forgotten. Something better is only a few steps away. And unlike this bird, who is trapped inside this room, this cat can't keep her down any longer.

In some ways, this painting is a companion to Hunt's Christian painting *The Light of the World*, a picture of Christ holding a lantern as he knocks on an overgrown handleless door which Hunt said represented "the obstinately shut mind." The young woman here could be responding to that image, her conscience pricked by something outside of herself. Hunt intended this image to be The Light of the World's material counterpart in a picture representing in actual life the manner in which the appeal of the spirit of heavenly love calls a soul to abandon a lower life.

In Pre-Raphaelitism and the Pre-Raphaelite Brotherhood, Hunt wrote that Peggotty's search for Emily in David Copperfield had given him the idea for the composition and he began to visit 'different haunts of fallen girls' looking for a suitable setting. He did not plan to recreate any particular scene from David Copperfield, and initially wanted to capture something more general: "the loving seeker of the fallen girl coming upon the object of his search." But he reconsidered, deciding that such a meeting would engender different emotions in the girl than the repentance he wanted to show. He eventually settled on the idea that the girl's companion could be singing a song that suddenly reminded her of her former life and thereby act as the unknowing catalyst for her epiphany.


The model for the woman was Annie Miller, who sat for many of the Pre-Raphaelites and to whom Hunt was engaged until 1859. The male figure may be based on Thomas Seddon or Augustus Egg, both painter friends of Hunt.

The look on the girl's face in the modern painting is not the look of pain and horror that viewers saw when the painting was first exhibited, and which shocked and repulsed many of the contemporary critics. The painting was commissioned by Thomas Fairbairn, a Manchester industrialist and patron of the Pre-Raphaelites, after Egg discussed Hunt's ideas and possibly showed him some of the initial sketches.

Fairbairn paid Hunt 350 guineas. The painting was exhibited at the Royal Academy in 1854, along with The Light of the World. Fairbairn found himself unable to bear looking at the woman's expression day-to-day, so, persuaded Hunt to soften it.

Hunt started work but fell ill and allowed the painting to be returned to Fairbairn for display at the Birmingham Society of Artists exhibition in 1856 before he was completely happy with the result. Later, he was able to work on it again and confided to Edward Lear that he thought he had 'materially bettered it.' As noted in the spandrels, Hunt retouched the painting in 1864 and again in 1886, when he repaired some work that had been carried out by a restorer in the interim.


rajeshsharma1049@gmail.com



#DANCING ON THE WAVES

# A Life Shaped by the Sea

The sea is neither exaggerated nor idealized. It is shown as majestic yet merciless, capable of rewarding respect and punishing carelessness




Asif Ullah Khan

In Dancing on the Waves, Capt. Lok Bahadur Sharma offers readers a rare and intimate glimpse into the life of a sailor whose years at sea have shaped his character, discipline, and philosophy of life. The book stands as a thoughtful maritime memoir that blends personal experience with quiet reflection.

The narrative captures the sea in all its moods, serene, unforgiving, and endlessly commanding. Through vivid recollections of long voyages, changing skies, and restless waters, the author portrays the ocean not merely as a workplace but as a living presence that tests both skill and spirit. Calm horizons bring moments of peace, while storms demand courage, quick judgment, and unwavering focus. What sets this book apart is its human focus. Rather than concentrating on technical details of navigation, the author emphasizes the emotional realities of life at sea. Loneliness during extended journeys, strong bonds among crew members, and the mental resilience required to face uncertainty form the core of the narrative. These reflections make the book accessible to readers beyond maritime circles.






Capt. Sharma's writing carries a sense of honesty and restraint. The sea is neither exaggerated nor idealized. It is shown as majestic yet merciless, capable of rewarding respect and punishing carelessness. Each experience shared in the book reinforces the idea that a sailor's greatest lessons are learned not from calm waters but from adversity.

Beyond adventure, Dancing on the Waves is also a story of personal growth. The author reflects on how life at sea teaches patience, leadership, and humility, values that remain relevant long after a voyage ends. The book quietly suggests that navigating the ocean is as much about understanding oneself as it is about steering a ship.

THE WALL





BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कृषि मंत्री ने फसल बीमा योजना के घोटाले का खुलासा करने का दावा किया

**कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि राज्य में करीब 15 हजार ऐसे फर्जी किसानों के नाम पर बीमा प्रीमियम काटा गया, जिनके पास न तो जमीन है और न ही वैध जमाबंदी**

**चूरू, (निसं)।** कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को प्रदेश में फसल बीमा योजना के तहत बड़े घोटाले का खुलासा करने का दावा किया। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब 15 हजार ऐसे फर्जी किसानों के नाम पर बीमा प्रीमियम काटा गया, जिनके पास न तो जमीन है और न ही वैध जमाबंदी। इन मामलों में कुल 1150 करोड़ रुपए का क्लेम पारित किया जा चुका है।

मंत्री ने बताया कि यह बीमा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) धारकों के नाम पर किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना का लाभ वास्तविक किसानों के बजाय फर्जी नामों के जरिए उठाया गया है। कृषि मंत्री शुक्रवार को चूरू जिले के सालासर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा पहुंचे थे। वहीं मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि केवल सालासर शाखा में ही 71 ऐसे फर्जी किसानों के मामले सामने आए हैं, जिनका बीमा प्रीमियम काटा गया और क्लेम की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी। इन 71 मामलों में प्रत्येक को 12-12 लाख रुपए, यानी कुल करीब

- **किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि इन मामलों में कुल 1150 करोड़ रुपए का क्लेम पारित किया जा चुका है**

9 करोड़ रुपए का भुगतान प्रस्तावित था। मीणा ने दावा किया कि सूची में कई व्यक्तियों और उनके पिता के नाम एक जैसे दर्ज हैं। संबंधित व्यक्तियों के पास न तो कोई जमाबंदी है और न ही खसरा नंबर दर्ज है। उन्होंने जमाबंदी की प्रतियां दिखाते हुए कहा कि ये किसान वास्तविक रूप से अस्तित्व में ही नहीं हैं। इनका बीमा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया (एआईसी) द्वारा किया गया है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने शाखा प्रबंधक से फसल बीमा से संबंधित पूरी सूची और दस्तावेज मांगे हैं।

उनका कहना था कि जब तक 71 व्यक्तियों के दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाते, वे शाखा से नहीं जाएंगे। इस दौरान शाखा प्रबंधक उमेश कुमार सारस्वत ने मंत्री से कहा कि संबंधित दस्तावेज तत्काल उपलब्ध नहीं हैं और एक-दो दिन का समय दिया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि दस्तावेज ई-मेल या हार्ड कॉपी के माध्यम से मंत्री कार्यालय को भेज दिए जाएंगे। इस पर मंत्री ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जब दस्तावेज उपलब्ध ही नहीं हैं तो उन्हें भेजा कैसे जाएगा। मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने की बात भी मंत्री ने कही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद स्पष्ट होगा कि इस कथित घोटाले में कौन-कौन लोग शामिल हैं। वहीं शाखा प्रबंधक ने मीडिया के सामने इस विषय पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# चूरू के वरिष्ठ अधिवक्ता व पत्रकार बनवारीलाल दीक्षित पंचतत्व में विलीन

**बनवारी लाल दीक्षित ने राष्ट्रदूत के संस्थापक हजारी बाबू के सानिध्य में पत्रकारिता की शुरुआत की थी**


**चूरू, (निसं)।** चूरू जिला मुख्यालय पर गुरुवार को चूरू के सबसे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं चूरू जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष रहे बनवारी लाल दीक्षित पूर्व लोक अभियोजक का निधन होने पर प्रदेश में वरिष्ठ अधिवक्ताओं व मीडियाकर्मियों में शोक की लहर छा गई। गुरुवार को उनका दाह संस्कार चूरू के बागला मुक्तिधाम में किया गया, जहां पर शहर के गणमान्य नागरिकों ने अंतिम यात्रा में भाग लिया।

बनवारी लाल दीक्षित के पुत्र नरेन्द्र दीक्षित पत्रकार व डॉ. योगेश दीक्षित ने अंतिम मुखाग्नी दी। बनवारी लाल दीक्षित चूरू जिला अभिभाषक संघ के सबसे वरिष्ठ

- **बनवारीलाल दीक्षित ने अपने जीवनकाल में 62 वर्ष सक्रिय वकालत की, जिसमें दो बार चूरू जिला लोक अभियोजक का कार्य संभाला था**

अधिवक्ता थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में 62 वर्ष सक्रिय वकालत की जिसमें दो बार चूरू जिला लोक अभियोजक का कार्य संभाला व जिले की विभिन्न नगरपालिकाओं के विधि सलाहकार के पद पर भी कार्य किया।

बनवारी लाल दीक्षित प्रदेश के सबसे पुरानों में एक दैनिक राष्ट्रदूत अखबार से करीब 50 वर्षों से अधिक समय से जुड़े रहे। बनवारी लाल दीक्षित ने राष्ट्रदूत के संस्थापक हजारी बाबू के सानिध्य से पत्रकारिता की शुरुआत की थी और हजारी बाबू के पदचिन्हों का अनुसरण किया और उन्हीं की भांति सैद्धांतिक व निर्भीक पत्रकारिता से जीवन पर्यंत कार्य किया। उनके निधन पर



बनवारी लाल दीक्षित ( फाइल फोटो )।

भाजपा युवा मोर्चा आई टी प्रभारी चूरु जिला प्रशांत शर्मा, राजेन्द्र सिंह शेखावत, मुकुल सारास्वत, रवि शर्मा बजरंग सैनी आदि ने शोक जताया है।

# महिला नेता ने एडवोकेट पर दुष्कर्म का आरोप लगाया

**उदयपुर, (का.सं)।** उदयपुर जिले में एक महिला नेता से रेप का मामला सामने आया है। महिला ने एक एडवोकेट के खिलाफ रेप, ब्लैकमेल करने और आईटी एक्ट में गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने गुरुवार शाम को थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि वह पिछले एक साल से एडवोकेट के ऑफिस में जूनियर के रूप में काम कर रही थी। आरोपी वकालत के काम और क्लाइंट्स से मिलने के लिए मुझे कार से ले जाता था। करीब चार महीने पहले उसने मुझे ऑफिस बुलाया और कोल्ड ड्रिंक कोल्ड ड्रिंक पिलाई। उसके बाद मेरा सिर चकराने लगा। करीब आधे घंटे बाद मुझे होश आया तो मेरे कपड़े अस्त-व्यस्त थे।पीड़िता ने कहा कि जब मुझे होश आया तो आरोपी हंसने लगा और बोला मैने तुम्हारा वीडियो बना लिया है। अब मैं जैसा कहूं वैसा ही करना नहीं तो सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। इसके बाद मैं दो-तीन दिन ऑफिस नहीं गई। उसके बाद मुझे कॉल कर ऑफिस बुलाया फिर भी आरोपी ने मुझे वीडियो शेयर करने की धमकी दी।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी ने उससे कहा कि एआई तकनीक की मदद से उसके आपत्तिजनक वीडियो बना लिए हैं और उन्हें परिचितों में शेयर कर दिया है। साथ ही शारीरिक संबंध बनाने और एक अन्य प्रकरण में समझौता कराने का दबाव भी बनाया। आरोपी ने लगातार फिजिकल रिलेशन का दबाव और मानसिक रूप से परेशान किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया है। मामले की जांच डीएसपी को सौंपी गई है।

# अलवर में पचास हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**अलवर, (निसं)।** अलवर में लंबे समय से फरार चल रहे 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बहरोड़ टी-पॉइंट पर नाकाबंदी के दौरान पकड़ा गया। जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने आरोपी पर इनाम घोषित कर रखा था। अलवर के वैशाली नगर थाना पुलिस ने आरोपी फिरोज खान उर्फ सरकार (25) को गुरुवार को गिरफ्तार किया।

एसपी के अनुसार फिरोज खान निवासी कमलखा का बास मन्नाका थाना वैशाली नगर पर 38 लाख की लूट सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। थाना वैशाली नगर में दर्ज प्रकरण में भी वह फरार था। उसके खिलाफ एनईबी, कोतवाली, राजगढ़ और वैशाली नगर थानों में हत्या के प्रयास, लूट, डकैती,

- **झारखंड भेजने के नाम पर 38 लाख का सामान ठगा था, वापस देने के लिए तीन लाख रुपए मांगे**

आर्म्स एक्ट समेत कुल 12 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसे हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर मानती है। फिरोज उर्फ सरकार का नाम हाल ही दर्ज हुए 38 लाख रुपए के माल की ठगी और फिरौती मामले में भी सामने आया था। झारखंड के रामगढ़ जिले के कुजू निवासी ट्रांसपोर्टर जितेंद्र कुमार सिन्हा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके अनुसार 13 सितंबर 2025 को रांची से भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के लिए 83-320 मीट्रिक टन एमएस बिलेट (कीमत 38.12 लाख रुपए) भेजा गया था। आरोप है कि ताहिर उर्फ काला ने स्वयं को ट्रेलर मालिक बताकर वाहन उपलब्ध कराया। 14 सितंबर को माल लोड होकर रवाना हुआ, लेकिन 21 सितंबर तक भिवाड़ी नहीं पहुंचा। बाद में संबंधित लोगों के फोन बंद हो गए। शिकायत के अनुसार अजुरुद्दीन उर्फ लाला और मजीद खान के जरिए संपर्क किया गया, जहां वाट्सऐप कॉल पर तीन लाख रुपए की मांग की गई। कॉल पर एक व्यक्ति ने खुद को फिरोज डॉन मन्नाका (अलवर) बताया और माल दो किस्तों में लौटाने के बदले फिरौती मांगी। मामले में फिरोज डॉन समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# जोधपुर : गजसिंह के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन



मेहरानगढ़ फोर्ट के चौकेलाल गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में गजसिंह ने पुस्तक का विमोचन किया।

**जोधपुर, (कासं)।** पूर्व महाराजा गजसिंह की असाधारण व उल्लेखनीय जीवन यात्रा पर आधारित पुस्तक "बापजी : महाराजा आफ मारवाड़ जोधपुर : दी किंग हू वुड बी मैन" का शुक्रवार को मेहरानगढ़ फोर्ट के चौकेलाव गार्डन में गज सिंह द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर पूर्व महारानी हेमलता राज्ये, लेखक अमननाथ व योगी वैद्य उपस्थित थे।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अजय सिंह शेखावत ने बताया कि यह पुस्तक लेखक अमननाथ व योगी वैद्य द्वारा लिखी गई है। इसमें गज सिंह व जोधपुर राज परिवार के दुर्लभ और नये चित्रों का समावेश किया गया है। पुस्तक में गज सिंह व जोधपुर के पूर्व राज परिवार के बारे में जानकारी का उल्लेख किया गया है। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए गज सिंह ने कहा कि काफी समय से लोगों द्वारा कहा जा रहा था कि उनके बारे में एक पुस्तक लिखी जाए। लेखक अमननाथ व योगी वैद्य द्वारा यह अच्छा व सराहनीय प्रयास किया गया

- **"बापजी : महाराजा ऑफ मारवाड़ जोधपुर : दी किंग हू वुड बी मैन" पुस्तक का विमोचन किया**

और उनकी जीवन यात्रा के बारे में पुस्तक लिखी गयी भी है। डॉ. महेंद्र सिंह तंवर ने भी इन दोनों का सहयोग किया। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में अपनी विरासत को संभालना और उसे दुनिया भर में पहचान देना "द किंग हू वुड बी मैन " की सच्ची कहानी है। पुस्तक में उनके व परिवार के बारे में लिखा गया है। अनेक दुर्लभ चित्र इसमें लगाए गए हैं जो पहले कही प्रकाशित नहीं हुए। अनेक नए चित्र भी शामिल किए गए हैं। उनके जन्म से लेकर अब तक की जीवन यात्रा के बारे में इसमें बेहतर तरीके से उल्लेख किया गया है।

समारोह को पुस्तक के लेखक अमननाथ व योगी वैद्य ने संबोधित किया और पुस्तक के प्रकाशन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। गज सिंह ने पुस्तक की पहली प्रति पंजाब के सूफी कलाकार मदन गोपाल सिंह को अपने हस्ताक्षर करके भेंट की। उम्मेद भवन पैलेस हाउसहोल्ड के जोधपुर जवारात के प्रबंधक मनोज मालानी ने बताया कि समारोह समाप्ति के बाद में इस पुस्तक के लिए काउंटर से पुस्तक क्रय करने की लोगों में होड़ मची व पुस्तक क्रय करने के बाद में उनके द्वारा गज सिंह के हस्ताक्षर करवाए गए। बाड़मेर की कीर्तिका चौहान ने बताया कि गज सिंह के प्रति सम्मान के कारण वह बाड़मेर से यह पुस्तक क्रय करने और इस विमोचन समारोह में शामिल होने आई है। इस अवसर पर गज सिंह के इंग्लैंड में कॉलेज के मित्र डेविड कैंविल, प्रिंस जॉर्ज गिलिट्सिन, कैपवेल सहित चौपासनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष रावल किशन सिंह, गायत्री कुमारी, महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केंद्र के सहायक निदेशक डॉ. महेंद्र सिंह तंवर, सीनियर सिक्योरिटी मैनेजर किशनवीर सिंह राठौड़ सहित अनेक लोग उपस्थित थे। मेहरानगढ़ म्यूजियम की क्यूरेटर सुनैयना राठौड़ ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# अलवर : दो महीने बाद देशी ठाठ होटल की सील खोली

**अलवर, (निसं)।** अलवर के सिलीसेढ़ बांध के पेटे पर बने देशी ठाठ होटल की दो महीने बाद सील खोल दी गई। उपभोक्ता कोर्ट जयुपर के आदेश पर सील खोली गई है। अभी मामले की सुनवाई एडीजे कोर्ट अलवर व संभागीय आयुक्त कोर्ट में विचाराधीन है। होटल के अवैध निर्माण के कारण अलवर यूआईटी प्रशासन ने सील किया था। उसके बाद मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। वहां से एडीजे कोर्ट अलवर को जांच करने के आदेश हुए। अभी कोर्ट के आदेश का इंतजार है। उससे पहले ही जयपुर कंज्यूमर कोर्ट ने राहत देते हुए सील हटाई है। अब 16 फरवरी को कंज्यूमर के अपर कोर्ट में सुनवाई है।

देशी ठाठ होटल के मालिक नमन खंडेलवाल ने बताया कि जयपुर के कंज्यूमर कोर्ट ने राहत दी है। होटल की सील खोल दी है। पहले से चल रहे मामले में कोर्ट ने माना कि जब तक कोई फैसला नहीं आ जाता, तब तक होटल मालिक को राहत दी है।

- **जयपुर कंज्यूमर कोर्ट ने अलवर के होटल से सील हटाने के आदेश दिए**
- **'अब मामले में 16 फरवरी को कंप्यूजर के अपर कोर्ट में सुनवाई होगी'**
- **अलवर के सिलीसेढ़ बांध के पेटे पर बनी हुई है देशी ठाठ होटल**

अलवर यूआईओ सचिव स्नेहल का कहना है कि यह गलत हुआ है। मामला पहले ही कोर्ट में विचाराधीन है। दूसरा जयपुर कंप्यूटर कोर्ट का क्षेत्र ही नहीं है। वहां से राहत नहीं दी जा सकती है। अब मामले में 16 फरवरी को कंप्यूजर के अपर कोर्ट में सुनवाई होगी।

**महिला पर हमला करने वाला गिरफ्तार :** उदयपुर के कुराबड कस्बे में सिलाई दुकान पर महिला पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार11 फरवरी को आरीफ मोहम्मद पुत्र फजल मोहम्मद निवासी आजाद मोहल्ला कुराबड़ ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि शाम को मैं नीम का चौक कुराबड़ स्थित सुन्दरलाल नाई की दुकान पर बैठा था। इस दौरान भतीजी यास्मीन पर चाकू से हमला करने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो खून पड़ा था, भतीजी को चिकित्सालय उपचार के लिए ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर कुराबड़ थानाधिकारी तेजु सिंह के नेतृत्व में गठित दल ने मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर प्रेमलाल उर्फ शंकरलाल पुत्र लिम्बा पटेल निवासी भूतिया कुराबड़ को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया, जिससे पूछताछ की जा रही है।

# अजमेर जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**अजमेर, (निसं)।** जिला न्यायालय के नए भवन को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से पूरे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। जैसे ही धमकी की सूचना मिली, तुरंत उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन की टीम, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड के साथ जिला न्यायालय के नए भवन में पहुंची। पुलिस टीम द्वारा न्यायालय के नए भवन के प्रत्येक हिस्से, कोर्ट रूम, कार्यालयों, गलियारों और आसपास के क्षेत्रों की सघन तलाशी ली गई। डॉग स्क्वॉड की मदद से संदिग्ध वस्तुओं की जांच की गई, हालांकि प्रारंभिक तलाशी में किसी भी प्रकार की विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई।

पुलिस प्रशासन द्वारा धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कॉल, ई-मेल या अन्य माध्यमों से मिली धमकी की तकनीकी जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को चिन्हित कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी अजमेर जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है, जिसके चलते सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही सतर्क हैं।

**हादसे में किसान की मौत :** उदयपुर शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार रात में प्रतापनगर थाना क्षेत्र पावर हाउस पुलिया पर बाइक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल बाइक सवार धेरियागढ़ रेलमगरा राजसमन्द निवासी नाथूसिंह (65) पुत्र जोरावरसिंह गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नाथूसिंह अपने पुत्र मनोहरसिंह के साथ बाइक पर शहर से गांव लौट रहा था। जहां बीच रास्ते में हादसा हो गया। सूचना मिलने पर प्रतापनगर थाना एएसआई भगवतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# माण्डलगढ़ : मेज नदी पर निर्माणाधीन पुल में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप

**माण्डलगढ़, (निसं)।** माण्डलगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में झंझोला-मंगठला सड़क की मुख्य मेज नदी पर नए पुल निर्माण का कार्य गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि करीब तीन करोड़ की लागत से पुल निर्माण में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जबकि मौके पर पीडब्ल्यूडी का कोई भी तकनीकी अधिकारी नियमित रूप से मौजूद नहीं रहता हैं। ऐसे में भविष्य में किसी संभावित हादसे की जिम्मेदारी किसकी होगी। संवेदक ने मौक़े पर पुल निर्माण सम्बन्धी जानकारी का प्रदर्शन बोर्ड भी नहीं लगा रखा है और नदी में बायपास निर्माण के दौरान कई हरे पेड़ उखाड़ कर फेंक दिए हैं।



माण्डलगढ़ में झंझोला के पास मेज नदी पर निर्माण के दौरान श्रमिकों की सुरक्षा में अनदेखी हो रही है।

झंझोला पंचायत प्रशासक दुर्गा लाल काबरा ने बताया कि नदी के आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने शिकायत की है कि मेज नदी पर निर्माणाधीन पुल के पिलर और स्लैब में निर्धारित मानकों के अनुरूप सीमेंट और सरिया का उपयोग नहीं हो रहा। निर्माण स्थल पर डाली जा रही लोकल कंक्रीट की गुणवत्ता को लेकर भी संदेह जताया गया है। कुछ लोगों ने दावा किया कि मिक्सिंग प्रक्रिया बिना गुणवत्ता परीक्षण के की जा रही है। यदि शुरुआती चरण में ही मानकों की अनदेखी हो रही है, तो पुल की दीर्घकालिक मजबूती पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

सूत्रों के अनुसार, निर्माण कार्य के

- **ग्रामीणों ने शिकायत की है कि मेज नदी पर निर्माणाधीन पुल के पिलर और स्लैब में निर्धारित मानकों के अनुरूप सीमेंट और सरिया का उपयोग नहीं हो रहा है**
- **आरोप है कि संवेदक ने मौके पर पुल निर्माण सम्बन्धी जानकारी का प्रदर्शन बोर्ड भी नहीं लगा रखा है और नदी में बायपास निर्माण के दौरान कई पेड़ उखाड़ दिए**

दौरान कोई अधिशासी अभियंता या कनिष्ठ अभियंता मौके पर नियमित रूप से मौजूद नहीं रहता। तकनीकी स्वीकृति और गुणवत्ता नियंत्रण की जिम्मेदारी विभाग की होती है, लेकिन यहां कार्य ठेकेदार के भरोसे चलता दिखाई दे रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि नदी पर बनने वाले पुलों में निरंतर तकनीकी निगरानी अनिवार्य होती है, क्योंकि थोड़ी सी चूक भी भविष्य में बड़े हादसे का कारण बन सकती है। संवेदक द्वारा निर्माण स्थल पर कार्यरत श्रमिकों से बिना हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट और जैकेट के ऊंचाई पर जान जोखिम में डाल कर काम कराया जा रहा है।

मेज नदी के बीच ठोवल डाल कर बनाए गए अस्थायी मार्ग पर भी कोई सुरक्षा इंतजाम नजर नहीं आए। श्रम कानूनों और सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। यदि कोई दुर्घटना होती है तो ठेकेदार और संबंधित विभागीय अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार माने जाएंगे। पुल निर्माण के दौरान यातायात के लिए नदी में बनाया गया अस्थायी बायपास भी कच्चा और कमजोर बताया जा रहा है। जिससे राहगीरों, हल्के व भारी वाहनों के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो यह पुल 'विकास' के बजाय 'विनाश' का कारण बन सकता है।

ग्रामीणों और प्रशासक ने निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि पुल निर्माण की शुरूआत से ही गुणवत्ता की जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। यदि निर्माण में अनियमितता साबित होती है तो ठेकेदार के साथ-साथ निगरानी के लिए उत्तरदायी अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि नदी में अस्थाई रास्ते के निर्माण के दौरान व गिट्टी बजरी स्टॉक की जगह बनाने के लिए एक दर्जन से अधिक हरे पेड़ों को उखाड़ कर फेंक दिया गया हैं, वहीं मौक़े पर बनास नदी से बजरी का अवैध खनन कर लाया जा रहा है।

प्रशासक दुर्गालाल काबरा ने बताया कि मौक़े पर पुल निर्माण सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण व जानकारी का प्रदर्शन बोर्ड लगाया जाए। घटिया निर्माण को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बताया गया तो भी किसी ने ध्यान नहीं दिया। बताया जा रहा है कि उक्त निर्माण सम्बन्धी जिम्मेदारी सहायक अभियंता दीपेश कुमार की थी, लेकिन उन्हें 4 दिन पूर्व एपीओ कर जयपुर मुख्यालय भेज दिया गया।

इस मामले को लेकर माण्डलगढ़ सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता सोहनलाल बैरवा से जानकारी लेने का प्रयास किया तो वे पल्ला झाड़ते नजर आए।

# महाराजा सूरजमल के जन्म दिवस पर कुश्ती दंगल का आयोजन

**भरतपुर, (निसं)।** महाराजा सूरजमल के जन्म दिवस के अवसर पर शुक्रवार को महारानी किशोरी महिला कुश्ती स्टेडियम में आयोजित हुए महाराजा सूरजमल केसरी दंगल में विभिन्न खिताबों के लिए रोमांचकारी फाइनल मुकाबले हुये।

जिला कुश्ती संघ ओलम्पिक एवं

- **झज्जर के निखिल ने महाराजा सूरजमल केसरी का खिताब जीता**

महारानी किशोरी व्यायामशाला समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस दंगल में राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली आदि के विभिन्न अखाड़ों के पहलवानों ने जोर आजमाईश की। दंगल के आयोजन सचिव पूर्व राजस्थान केसरी हरवीर गहनौली के अनुसार इस बार जयवीर अखाड़ा बूपनियां झज्झर ने गत वर्ष के महाराजा सूरजमल केसरी सोनू सोगर को 6 मिनट चली रोमांचकारी कुश्ती में अंकों के आधार पर 7-2 से पराजित कर महाराजा सूरजमल केसरी के खिताब पर कब्जा कर विजेता की गुर्ज, पट्टा सहित इक्कीस हजार रूप्ये की नकद राशि का पुरस्कार जीता। इसी तरह महाराजा सूरजमल कुमार के फाइनल



समारोह में विजेताओं को खिताब से नवाजा गया।

मुकावले में गौरव सोनीपत ने अपने ही जिले के सुचित पूनियां को 5-3 से पराजित किया वहीं महाराजा सूरजमल युवराज के खिताब के फाइनल मुकाबले में अलवर के यशपाल ने मंहगाया के शिव सिंह को पराजित किया। दंगल के संयोजक यदुवीर सिनसिनी द्वारा विभिन्न अखाड़ों से आये उस्तादों व कोचों का साफा बांधकर सम्मान किया। दंगल में सुरेश सेना व वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मानसिंह द्वारा रैफरीशिप की गई, जबकि शरीफ खान ने मैट चेयरमैन, राजवीर सिंह पहलवान ने जज व पृथ्वी सिनसिनवार ने टाइम कीपर की भूमिका निभाई। करीब पांच घंटे चले इस दंगल का विधिवत् उद्घाटन गोलमोल बगीची के महंत भूमानन्द गिरी ने पूजा-अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर युवा उद्योगपति व समाजसेवी यश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे और उन्होंने पहलवानों के हाथ मिलवाकर दंगल का उद्घाटन करवाया, जबकि अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी डीग के अध्यक्ष राजीव हरीसिंह ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में रामनिवास बहनेरा व प्रेमसिंह फौजदार मौजूद रहे। दंगल के आयोजन में हिटलर सिंह, चन्द्रवीर पहलवान, ववुआ पहलवान, बॉक्सिंग कोच सुरेन्द्र सोलंकी ने विशेष सहयोग दिया।

# बाप पं. स. के कनिष्ठ सहायक के घर पर 1.60 करोड़ का सोना और 75 लाख की नगदी मिली

## बीकानेर में एसीबी ने शुक्रवार सुबह कनिष्ठ सहायक शुभकरण परिहार के पांच ठिकानों पर छापा मारा था

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर में एसीबी की रेड में कनिष्ठ सहायक (जूनियर असिस्टेंट) के घर से करीब 1 करोड़ 60 लाख का सोना, करीब पांच लाख रुपए की चांदी और 75 लाख से ज्यादा का कैश भी मिला है। एसीबी ने शुक्रवार सुबह कनिष्ठ सहायक शुभकरण परिहार के पांच ठिकानों पर छापा मारा। शुभकरण परिहार ने घर में ही नोटों की गड्डियां छुपा कर रखी थी, जिन्हें गिनने के लिए काउंटिंग मशीन मंगानी पड़ी। बीकानेर के पूनरासर में रहने वाला शुभकरण फलोदी की बाप पंचायत समिति के कानासर ग्राम पंचायत में कनिष्ठ सहायक पद पर तैनात है।

एसीबी के डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि कुछ दिनों पहले शुभकरण परिहार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत दर्ज हुई थी। इसके बाद मामले की जांच की। 11 फरवरी को शुभकरण के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया। डीआईजी भुवन भूषण यादव, एएसपी विनोद कुमार और आशीष कुमार रघुवंशी के नेतृत्व में 5 टीमें बनाई गई। शुक्रवार सुबह बीकानेर शहर के जयनारायण व्यास कॉलोनी, वैशाली धाम के सामने मातेश्वरी एन्क्वलेव, जयपुर रोड और बागीनाड़ा स्थित छीपों का मोहल्ला रानी बाजार और पूनरासर गांव में शुभकरण के ठिकानों पर रेड डाली। डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि शुभकरण के बीकानेर में तीन और गांव पूनरासर में एक आलीशान मकान है। दोपहर 1 बजे तक हुई कार्रवाई में 75 लाख से ज्यादा का कैश, 1 किलो से ज्यादा गोल्ड और 2 किलो से ज्यादा चांदी मिली है। इसके साथ ही 17 हेक्टेयर एग्रीकल्चर जमीन भी शुभकरण के नाम सामने आई है।



एसीबी ने जूनियर असिस्टेंट शुभकरण परिहार के घर से लाखों की नगदी व जेवरात बरामद किये।

- शुभकरण परिहार ने घर में ही नोटों की गड्डियां छुपा कर रखी थी, जिन्हें गिनने के लिए काउंटिंग मशीन मंगानी पड़ी
- कुछ दिनों पहले कनिष्ठ सहायक शुभकरण परिहार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत दर्ज हुई थी : एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता
- अब तक जांच में आय से 938 प्रतिशत से अधिक संपत्ति शामिल करने का रिकॉर्ड मिल चुका है, पांचों ठिकानों पर सर्च जारी

उन्होंने बताया कि अब तक जांच में आय से 938 प्रतिशत से अधिक संपत्ति शामिल करने का रिकॉर्ड मिल चुका है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक सीता श्रीवास्तव के सुपरविजन में पांचों ठिकानों पर सर्च चल रहा है। इसमें और भी प्रॉपर्टी व सामान मिलने की संभावना है। शुभकरण बीकानेर शहर के वैशाली धाम के सामने मातेश्वरी एन्क्लेव में रहता है। एसीबी टीम को यहां 75 लाख रुपए कैश और सोने-चांदी के जेवरात मिले। वहीं बागीनाड़ा स्थित छीपों के मोहल्ले में बने मकान में से भी सोना-चांदी और प्रॉपर्टी के कागज मिले हैं। टीम ने जब मातेश्वरी एन्क्लेव में सर्च किया तो यहां 500, 200 और 100-100 रुपए के नोटों की गड्डियां मिली। इन्हें अलमारी से निकाल बिस्तर पर रखा गया। नोट इतने थे कि इन्हें गिनने के लिए मशीन और रखने के लिए कार्टन मंगवाना पड़ा। काउंटिंग के बाद नोटों की गड्डियों को कार्टन में पैक कर रखा गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को सात वर्ष का कठोर कारावास

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के फुलिया कला थाना क्षेत्र के ण्क गांव में वर्ष 2019 में हुई दुष्कर्म की घटना में न्यायालय ने आरोपी को कठोर सजा सुनाई है। विशिष्ट न्यायाधीश, महिला उत्पीड़न प्रकरण, भीलवाड़ा ने मामले में सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी हेमराज पुत्र लादूलाल बैरवा को विभिन्न धाराओं में दोषी मानते हुए दंडित किया।

प्रकरण के अनुसार 19 दिसम्बर 2019 को पीड़िता बकरियां चराने गई थी। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता के पति ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी धक्का-मुक्की कर वहां से फरार हो गया। बाद में पीड़िता को लेकर परिवादी थाने पहुंचा और लिखित रिपोर्ट दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। अनुसंधान अधिकारी द्वारा पीड़िता के बयान, मेडिकल जांच, घटनास्थल निरीक्षण, जब्ती कार्यवाही तथा धारा 164 के तहत बयान सहित आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसका भी मेडिकल कराया गया तथा उसके पहने कपड़े जब्त कर एफएसएल जांच हेतु जयपुर भेजे गए। जांच पूर्ण होने पर आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया गया। विशिष्ट लोक अभियोजक अदिति सेठिया द्वारा न्यायालय में 13 गवाह और 23 दस्तावेज पेश किए गए। साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए सात वर्ष का कठोर कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माना, धारा 341 में एक माह का कारावास व 500 रुपये जुर्माना तथा धारा 323 में 6 माह का साधारण कारावास व एक हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई।

# नवजात बच्ची का शव मिला

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकट जोजरी नदी के पुल के नीचे कुड़ी गांव में नवजात बच्ची का शव मिला। किसी ने शव को गड्ढा खोद कर डाल दिया। ऊपर से कचरा डाल दिया। बाद में श्वानों ने गड्ढा खोदकर बच्ची के शव को बाहर निकाल दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर उम्मेद अस्पताल की इमरजेंसी में भिजवाया, मगर चिकित्सक ने उसे मृत बता दिया। घटनास्थल पर एफएसएल को बुलाया गया। पुलिस अब जांच में जुटी है।

विवेक विहार थानाधिकारी दिलीप खदाव ने बताया कि जोजरी नदी पुल के नीचे कुड़ी गांव की सरहद में एक गड्ढे के बाहर शव पड़ा होने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस वहां पहुंची। शव किसी नवजात बच्ची का था, जोकि एक दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। हालांकि उसे बरामद कर उम्मेद अस्पताल की इमरजेंसी भिजवाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। शव को बाद में एमजीएच की मोर्चरी में रखवाया गया।

# अस्पताल में मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा

- अजमेर जेएलएन अस्पताल प्रशासन और चिकित्सा टीम पर लापरवाही के आरोप लगे
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजन व चिकित्सकों से समझाइश कर मामले को शांत करवाया

**अजमेर,** (निसं)। संभाग के सबसे बड़े राजकीय जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में एक मरीज की मौत के बाद अस्पताल प्रशासन और चिकित्सा टीम पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि समय पर सही उपचार नहीं मिलने और इलाज में अनावश्यक देरी के कारण उनके बेटे गजेंद्र सिंह की जान चली गई। हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजन व चिकित्सकों से समझाइश करके मामला शांत करवाया।

परिजनों के अनुसार, किशनगढ़ निवासी गजेंद्र सिंह की रविवार रात अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल किशनगढ़ से अजमेर के जेएलएन अस्पताल लाया गया, जहां उसे भर्ती कर वेंटिलेटर पर रखा गया। परिजनों का कहना है कि पूरी रात मरीज वेंटिलेटर पर रखा, लेकिन सुबह होने पर चिकित्सकों ने कहा कि यहां उपचार संभव नहीं है और मरीज को जयपुर रेफर कर दिया गया, यह कहते हुए कि वहां बेहतर इलाज मिल सकेगा। आरोप है कि जैसे ही मरीज को वेंटिलेटर से हटाया गया, उसकी हालत और ज्यादा बिगड़ गई। घबराए हुए परिजन उसे तुरंत अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में लेकर पहुंचे। इस दौरान मरीज की स्थिति अत्यंत गंभीर थी और तत्काल उपचार की आवश्यकता थी।

परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि इमरजेंसी विभाग में मौजूद डॉक्टर अतुल ने मरीज के परिजनों के साथ दुर्व्यवहार किया। आरोप है कि डॉक्टर द्वारा न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, बल्कि हाथापाई तक की स्थिति बन गई, जिससे अस्पताल परिसर में तनाव फैल गया। कुछ ही देर बाद मरीज गजेंद्र सिंह की मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सा टीम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजग़ी जताई। परिजनों का कहना है कि यदि समय पर उचित उपचार मिलता तो शायद उनके बेटे की जान बचाई जा सकती थी। घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया।

# शादी समारोह से काम खत्म कर घर लौटे चार श्रमिकों की संदिग्ध मौत



भीलवाड़ा के माधोपुरा गांव के मृतक चारों श्रमिकों की फाईल फोटो।

- बताया जा रहा है कि चारों श्रमिकों ने बर्तन साफ करने वाले घातक रासायनिक लिक्विड को शराब समझकर पी लिया था

**भीलवाड़ा,** (निसं)। नशे की एक छोटी सी भूल और अनभिज्ञता चार परिवारों के लिए काल बन गई। गंगापुर थाना क्षेत्र के आलोली गांव में एक शादी समारोह से काम खत्म कर घर लौटे चार श्रमिकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चारों ने बर्तन साफ करने वाले घातक रासायनिक लिक्विड को शराब समझकर पी लिया था। मरने वालों में तीन महिलाएं शामिल हैं। इस हृदयविदारक घटना के बाद माधोपुरा गांव में मातम पसरा हुआ है।

जानकारी के अनुसार रतन पुत्र मसरिया कंजर, सुशीला देवी, जमनी देवी और बदामी देवी ने तीन दिन पूर्व आलोली में एक शादी समारोह में बर्तन धोने का ठेका लिया था। काम पूरा करने के बाद वे वहां रखा बर्तन साफ करने वाला केमिकल (लिक्विड) अपने साथ घर ले आए। पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि उन्होंने इसे शराब समझकर सेवन कर लिया। देर रात तबीयत बिगड़ने पर तीन लोगों ने गंगापुर अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि बदामी देवी की मौत भीलवाड़ा के महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान हुई।

सामूहिक मौत की खबर फैलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जिला कलैक्टर जसमीत सिंह सिंधु और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाया है और अवैध एसिड विक्रेताओं व दोषियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी में सामने आया है कि थाना कोतवाली के राजेंद्र मार्ग के सामने स्थित दुकान माहेश्वरी एसिड एंड केमिकल दुकान विक्रेता अनुज सोमानी अपनी दुकान पर एक लीटर बोतल में मैथनॉल कार्बनिक सॉल्ट, जो कि शादी में खाना गर्म रखने हेतु फ्यूल के रूप में उपयोग किया जाता है, उसे शादी समारोहों में हलवाई या कैटरिंग की पर्ची पर बेचा जाता है। मैथेनॉल फ्यूल गुजरात के अंकलेश्वर से दो सौ लीटर के ड्रम में मंगाया जाता है, जिसको एक एक लीटर की बोतल में दुकानदार द्वारा बेचा जाता है। फ्यूल गुजरात से बिल के माध्यम से ही खरीदा जाता है। मृतकों में रतन कंजर निवासी माधोपुरा, सुशीला देवी श्रमिक, जमनी देवी पत्नी शंकर कंजर बदामी देवी की उपचार के दौरान भीलवाड़ा में मौत हो गई।

एसपी धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला बर्तन धोने के केमिकल को गलती से शराब समझकर पीने का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया

- एचडीएफसी बैंक से लोन दिलवाने के नाम पर आरोपी ने लाखों रुपये की धोखाधड़ी की थी

**भुसावर/भरतपुर,** (निसं)। एचडीएफसी बैंक से लोन दिलवाने के नाम धोखाधड़ी करने वाले नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित पुत्र चन्द्रप्रकाश पंजाबी, निवासी मूर्ति कॉलोनी, थाना एनईबी जिला अलवर को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार कस्बा भुसावर निवासी अजय कुमार पुत्र निरोत्तमलाल ने 11 जून 2025 को थाना भुसावर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 7 मई 2025 को एचडीएफसी बैंक एजेंट रोहित ने 20 लाख रुपये का लोन दिलाने के लिए आवेदन करवाया था। आरोप है कि लोन स्वीकृत होने के बाद एजेंट रोहित ने धोखाधड़ी करते हुए 20 लाख रुपये में से 10 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। मामले में थाना भुसावर पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। अनुसंधान के दौरान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की जांच जारी है।

# श्रद्धालुओं की कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी, एक की मौत, तीन घायल

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाइवे संख्या 125 पर बालेसर कस्बे के पास खारी बेरी गांव में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। गुजरात से रामदेवरा जा रहे श्रद्धालुओं की कार सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इस दुर्घटना में एक श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने रुककर घायलों को बाहर निकाला और बालेसर पुलिस व एंबुलेंस 108 को सूचना दी। एंबुलेंस के मौके पर पहुंचने पर गुजरात निवासी वासुदेव को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं राज, भौतिक और नीलम को घायलावस्था में एंबुलेंस 108 की सहायता से मथुरादास माथुर अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बालेसर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात सुचारु करवाया।

# एफ.एस.एल. रिपोर्ट भी साध्वी प्रेम बाईसा की मौत के मामले को नहीं सुलझा पाई

- रिपोर्ट में साध्वी को जहर देने या दूसरे अप्राकृतिक कारणों से मौत होने की पुष्टि नहीं हुई, साथ ही उनके साथ किसी तरह की गलत घटना के सबूत भी नहीं मिले हैं
- अब पोस्टमॉर्टम करने वाले मेडिकल बोर्ड के डॉक्टर रिपोर्ट का एनालिसिस कर साध्वी प्रेम बाईसा की मौत के कारणों का खुलासा करेंगे

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में साध्वी प्रेम बाईसा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला अब भी नहीं सुलझ पाया है। इस मामले में पुलिस को एफएसएल रिपोर्ट में कुछ खुलाने की उम्मीद थी। मामले में एफएसएल रिपोर्ट आई तो पुलिस को कुछ भी हाथ नहीं लगा। रिपोर्ट में साध्वी को जहर देने या दूसरे अप्राकृतिक कारणों से मौत होने की पुष्टि नहीं हुई है। इसके साथ ही उनके साथ किसी तरह की गलत घटना के सबूत भी नहीं मिले हैं।

जानकारी के अनुसार एफएसएल रिपोर्ट गुरुवार रात को जोधपुर पुलिस कमिश्नर को मिली। इसके बाद डीसीपी वेस्ट विनीत कुमार बंसल के जरिए मेडिकल बोर्ड को भेजी गई है। अब पोस्टमॉर्टम करने वाले मेडिकल बोर्ड के डॉक्टर रिपोर्ट का एनालिसिस कर मौत के कारणों का खुलासा करेंगे। सूत्रों के मुताबिक एफएसएल जांच में साध्वी प्रेम बाईसा की मौत को लेकर लगाई जा रही अटकलें बेदम साबित हुई हैं। उनके साथ किसी तरह की गलत घटना के सबूत भी रिपोर्ट में नहीं मिले हैं। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम साध्वी की मौत को लेकर कई एंगल से जांच कर रही है।

गौरतलब है कि साध्वी के बीमार होने के बाद उन्हें प्रेक्षा हॉस्पिटल ले जाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने प्रेक्षा हॉस्पिटल के मालिक, डॉक्टर और अन्य स्टाफ से भी पूछताछ की थी। इसमें डॉक्टर ने बताया था कि साध्वी हॉस्पिटल में कुछ महीने पहले खांसी-जुकाम की दवा लेने आई थी। जांच में टीम को साध्वी प्रेम बाईसा को अस्थमा की बीमारी होने का भी पता लगा है। जोधपुर शहर के बोरनाडा रोड के आरती नगर स्थित आश्रम में 28 जनवरी को साध्वी प्रेम बाईसा की तबीयत बिगड़ी थी। उन्हें जुकाम हो गया था। उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी थी। इलाज के लिए कंपाउंडर देवीलाल सिंह को बुलाया गया था। कंपाउंडर देवीसिंह ने दो इंजेक्शन लगाए। इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद उनकी तबीयत अचानक और ज्यादा बिगड़ गई। परिजन उन्हें लेकर पाल रोड स्थित प्रेक्षा हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। साध्वी के पिता वीरमनाथ शव को आरती नगर स्थित आश्रम ले आए। पुलिस की दखल के बाद 29 जनवरी को देर शाम एमजीएच हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। 30 जनवरी को बाड़मेर के परेऊ गांव में साध्वी प्रेम बाईसा को समाधि दी गई। 31 जनवरी और 1 फरवरी को शनिवार-रविवार का अवकाश था। ऐसे में 2 फरवरी को विसरा सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। 11 दिन में एफएसएल जांच पूरी हुई। इसके बाद रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी गई।

पुलिस ने इस मामले की गहन जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित की थी। जिसने अब तक 48 लोगों से पूछताछ की, 500 से अधिक पेज के पूछताछ नोट तैयार किए। एसआईटी ने 40 से ज्यादा मोबाइल फोन के कॉल डिटेल रेकॉर्ड निकाले। राज्य की एफएसएल ने विसरा जांच रिपोर्ट 11 दिन बाद सौंपी, जिसमें किसी भी प्रकार के जहर या विषाक्त पदार्थ की पुष्टि नहीं हुई। अप्राकृतिक कारणों के स्पष्ट संकेत भी नहीं मिले हैं। अब अंतिम मौत का कारण तय करने का जिम्मा मेडिकल बोर्ड पर है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद जांच की दिशा और साफ हो सकेगी। एसआईटी ने मामले की हर बारीकी खंगाली। आश्रम से 35 से अधिक सैंपल जुटाए गए, जिनमें डीएनए, फिंगरप्रिंट और अन्य फॉरेंसिक सबूत शामिल हैं। पुलिस ने अस्पताल रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया एक्टिविटी की भी जांच की। शुरुआत में मौत को दवा के एलर्जिक रिएक्शन या लापरवाही से जोड़ा गया, लेकिन सुसाइड नोट पोस्ट होने से साजिश के सवाल उठे। साध्वी प्रेम बाईसा पिछले साल जुलाई में एक वायरल वीडियो के कारण ब्लैकमेल और मानसिक उत्पीड़न का शिकार हुई थी। उस मामले में आरोपी गिरफ्तार हुआ था, लेकिन वीडियो दोबारा वायरल होने से उन्हें परेशानी हुई। कुछ लोग इसे मौत से जोड़कर देख रहे हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक किसी साजिश की पुष्टि नहीं की।

साध्वी को डेक्सोना व डायनापार इंजेक्शन लगाए गए थे। कंपाउंडर देवी सिंह ने पुलिस को दिए बयान में यह इंजेक्शन साध्वी से मिली पर्ची के आधार पर लगाने की जानकारी दी, जबकि पाल रोड स्थित प्रेक्षा अस्पताल के डॉक्टर ने पिछले काफी समय से साध्वी की जांच करने तक से इनकार किया था। ऐसे में अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इंजेक्शन किसने लिखे थे? जिसके आधार पर लगाए गए, इसका जवाब एसआईटी को ढूंढना होगा।

# बूंदी पुलिस ने 15 लाख के मोबाइल बरामद किए

- एसपी ने गुमशुदा 70 मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए

**बूंदी,** (निसं)। पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल की मदद से लगातार बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद कर आमजन को राहत पहुंचाई जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी राजेन्द्र कुमार मीणा ने गुमशुदा 70 मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए। मोबाइल पाकर मोबाइल धारकों के चेहरो पर रौनक आ गई। एसपी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस सायबर क्राईम द्वारा चलाये जा रहे विशेष साश्बर अभियान के दौरान जिले के सभी पुलिस थानों द्वारा गुमशुदा हुये 70 मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद कर वास्तविक मोबाइल धारकों को वापस लौटाये गये हैं। बरामद किये गये मोबाइल फोन की कीमत लगभग 15 लाख रूपये हैं। पुलिस टीमों द्वारा कई दिनों तक तकनीकी विश्लेषण कर सीईआईआर पोर्टल से ट्रेस हुये गुमशुदा मोबाइलों में से कुल 70 मोबाइल बरामद करने में सफलता प्राप्त की।


OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD ELECTRICAL DIVISION KOTA

No. 924 — **Notice Inviting Bid** — Date: 05.02.2026

(NIT NO. 30/2025-26)

Bids for 02 No work at District Bundi are invited from interested bidders up to 06.00 PM of 19.02.2026 (Thursday) Other particulars of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the rajasthan State. The approximate value of the procurement is Rs. 208.78 Lac.

UBN 1. PWD2526WSOB22551, 2. PWD2526WSOB22552

Executive Engineer PWD Elect. Div.Kota

DIPR/C/2792/2026

कार्यालय उप वन संरक्षक, करौली (राज.)

(गढ़का की चौकी करौली, Phone & Fax No. 07464-297003, Email-dcf.kroli.forest@rajasthan.gov.in)

ई-निविदा सूचना संख्या 10 व 11

इस कार्यालय अधीन रेंज मासलपुर में WHS एवं अग्रिम मृदा कार्यों की साईटों पर कैटल गार्ड हट निमार्ण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की गई हैं। अतः इच्छुक फर्म http://sppp.raj.nic.in एवं http:// www.eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देख कर निविदाओं में बोली लगा सकते है।

| क्र.सं. | यू बी एन नम्बर | लागत लाखों में | जारी दिनांक | जमा व खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UBN No FOR2526 WSOB05289 | 7.53 | 04.02.2026 | 16.02.2026 |
| 2 | UBN No FOR2526 WSOB05374 | 12.62 | 05.02.2026 | 16.02.2026 |

DIPR/C/2826/2026 — (सुमित बंसल) उप वन संरक्षक करौली

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा.अभि.विभाग, खण्ड कोलायत

क्रमांक-3378-91 — दिनांक-06.02.2026

Notice Inviting Bid :- 100-106/2025-26

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 20.02.2026 at 14.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http:/eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 378.14 lacs.

| NIT No. | 100 | 101 | 102 | 103 |
|---|---|---|---|---|
| UBN No. | PHE2526 WSOB13679 | PHE2526 WSOB13681 | PHE2526 WSOB13682 | PHE2526 WSOB13684 |
| NIT No. | 104 | 105 | 106 | |
| UBN No. | PHE2526 WSOB13685 | PHE2526 WSOB13686 | PHE2526 WSOB13687 | |

जल सीमित है, इसकी बचत करें।

(धर्मेन्द्र कुमावत) अधिशाषी अभियंता जन स्वा.अभि.विभाग खण्ड कोलायत

DIPR/C/2817/2026

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED DIVISION KARAULI

PH NO. 07464-250219 — E-Mail-ee.kar.phed@rajasthan.gov.in

Notice Inviting Bid

Bids for transportation of water through tanker under Division Karauli are invited from interested bidders up to 18.02.2026 other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal eproc. rajasthan.gov.in and sppp.raj.nic.in website.

NIB CODE: PHE2526A6087

| S.N. | NIT NO | UBN | S.N. | NIT NO. | UBN |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 158/2025-26 | PHE2526WSOB13018 | 4 | 161/2025-26 | PHE2526WSOB13021 |
| 2 | 159/2025-26 | PHE2526WSOB13019 | 5 | 162/2025-26 | PHE2526WSOB13022 |
| 3 | 160/2025-26 | PHE2526WSOB13020 | 6 | 163/2025-26 | PHE2526WSOB13023 |
| | | | 7 | 164/2025-26 | PHE2526WSOB13024 |
| 01 | Total work | | 07 | | |
| 02 | Total Estimate Cost | | 190.00 Lac | | |
| 03 | Bid submission end date | | 18.02.2026 up to 04.00 PM | | |
| 04 | Bid opening date | | 19.02.2026 at 04.00 PM | | |

(Vijay Kumar Meena) Executive Engineer PHED Division Karauli

DIPR/C/2564/2026

कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (द्वितीय) रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली

Mail ID-dcfb.kroli.forest@rajasthan.gov.in — Phone No. 07464-294200

इस कार्यालय द्वारा जारी ई-निविदा आमंत्रित की गई है। अत इच्छुक बोलीदाता पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देख कर ऑनलाईन निविदाओं को डाउनलोड कर निविदाओं में भाग ले सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | UBN NO. | अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा जारी करने की दिनांक | निविदा जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिवीजन कैम्पस में स्थित उप वन संरक्षक आवास मरम्मत एवं अपग्रेडेशन कार्य हेतु | FOR2526 WSOB05265 | 20.00 | 03.02.2026 | 13.02.2026 | 13.02.2026 |
| 2 | रेंज नैनियाकी के अन्तर्गत तिखूटी वनरक्षक चौकी सुरक्षा दीवार 200 रनिंग मीटर पक्की बाउण्ड्री निर्माण कार्य हेतु | FOR2526 WSOB05268 | 6.00 | 03.02.2026 | 13.02.2026 | 13.02.2026 |

(पीयूष कुमार शर्मा) उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (द्वितीय) रणथम्भौर टाईगर रिजर्व, करौली

DIPR/C/2549/2026

राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

राजकीय जनाना चिकित्सालय परिसर, मोरी चार बाग-भरतपुर-321 001 (राज.)

eemhbharatpur@gmail.com, ee-mh-bharatpur@gov.in, Mob. 9602097030

क्रमांक-/M&H/2025-26/1942 — दिनांक-05.02.2026

निविदा सूचना संख्या-27/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य जिला भरतपुर/डीग/करौली में रू. 179.50 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में सिविल कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.Org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

| | | अनुमानित लागत (रू.लाखों में) | UBN NO. | | | अनुमानित लागत (रू.लाखों में) | UBN NO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of SHC Malpur distt. Bharatpur | 52.00 lac. | UBN IS: MHS2526 WSOB 06402 | 2 | Construction of of SHC Bara Rajpur distt. Karauli | 52.00 lac. | UBN IS: MHS2526 WSOB06403 |
| 3 | Construction of SHC Naand distt Karauli | 52.00 lac. | UBN IS: MHS2526 WSOB 06405 | 4 | Construction of E.T.P at DH Hindaun distt Karauli | 23.50 lac. | UBN IS: MHS2526 WSOB06406 |

(एल.के.अग्रवाल) अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर

DIPR/C/2992/2026

# मादकों पदार्थों के लिए एक दर्जन दुकानों पर छापामारी

जयपुर। मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए पुलिस कमिश्नरेट के आदेश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत शहर के विभिन्न थानों की स्पेशल टीम और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से अधिक दुकानों पर छापेमारी कर ई-सिगरेट बरामद की है। संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने अलग -अलग जगहों से 8 जगह पर ई-सिगरेट बरामद की है। स्पेशल टीमों ने ई-सिगरेट जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस को सौंप दिया।

# भजनलाल सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र को नई रफ्तार देने के लिए बजट में 32526 करोड़ रु. का प्रावधान किया

## यह राशि वर्ष 2023-24 की तुलना में 53 प्रतिशत अधिक है, जो कि सरकार का लक्ष्य 'निरोगी एवं स्वस्थ राजस्थान' के लिए अहम है

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र को नई रफ्तार देने के लिए बजट 2026-27 में 32 हजार 526 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह राशि वर्ष 2023-24 की तुलना में 53 प्रतिशत अधिक है। सरकार का लक्ष्य 'निरोगी एवं स्वस्थ राजस्थान' है।


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 6.52 करोड़ आभा आईडी जारी की जा चुकी हैं। इससे मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री डिजिटल रूप से उपलब्ध हो रही है। वहीं ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन के जरिए 20.33 लाख मरीजों को घर बैठे परामर्श मिला। सरकार आरजीएचएस, आयुष्मान वय वंदन योजना और मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान (दवा) योजना जैसी योजनाओं से हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रही है। बच्चों के बेहतर इलाज के लिए जयपुर स्थित जे.के. लोन अस्पताल में 500 बेड क्षमता का नया आईपीडी टॉवर बनेगा। यहां पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी विभाग भी स्थापित होगा।

इसके साथ ही आरयूएचएस अस्पताल में 200 बेड का पीडियाट्रिक आईपीडी और निओनेटल आईसीयू विकसित किया जाएगा।

जयपुर मेडिकल कॉलेज के उन्नयन के लिए 865 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रदेश के अन्य प्रमुख मेडिकल कॉलेजों को भी बजट में मजबूत किया गया है।

इसमें जोधपुर के लिए 461 करोड़, उदयपुर के लिए 333 करोड़, कोटा के लिए 341 करोड़, अजमेर के लिए 345 करोड़ और बीकानेर के लिए 276 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

इन संस्थानों में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, क्रिटिकल केयर यूनिट, ट्रॉमा सर्जरी सुपर स्पेशलिटी कोर्स और बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग सेंटर स्थापित होंगे।

राज्य में वर्तमान में 267 अस्पताल, 849 सीएचसी, 2,875 पीएचसी, 15,292 उप स्वास्थ्य केंद्र और 638 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं।

बजट में कई पीएचसी को सीएचसी, सीएचसी को उप जिला अस्पताल और उप स्वास्थ्य केंद्रों को आरोग्य मंदिर में क्रमोन्नत किया जाएगा।

# विधायक रोहित बोहरा द्वारा सदन में अश्लील इशारा करने का मुद्दा गर्माया

## सत्ता पक्ष ने इस आचरण को सदन की गरिमा के खिलाफ बताते हुए कार्रवाई की मांग उठाई, जबकि विपक्ष ने सहानुभूति बरतने का आग्रह किया

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर । राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा द्वारा कथित अश्लील इशारा करने का मामला शुक्रवार को सदन में गर्माया। पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने शुक्रवार को सदन में यह मुद्दा उठाते हुए विधायक के आचरण पर खड़े किए और कार्रवाई की मांग की। सत्ता पक्ष के मंत्री व विधायकों ने रोहित बोहरा के इस आचरण को सदन की गरिमा के खिलाफ बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की, जबकि विपक्ष ने सहानुभूति बरतने का आग्रह किया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि वे संबंधित वीडियो फुटेज देखेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आचरण सदन की गरिमा के प्रतिकूल पाया गया तो नियमों के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को सदन में यह मुद्दा भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजाखेड़ा से विधायक रोहित बोहरा ने सदन के भीतर अश्लील इशारा किया, जो विधानसभा की गरिमा के खिलाफ है। कृपलानी ने अध्यक्ष से व्यवस्था देने और सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा की समृद्ध परंपराएं रही हैं, लेकिन हाल के समय में आचरण का स्तर गिरता दिखाई दे रहा है।

> ■ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि वे संबंधित वीडियो फुटेज देखेंगे। यदि आचरण सदन की गरिमा के प्रतिकूल पाया गया तो नियमों के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने भी इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि आचरण और वाणी से जुड़े विषय अत्यंत संवेदनशील होते हैं। बहस के दौरान सदस्य कभी-कभी उत्तेजित हो सकते हैं, लेकिन सदन के भीतर और बाहर मर्यादा बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक शांति धारीवाल पहले भी अभद्र भाषा का उपयोग कर चुके हैं, और अब अश्लील इशारे जैसी घटना अत्यंत चिंताजनक है।

विपक्ष के सचेतक ने कहा कि पूर्व में भी इस तरह की घटनाओं पर सदन में माफी दी गई है। उन्होंने आग्रह किया कि रोहित बोहरा के मामले में भी सहानुभूति रखते हुए माफी देकर प्रकरण को समाप्त किया जाए।

अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि प्रदेश की 8 करोड़ जनता सदन की कार्यवाही देखती है और हर विधायक लाखों मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में सभी जनप्रतिनिधियों से मर्यादित और जिम्मेदार आचरण की अपेक्षा की जाती है। गुरुवार को शून्यकाल के दौरान यह घटनाक्रम सामने आया था। जब कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा सरकारी कार्यक्रमों के लोकार्पण और शिलान्यास से जुड़े मुद्दे पर अपनी बात रख रहे थे।

उसी दौरान उनके पीछे बैठे रोहित बोहरा पहले किसी विधायक की ओर हाथ जोड़कर अभिवादन करते दिखे, लेकिन कुछ क्षण बाद कैमरे में हंसते हुए कथित रूप से अभद्र इशारा करते नजर आए। यह दृश्य विधानसभा की लाइव फीड में रिकॉर्ड हो गया, जिसके बाद सियासी हलकों में चर्चा तेज हो गई।

# पीकेसी-ईआरसीपी परियोजना में दौसा शामिल

जयपुर (वि.सं.)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना (पीकेसी-ईआरसीपी एकीकृत) के अंतर्गत लाभान्वित जिलों में दौसा जिला भी सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि परियोजना की डीपीआर वर्तमान में केंद्रीय जल आयोग, नई दिल्ली में परीक्षणाधीन है।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपनी बेटी का नाम इल्मा अख्तर से बदलकर सारा अख्तर कर दिया है, रफीक अहमद पुत्र अब्दुल रहीम, निवासी- 67, गली नंबर 5, जियाउद्दीन कॉलोनी, चार दरवाजा, जयपुर

मैं, मीरा श्रीवास्तव, निवासी बी-262 (विला नं. 34), आर्केडिया ग्रीन्स, गांधीपथ वेस्ट, वैशाली एस्टेट, सिरसी, जयपुर - 302012, यह घोषित करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलत रूप से मीरा श्रीवास्तव (Shreevastav) अंकित है। मेरा सही नाम मीरा श्रीवास्तव (Srivastava) है।

मैं ऐना खान पुत्री श्री शाकेब खान निवासी 3/72, सेक्टर- 3, जवाहर नगर, जयपुर। मैंने नाम ऐना से बदलकर ऐना खान (AINA KHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे ऐना खान के नाम से जाना जाये।

मेरा नाम धोली बाई मीणा एवं ढोली बाई मीना जो मेरे दस्तावेजात में अंकित को बदलकर दीपिका मीना पुत्री श्री खिल्ली राम मीणा उम्र 25 वर्ष निवासी- बहादुरपुर अलवर (राज.) हाल निवासी प्लॉट नं- 72, शिवराम कॉलोनी, जगतपुरा, जयपुर, राज. के उक्त नए नाम से जाना जावे।

मैं जय किशन मूलचंदानी पुत्र श्री पारस राम निवासी 85/ 221 सेक्टर 8 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर (राजस्थान) मेरे दस्तावेजों में नाम जय किशन मूलचंदानी है तथा पासपोर्ट में मेरा नाम जय किशन है मैं जय किशन के स्थान पर जय किशन मूलचंदानी करवाना चाहता हूं जो की सही है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए

I have changed my name from Yuvraj Singh Tanwar to Yuvraj Singh S/o Vikram Singh for all purpose. Resi.: Plot No. 16, Keshav Nagar, Jamdoli, Jaipur

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाके महानगर जयपुर नाई की थडी ग्राम बडी का बॉस के अन्तर्गत सूरजपोल गेट गृह विकास सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर पंजीयन क्रमांक 2235-एल द्वारा विकसित की गई आवासीय योजना "सीमा विहार" में काटे गये भूखण्डों में से आवासीय प्लाटस नम्बर 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41 व 42 के मोहम्मद इकबाल पुत्र श्री इमामुद्दीन खान एक मात्र मालिक स्वामी एवं काबिज है। मोहम्मद इकबाल ने एक इकरारनामा श्री मोहम्मद रहमत पुत्र श्री मोहम्मद ईशाक के हक में दिनांक 08.10.2024 को निष्पादित किया था। इकरारनामा की समयावधि दिनांक 08.02.2025 को समाप्त हो चुकी है। इकरारनामा में Time is essence of contract था। आप इकरारनामा की पालना करने में असमर्थ रहे है, इसलिए भी इकरारनामा निरस्त हो चुका है। जिसकी जुबानी/लिखित सूचना श्री मोहम्मद रहमत पुत्र मोहम्मद ईशाक को दी जा चुकी है। अब मोहम्मद इकबाल प्लाटस नम्बर 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41 व 42 को अन्य व्यक्ति को बेचने के लिए स्वतंत्र है। यदि किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो, तो वह तीन योम में प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति मान्य नहीं होगी।
दिनांक-13.02.2026 मुजीब उर रहमान, एडवोकेट मो. 9587860191, रजि.नं. आर/2531/2020

**NAME CHANGE**

I Hemraj Sharma Son Of Shimbhu Dayal Sharma My Army No. 6949710H Rank NK/DVR 18 ROU c/o 56-APO of Village Duhar Chogan Teh. Thanagazi Distt Alwar State Rajasthan I have Changed my Father name Shimbu Dayal Sharma to Shimbhu Dayal Sharma to all future will be known as Shimbhu Dayal Sharma

**हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
29 व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली
28.01.2026 अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय: अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम सं. 10, सांगानेर स्थान जयपुर महानगर-प्रथम
अनुराधा शर्मा व रुद्रांश शर्मा विरुद्ध हर आम व खास वाद / प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 8 बाबत अव्यस्क संतान की संपति उसके हितार्थ विक्रय करने की अनुमति चाहने U/S 8 हिन्दू अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम 1956
प्रार्थना पत्र संख्या 38 / 2024 सन्
नाम हर आम व खास पुत्र.......जाति...... पता....
उक्त प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि जिसकी नकल सलंग्न है
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 19 माह 02 सन् 2026 को 8:00 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक् रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जावेगा।
यह आज दिनांक 27 माह 01 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
आज्ञा से
अपर सिविल एवं सत्र न्यायाधीश संख्या – 10, सांगानेर, जयपुर महानगर प्रथम

**नम्बर मिलाइए 9587884433**
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक कराएं।

**खोया-पाया**
हमारा एक पाँच सौ रूपया का हस्ताक्षर युक्त खाली स्टाम्प नं. 21 425521 रजि. नं.2149 दि.16-09-2025 ट्रक यूनियन गंगापुर सिटी से न्यायालय गंगापुर के बीच कहीं गिर गया है। उक्त स्टाम्प का यदि कोई दुरूपयोग करता है तो वह स्वयं इसका जिम्मेदार होगा।
भवदीय
सतीश शर्मा पुत्र श्री मिठ्ठनलाल शर्मा नोशद खान पुत्र अ. सलाम गंगापुर सिटी

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य श्री भंवर सिंह मेड़तियाँ पुत्र श्री अमर सिंह निवासी प्लाट नम्बर 05, श्याम नगर खातीपुरा रोड, झोटवाड़ा, जयपुर नगर प्रान्त राजस्थान-302012 की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र दीपेन्दर सिंह मेड़तियाँ एवं पुत्रवधु श्रीमती कंचन पंवार मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं हैं वे मेरे अभिभाष्य के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, इसलिये मेरा अभिभाष्य अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र दीपेन्दर सिंह मेड़तियाँ एवं पुत्रवधु श्रीमती कंचन पंवार को बेदखल करता है तथा भविष्य में मेरे अभिभाष्य का अपने पुत्र दीपेन्दर सिंह मेड़तियाँ एवं पुत्रवधु श्रीमती कंचन पंवार से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं होगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीपेन्दर सिंह मेड़तियाँ व श्रीमती कंचन पंवार के साथ यदि कोई व्यक्ति/संस्था किसी भी प्रकार का संव्यवहार, पैसो को लेन-देन इत्यादि करता है तो उन सबकी जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। सूचित रहे।
निकिता भार्गव, एडवोकेट मो.9414209279, 9460724170, 8094789095

**महात्मा ज्योतिबा फुले आयुर्वेद महाविद्यालय**
9829570043 चौमूँ, जयपुर 9784127000
**प्रवेश सूचना** सत्र 2025-26
Diploma in AYUSH Nursing & Pharmacy (DAN&P)
महाविद्यालय के आयुर्वेद नर्सिंग एण्ड फार्मेसी पाठयक्रम सत्र 2025-26 मे राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परिषद, जयपुर की अंतिम काउंसलिंग के उपरान्त रिक्त रही सीटों पर प्रवेश हेतु योग्यताधारी अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
योग्यता :- 10+2 उत्तीर्ण
आयु :- 17 वर्ष ( 31 दिसम्बर 2025 )
काउंसलिंग तिथि :- 25 फरवरी 2026
प्राचार्य

**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. Agriculture University-Jobner)
Bhusawar – Bharatpur (Rajasthan)-321406
Mob: 9414714234 Email.dean.coabhusawer@sknau.ac.in
No.F.( )/E-Tender/ COA-B/2026/ 941 Dated: 10-02-2026
**NOTICE INVITING BID**
Bid for open e-tender regarding Furniture & Fixture Items are invited from interested bidders upto 05.00 AM, 23.02.2026 and Bid opening date 24.02.2026 at 11.00 AM and other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.rajasthan.gov.in of the state; www.sknau.ac.in University website.
NIB code SKN2526A0421 and UBN is SKN2526GLOB00456
Raj.Samwad/C/25/19776 DEAN

**प्रारूप 10 ( नियम 8 ( 7 ) देखिए )**
प्राधिकृत अधिकारी का नाम:- नगर परिषद्, गंगापुर सिटी
क्रमांक:-8357 लोक सूचना दिनांक: 13.2.2026
कैलाशचन्द पुत्र पून्या राजस्व ग्राम उदेईकलां तहसील गंगापुर सिटी ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयाजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकरो के निवापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल हैक्टर |
|---|---|---|---|
| गंगापुर सिटी | उदेईकलां | 6987/4005, 7018/2002 | 1,4700 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयाजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 13-2-2026 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त

**शोक सन्देश**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी
**श्रीमती ठुकरानी नंदा देवी**
(पूर्व प्रधान पंचायत समिति किशनगढ़ बास जिला खैरथल तिजारा) (ठिकाना माहुन्द)
का स्वर्गवास दिनांक 13.2.2026 को हो गया है। जिसकी बैठक निज निवास किशनगढ़ बास में रखी गई है। जिनका दिन शुद्ध (शीशी पूजन) 24. 02.2026 को होगा।
शोकाकुल: पूर्व प्रधान ठा. पद्म श्री सूर्यदेव सिंह बारेठ - (पति)
ठा. भवानी सिंह, ठा. हेमकरण सिंह, ठा. परमवीर सिंह, ठा. रघुवीर सिंह (देवर), कुंवर सुधीर सिंह-मनीषी मेहरू, कुंवर संजीव सिंह बारेठ-तपस्या पालावत (पुत्र-पुत्रवधू), डॉ. सुनीता पालावत-गिर्राज सिंह जी, विनिता पालावत-संदीप भारद्वाज जी, सुचेता सिंह पालावत-भरत सिंह जी (पुत्री-दामाद), ठा. डॉ. अरविंद पालावत, ठा.विक्रम सिंह, भानु प्रताप, ठा. विश्व प्रताप सिंह, ठा. शरद पालावत, ठा. आदर्श पालावत (भतीजे), एडवोकेट जन्मेजय सिंह, जानकी बारेठ (पौत्र- पौत्रवधू),दिग्विजय सिंह (पौत्र), एडवोकेट प्रज्ञा पालावत - अभिजीत सिंह शाह, मैत्रेयी पालावत-विपुल सिंह, प्रियदर्शनी पालावत-कुबेर सिंह (पौत्री-पौत्रीदामाद), डोना बाईसा (पड़पोत्री), अस्मिता सिंह, वंशिता सिंह, शिव रंजिनी (दौहित्री), दिवित भारद्वाज (दौहित्र)
पीहर पक्ष: डी डी चारण (भाई), मनीष चारण (भतीजा),
सम्पर्क - 9024122966, 9414022047, 9372233405

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य अब्दुल हमीद पुत्र मोहम्मद खान निवासी-785 मोहल्ला ईमाम चौक, बास बदनपुरा, जयपुर राजस्थान ने अपने पुत्र अब्दुल एजाज उर्फ लालू को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे अभिभाष्य का पुत्र अब्दुल एजाज उर्फ लालू आये दिन अपनी पत्नी नजमा के कहने में आकर मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी से लड़ाई झगड़ा करता है मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है एवं हैरान परेशान करता है एवं मेरे अभिभाष्या के कहने में नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि अब्दुल एजाज उर्फ लालू से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार लेन-देन करेगा तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।
दिनांक-13.02.2026 (मोहम्मद शरीफ) एडवोकेट मो. 9887188430

**राजस्थान आवासन मण्डल– वृत तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
क्रमांक 500 फोन- 0141-4901853 दिनांक 12/02/2026
-: आम जाहिर सूचना :-
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 4/म/53 जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल 139.00 वर्गगज का आवंटन श्री हरी नारायण शर्मा पुत्र श्री गोरी लाल शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5440 दिनांक 30/08/1976 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 1014 दिनांक 05/11/1977 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन पत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर नगर से दिनांक 13/04/1982 को करवाया गया। स्व. श्री हरी नारायण शर्मा की मृत्यु दिनांक 15/01/2020 को हो जाने के कारण श्री पुरेन्द्र एन. शर्मा, श्री तुलसी एन. शर्मा पुत्रान श्री हरी नारायण शर्मा एवं श्रीमती नारेन्द्रा शर्मा पत्नी श्री महेश पुत्री स्व. श्री हरी नारायण शर्मा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सजरा रिपोर्ट प्रस्तुत कर, उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने संयुक्त नाम से करने का निवेदन किया गया है। अत: उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री पुरेन्द्र एन. शर्मा, श्री तुलसी एन. शर्मा पुत्रान स्व. श्री हरी नारायण शर्मा एवं श्रीमती नारेन्द्रा शर्मा पत्नी श्री महेश पुत्री स्व. श्री हरी नारायण शर्मा के पक्ष में आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**कार्यालय नगरपालिका चाकसू जिला जयपुर (राज.)**
क्रमांक-न.पा.चा./2026/8184 दिनांक-13.02.2026
**लोक सूचना**
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थित भूमि की निम्नानुसार पत्रावली/प्रार्थना पत्र मय साईट प्लान राजस्थान नगरीय क्षेत्र कृषि भूमि के उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन नियम 2012 के तहत निस्तारण हेतु विचाराधीन है-
क्र.सं.-1, नाम/पिता पति का नाम व पता-1.श्री कैलाश चौधरी व मुकेश चौधरी पुत्रान जगदीश चौधरी निवासी वार्ड नं. 21, बदनी की ढाणी, चाकसू, जयपुर, ग्राम का नाम व खसरा नं.-चाकसू (पश्चिम तह. चाकसू खसरा नम्बर 11749, 11759, 11761, 11760/2 कुल किता 04 कुल रकबा 0.3000 हैक्टर, विषय-व्यावसायिक प्रयोजनार्थ
उक्त भूमि के नियमन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति है तो यह आपत्ति को लिखित में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अन्दर-2 इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति अंगीकार नहीं की जावेगी एवं तदानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा।
उक्त सूचना आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मुहर द्वारा प्रसारित किया गया।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका चाकसू

**Before Hon'ble Motor Accident Claim Tribunal (Spel.) at Rajkot**
Claim Case No. 896/2022
Advocate of Applicant: K.K. Vaghela
Next Date 18/03/2026
Applicant:
L/H KEYURBHAI@VAIBHAVBHAI DILSUKHBHAI DALSANIYA 'S LEGAL HEIRS 1. PRIYANKABEN KEYURBHAI@VAIBHAVBHAI DALSANIYA ETC, OTHER 2 Residing at - MARUTI NANDAN APPRTMENT, LAKSHMINARAYAN SOC., OPP. ESSAR PETROL PAMP, TRAJPAR CHOKADI, MORBI.
Versus
Opponent
Truck No. RJ-14-GN-6238's
1. Owner: Arsad (Prop Dhamala Roadlines) Add.: 25 Asyana City Kho Nagoriyan, Jagatpura, Jaipur, Rajasthan - 302017.
It is hereby inform that in the above case, the applicants have filed an application before the 9 Addl. District Judge And Spel. Motor Accident Claim Shri V.K. Bhatt's Tribunal for compensation of Rs. 1,00,00,000/- under Section 166 of the Motor Vehicles Act, 1988 (as amended in 1994) against you opponent. You are therefore hereby directed to appear before this Tribunal in person or through advocate on 18-03-2026 at 10.45 a.m. to answer the said application. You should be prepared to produce on that day all the written evidence on which you base your defence.
And you are hereby inform that if you do not appear on the day above mentioned, the application will be heard and disposed of in your absence.
You are further notified that if you fail to write letters for hearing on or before the date specified, your defence will not be entertained.
Today on Date 18/02/2026 with signature and seal of Tribunal.
Prepare Superintendan M.A.C.T. (Spel.) Rajkot — Court Seal — By Order cy. B.Bhatt Deputy Registrar M.A.C.T. (Spel.) Rajkot

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे०एल०एन० मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर -0141-4901853
क्रमांक : 506 दिनांक : 13/02/26
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा आवास संख्या- 3/ट/13 जवाहर नगर जयपुर, क्षेत्रफल 136.00 वर्ग गज का आवंटन श्री मित्र सैन गुप्ता पुत्र स्व. श्री हंस राज अग्रवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 11199 दिनांक 22/07/1975 जारी किया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर नगर में दिनांक 30/11/1976 को करवाया गया। श्री मित्र सैन गुप्ता की मृत्यु दिनांक 15/11/2025 को जाने के कारण श्री हेमन्त गुप्ता एवं श्री राजकुमार गुप्ता पुत्रान स्व.श्री मित्रसैन गुप्ता के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनि शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर, उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अत: उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री हेमन्त गुप्ता एवं श्री राजकुमार गुप्ता पुत्रान स्व. श्री मित्रसैन गुप्ता के पक्ष में आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेंगी।
(हस्ताक्षर) सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा०आ०मण्डल, जयपुर

**न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमहावीरजी पीठासीन अधिकारी- पूजा बेनीवाल आर.जे.एस**
रामसिंह आदि बनाम हरखास आम आदि
दावा बाबत् घोशित किये जाने विधिक मृत्यु (सिविल डैथ)
नोटिस हर खास आम-
सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि रामसिंह प्रेमसिंह, किशनसिंह व गणपत पिसारान श्रीफल व शिमलादेवी, अमला देवी, कमलेश पत्री श्रीफल सभी जातियान मीना निवासीयान खेडीशीश पंचायत समिति श्रीमहावीरजी ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपने पिता श्रीफल पुत्र रामजीलाल जाति मीना निवासी खेडीशीश की विधिक मृत्यु (सिविल डैथ) घोषित करने का माननीय न्यायालय में दावा पेश किया है। लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को उक्त दावे को स्वीकार किये जाने में आपत्ति होतो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में दिनांक 27.02.2026 को समय 10:00 ए.एम को असालतन या बकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, वरना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी एवं दावा एक तरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 12.01.2026 को जारी किया गया।
न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमहावीरजी
मोहर

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1320
चूंकि प्रार्थी श्री Ram Baboo Gupta, 5/3 Khandelwal Tower, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur, Rajasthan-302039 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास [illegible] कल्याण शिक्षा ट्रस्ट B-19, New Colony, Jaipur, Rajasthan Pin Code 302001 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 10.04.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**PROFORMA-10.01**
**भारतीय रेलवे**
**सार्वजनिक सूचना**
रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतत् द्वारा सूचना दी जाती है कि जयपुर मण्डल उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर **25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज,** एसी शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने निविर्दिष्ट तारीख **18.02.2026** को या बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नही जाएगा।
**खण्डः**
**जयपुर मण्डल के लालसोट (सहित)- गंगापुर सिटी (रहित) में ओएचई एकल लाइन सेक्शन के मास्ट नं. 43/04 (किमी 43/220.50) से 1094/F-12 (किमी 94/917.30) तक**

**PROFORMA 10-02**
**भारतीय रेलवे**
**"सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी"**
जनसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि जयपुर मण्डल, उत्तर पश्चिम रेलवे के खण्ड **लालसोट (सहित)- गंगापुर सिटी (रहित) में ओएचई एकल लाइन सेक्शन के मास्ट नं. 43/04 (किमी 43/220.50) से 1094/F-12 (किमी 94/917.30) तक दिनांक 18.02.2026 या उसके बाद 25000 वोल्ट** पर उर्जित होने के कारण सभी समपारों पर सडक सतह से **4.78 मी.** की स्पष्ट ऊंचाई पर ऊंचाई गेज लगाई गई और अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या खतरनाक निकटता से बचाने के लिए **कॉन्टैक्ट वायर रेल स्तर से कम से कम 5.50 मीटर की ऊंचाई पर होगा ताकि बहुत अधिक ऊंचाई वाले लोड को विद्युन्मय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके।**
जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढ़ोये जा रहे लोड से किसी भी स्थित में ऊंचाई गेजों का उलंघन न करें।
1. अत्यधिक गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।
2. वाहन पर ले जाये जा रहे सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
3. चालको की खतरनाक सामीप्यात या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा
230-AR/26 उप-मुख्य विद्युत अभियंता, जयपुर
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1469
चूंकि प्रार्थी श्री NIRMAL KUMAR GANGWAL D12, APPOLO APPARTMENT SECTOR 3, VIDYADHAR NAGAR, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास गंगवाल चेरिटेबल ट्रस्ट KISHANGAD RENWAL JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22.04.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1375
चूंकि प्रार्थी श्री MEGH RAJ KHATRI L303, CITY OF GOLDEN DOMES NEAR RAILWAY OVERIDGA JAGATPURA, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री बडा क्षत्रिय (मारवाडी) समाज एवं शिक्षण संस्थान जयपुर DUKAN NO. 21, LAL BAZAR C 375A KE SAMNE MANVEEY NAGAR JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 16.04.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1468
चूंकि प्रार्थी श्री MAHENDRA SINGH JAIN 38/112 KIRAN PATH NEAR AMAR MEDICAL HOSPITAL MANSAROVER JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री वर्धमान स्थानक वाशी जैन श्रावक संस्था 66/134 HEERA PATH MANSAROVAR JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22.04.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1421
चूंकि प्रार्थी श्री JAGDISH PODDAR A-4, Ganpati Enclave, Ajmer Road, Jaipur, Rajasthan-302006 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्रीमती देवयानी पोद्दार मेमोरियल ट्रस्ट A-4, Ganpati Enclave, Ajmer Road, Jaipur, Rajasthan-302006 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 12.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 21.04.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1483
चूंकि प्रार्थी श्री VISHNU KUMAR NATANI 8/276 VIDHADHAR NAGAR, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास सदाशिव ज्योर्तिलिंग महादेव चेरिटेबल ट्रस्ट SOMANI BUILDING FIRST FLOOR LOHA MANDI STATION ROAD, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 17.04.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1423
चूंकि प्रार्थी श्री LALA RAM BAJYA 53, BAJYA WALI DHANKYA JAIPUR RAJASTHAN-302012 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास खण्डेलवाल प्रशिक्षण स्कूल समिति S.R.K. CAMPUS DHANI NAGAAN KALWAR ROAD, JOBNER JAIPUR RAJASTHAN के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 12.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 21.04.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1466
चूंकि प्रार्थी श्री HEMLATA SHARMA A23 TRIVENI NAGAR, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री दर्श एजुकेशन सोसायटी A-23 TRIVENI NAGAR, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22.04.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1479
चूंकि प्रार्थी श्री Girish vyas Girish Vyas n ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास MAHARSHI ARVIND INSTITUTE SECTOR 7 MADHYAM MARG MANSAROVER JAIPUR-302020 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22.04.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1467
चूंकि प्रार्थी श्री KAILASH CHAND SHARMA 123 PANCHSHEEL ENCLEVE PANI KI TANKI KE PASS DURGAPURA JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री कृष्ण गोपाल गौशाला 26 SANGRAM COLONY C SCHEME JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22.04.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1480
चूंकि प्रार्थी श्री Naresh Kumar Singhal 17 Barfakhana Banipark Jaipur ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास सत्यनारायण सिंघल चेरिटेबल ट्रस्ट 17 Barfakhana Banipark Jaipur के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 21.04.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



अभिषेक के फेल होने की संभावना ज्यादा है, क्योंकि वे काफी जोखिम भरा क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने भारतीय बल्लेबाज की तकनीकी क्षमता पर भी सवाल उठाए। - मोहम्मद आमिर

पाकिस्तानी क्रिकेटर ने अभिषेक शर्मा को स्लॉगर बताया।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **ईशान किशन**



ईशान किशन को भारत-नामीबिया मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया के इंपैक्ट प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। गुरुवार को दिल्ली में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच में ईशान ने सिर्फ 24 गेंदों पर 61 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इस विस्फोटक शुरुआत की बदौलत भारत ने 200 से ज्यादा का बड़ा स्कोर खड़ा किया। पावरप्ले में भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर ईशान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में जेजे स्मिट के एक ओवर से 28 रन बटोरे।

**क्या आप जानते हैं ?...** टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक 8 मैच खेले गए हैं. इसमें भारत ने 7 मैचों में जीत दर्ज की है जबकि पाक को सिर्फ 1 मैच में जीत मिली है।

# राजस्थान रॉयल्स ने रियान पराग को कप्तान नियुक्त किया



जयपुर, 13 फ़रवरी 2026: राजस्थान रॉयल्स ने आज रियान पराग को टीम का नया कप्तान घोषित किया। रियान पराग की नियुक्ति फ्रेंचाइज़ी के भीतर एक नेता के रूप में उनके विकास को दर्शाती है, साथ ही पिछले कुछ वर्षों में खिलाड़ी के रूप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करती है।

राजस्थान रॉयल्स खुद को सौभाग्यशाली मानता है कि टीम में कई मज़बूत नेतृत्व वाली आवाजें मौजूद हैं, जो रियान का समर्थन करने वाले खिलाड़ी नेतृत्व समूह का मुख्य हिस्सा होंगी। यह नियुक्ति आईपीएल नीलामी के बाद पिछले दो महीनों में एक सुविचारित और संरचित प्रक्रिया के बाद की गई. जिसमें खिलाड़ियों, कोचों और प्रबंधन के बीच विस्तृत चर्चा हुई, ताकि आईपीएल 2026 और आगे के लिए फ्रेंचाइज़ी की दिशा और नेतृत्व शैली पर पूर्ण सहमति सुनिश्चित की जा सके। रॉयल्स प्रणाली से निकले और फ्रेंचाइज़ी के सबसे लंबे समय से जुड़े भारतीय खिलाड़ियों में से एक रियान, आईपीएल 2019 से राजस्थान रॉयल्स के साथ हैं।

एक किशोर खिलाड़ी से लेकर ड्रेसिंग रूम के वरिष्ठ सदस्य बनने तक का सफर तय करने के बाद, अब वह उच्च स्तर के नेतृत्व अनुभव के साथ कप्तानी की भूमिका संभाल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान के रूप में रियान पराग का बयान:राजस्थान रॉयल्स मेरे लिए आईपीएल में पहले दिन से ही घर जैसा रहा है। इस फ्रेंचाइज़ी ने मुझ पर भरोसा किया, मुझे निखारा और हर सीज़न बेहतर बनने के लिए प्रेरित किया। अब इस टीम की कप्तानी करना मेरे लिए बेहद खास है और यह एक ज़िम्मेदारी है जिसे मैं पूरे दिल से स्वीकार करता हूँ। मैं हमारे कोचों और लीडरशिप ग्रुप के साथ मिलकर निडर और समझदारी भरा क्रिकेट खेलने तथा अपने फैंस को गर्व महसूस कराने के लिए उत्साहित हैं।

**राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने कहा:** रियान एक हाई-इम्पैक्ट खिलाड़ी और हमारे समूह में एक मजबूत उपस्थिति के रूप में विकसित हुए हैं। उन्होंने दबाव में संतुलन, तेज क्रिकेटिंग समझ और हमारे खेलने के तरीके की वास्तविक समझ दिखाई है। पहले से ही खिलाड़ी नेतृत्व समूह का हिस्सा होने के नाते उन्हें ड्रेसिंग रूम का सम्मान हासिल है, और हमें विश्वास है कि वह इस भूमिका में सफल होंगे।"

**राजस्थान रॉयल्स के प्रमुख मालिक मनोज बडाले ने कहा :**रियान उस तरह के नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसे हम राजस्थान रॉयल्स में विकसित करना चाहते हैं- जो चरित्र, विकास और प्रदर्शन के आधार पर अर्जित हो। वह इस फ्रेंचाइज़ी को गहराई से समझते हैं क्योंकि उन्होंने वर्षों तक इस यात्रा को जिया है।

हमें विश्वास है कि वह स्पष्टता, साहस और जवाबदेही के साथ नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं, और हम आईपीएल 2026 में उन्हें इस भूमिका में देखने के लिए उत्साहित हैं। राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2026 में कुमार संगकारा के नेतृत्व में एक मजबूत कोचिंग समूह के साथ उतरेगी, जहाँ वह डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट और हेड कोच की भूमिका निभाएंगे। उनके साथ एक अनुभवी बैकरूम स्टाफ होगा जिसका उद्देश्य तैयारी और प्रदर्शन को अधिकतम करना है। इसमें विक्रम राठौर (लीड असिस्टेंट कोच), शेन बॉन्ड (फास्ट बॉलिंग कोच), ट्रेवर पेनी (असिस्टेंट कोच) और सिड लाहिरी (परफॉर्मेंस कोच) शामिल हैं।

## ICC MEN'S T20 WORLD CUP

## आज के मैच

**पहला मैच**
आयरलैंड व ओमान के बीच सुबह 11 बजे

**दुसरा मैच**
इंग्लैंड व स्कॉटलैंड के बीच दोपहर 3 बजे

**तीसरा मैच**
न्यूजीलैंड व द. अफ्रीका के बीच शाम 7 बजे

## जयपुर क्लब ने बाजी मारी



जयपुर, 13 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित व वन रियलिटी द्वारा प्रायोजित के एल सैनी ए डिवीजन लीग में आज खेले गए मैच में जयपुर क्लब ने यूनियन क्रिकेट क्लब को 91 रनों से हराया। प्रातः के एल सैनी स्टेडियम पर जयपुर क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केशव डीडवानिया के 113 रन (124 गेंद, 9 चौके व 3 छक्के), हर्षित शर्मा के 77 रन नाबाद व अनिकेत श्रीवास्तव के 26 रनों से 50 ओवर में 9 विकेट पर 280 रन बनाए। यूनियन क्रिकेट क्लब के लिए आदित्य टांक ने 59 पर 4, रोहित गुर्जर ने 29 पर 2, दीपक चौधरी, अशोक स्वामी व लोकेश शर्मा ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में यूनियन क्रिकेट क्लब ने आदित्य शर्मा के 18, देव प्रताप के 56, आरव सैनी के 41 रन, आदित्य टांक के 22 रन व लोकेश शर्मा के 15 रनो से 38.4 ओवर में 189 रन बनाकर आउट हो गई। जयपुर क्लब के लिए मोहम्मद खूबेब ने 30 पर 5, सैयद सफ़ान ने 36 पर 2 निखिल कोहली, निरंजन शर्मा व विवेक सैनी ने एक - एक विकेट लिया। दिनांक 14 फरवरी को राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब बनाम चंबल स्पोर्ट्स क्लब के मध्य मैच खेला जाएगा।

## भारत-पाकिस्तान वर्ल्डकप मैच में बारिश की आशंका

### 15 फरवरी को कोलंबो में 24 घंटे बारिश का अनुमान, आज श्रीलंका पहुंचेगी टीम इंडिया

कोलम्बो, 13 फरवरी। भारत-पाकिस्तान वर्ल्डकप मैच का मजा बारिश बिगाड़ सकती है। टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो में भिड़ने वाली हैं, लेकिन इस दिन शहर के 60 इलाकों में बारिश का अनुमान है। अगर ऐसा हुआ तो फैंस क्रिकेट की बड़ी राइवलरी को मिस कर देंगे। टीम इंडिया आज (13 फरवरी) रात 9.30 बजे कोलंबो पहुंच जाएगी।

वहीं पाकिस्तान टीम अपने सभी मैच कोलंबो में ही खेल रही है। टीम ने अमेरिका और नीदरलैंड को शुरुआती मुकाबले हराए। वहीं भारत ने अमेरिका और नामीबिया को हराया। 15 फरवरी को 24 घंटे बारिश 15 फरवरी को पूरे 24 घंटे बारिश का अनुमान है। सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक 60 से 50 तक बारिश हो सकती है। मैच के दौरान शाम 7 से रात 12 बजे तक भी 10 से 20 तक बारिश की अनुमान जताया गया है।

## यूएई ने कनाडा को 5 विकेट से हराया

### आर्यांश शर्मा और सोहैब खान की फिफ्टी, जुनैद सिद्दीकी को 5 विकेट

नई दिल्ली। दिल्ली में कनाडा ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। कनाडा ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में ने 151 रन का टारगेट 19.4 ओवर में 5 विकेट पर चेज कर लिया। अर्यांश शर्मा ने नाबाद 74 और सोहैब खान ने 51 रन बनाए। साद बिन जफर ने 3 विकेट झटके। हर्ष ठाकेर (50 रन) ने फिफ्टी लगाई। नवनीत धालीवाल ने 34 और श्रेयस मोव्वा ने 21 रन का योगदान दिया। कनाडा की ओर से जुनैद सिद्दीकी ने 5 विकेट झटके। एक विकेट मुहम्मद जवादुल्लाह को मिला।

यूएई : मुहम्मद वसीम (कप्तान), आर्यांश शर्मा, आलीशान शराफू, मयंक कुमार, शोएब खान, हर्षित कौशिक, मुहम्मद अरफान, मुहम्मद फारूक, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी, मुहम्मद जवादुल्लाह। ࢠ

कनाडा: दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), युवराज समरा, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, हर्ष ठाकेर, साद बिन जफर, श्रेयस मोव्वा, जसकरन सिंह, दिलोन हेलीगर, कलीम सना, अंश पटेल।

## यूएसए ने नीदरलैंड को टी-20 में पहली बार हराया

### 93 रन से जीता मैच, साईतेजा मुक्कामल्ला की फिफ्टी, हरमीत सिंह ने 4 विकेट झटके

चेन्नई, 13 फरवरी। यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका (यूएसए) ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में पहली जीत दर्ज की है। उसने ग्रुप ए के मैच में नीदरलैंड को 93 रन से हराया। अमेरिका ने नीदरलैंड को टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार हराया है। ࢠ

चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में शुक्रवार के तीसरे मैच में 197 रन का टारगेट चेज कर रही नीदरलैंड की टीम 15.5 ओवर में 103 रन पर ऑलआउट हो गई। हरमीत सिंह ने 4 विकेट झटके। शैडली वान शाल्कविक ने 3 और मोहम्मद मोहसिन ने 2 विकेट लिए।

इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग कर रही अमेरिकी टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 196 रन बनाए। साईतेजा मुक्कामाला ने 79 रन बनाए। जबकि कप्तान मोनांक पटेल ने 36 रन बनाए। बास डी लीडे ने 3 विकेट झटके। लोगन वान बीक, फ्रेड क्लासन और काइल क्लीन ने एक-एक विकेट झटके।

## मानिनी कौशिक ने एक और इंटरनेशनल गोल्ड मेडल जीता



जयपुर, 13 फरवरी। इस बार एशियन राइफल पिस्टल चैंपियनशिप 2026 नई दिल्ली में मानिनी कौशिक की लीडरशिप में तीनों ने 1862.9 स्कोर करके टीम कज़ाकिस्तान को 0.1 के मामूली अंतर से हराया, जिसने 1862.8 स्कोर करके सिल्वर मेडल जीता।

## कुशाग्र ओझा को प्रोटोज़ स्पॉन्सरशिप'



जयपुर, 13 फरवरी। जालंधर स्थित एफ सी सोंधी एंड कंपनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के फेमस क्रिकेटिंग ब्रांड "प्रोटोज़" जोकि क्रिकेट इक्विपमेंट मैन्युफ़ैक्चरिंग में चर्चित नाम है ने राजस्थान के अण्डर-19 कप्तान कुशाग्र ओझा के साथ इक्विपमेंट स्पॉन्सरशिप एग्रीमेंट साइन किया है। अब कुशाग्र ओझा प्रोटोज ब्रांड के क्रिकेटिंग इक्वीपमेंट के साथ खेलते हुए नज़र आयेंगे। इस तरह कुशाग्र ऐसे पहले खिलाड़ी है जिन्हें अंडर 19 के पहले ही साल में अपने अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है।

## फीफा फुटबॉल फार स्कूल कार्यक्रम

रामगंजमंडी, (निसं)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद में 13 फरवरी शुक्रवार को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विद्यालय को प्रदान की गई फुटबॉल वितरण योजनान्तर्गत फीफा फुटबॉल फार स्कूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कृति मौल्होत्रा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, खैराबाद एवं विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार, के आर पी दयाल सिंह, शारीरिक शिक्षक ढाकिया, बलतेज सिंह, शारीरिक शिक्षक लक्ष्मीपुरा रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य रामकेश मीणा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ एवं शाल भेंट करते हुए स्वागत किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में शिक्षा मंत्रालय से आई फीफा फुटबॉल वितरण कार्यक्रम में खैराबाद ब्लॉक के करीब 48 विद्यालयों ने हिस्सा लिया गया। जिनको फुटबॉल भी वितरित करते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद एवं मंगलम विद्या विहार मोड़क के छात्रों के बीच फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया।

# आज ईटन कॉलेज और मेयो कॉलेज के बीच होगा टेस्ट मैच

### रविवार को कैरेसिल सुहाना और जयपुर अरावली के बीच फाइनल टक्कर



जयपुर, 13 फरवरी।जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत रैफल्स सिरमौर कप (14 गोल्स) टूर्नामेंट के लिए चार टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला मैच टीम कैरेसिल सुहाना और टीम जिंदल पोलो के बीच पीपीसी ग्राउंड पर खेला गया। वहीं, दूसरा मुकाबला टीम जयपुर अरावली और टीम विमल एरियन अचीवर्स के बीच आरपीसी ग्राउंड पर आयोजित हुआ। इस कप का फाइनल मुकाबला 15 फरवरी, रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर दोपहर 3.30 बजे आयोजित होगा।

**टीम कैरेसिल सुहाना और टीम जिंदल पोलो के बीच टक्कर :** इस मुकाबले में टीम कैरेसिल सुहाना 11-10 के स्कोर से जिंदल पोलो को हराकर विजेता बनी। विजेता टीम से माटियास वायल ने 5 गोल और कुलदीप सिंह राठौड़ ने 3 गोल हासिल किए। वहीं, मैनुअल प्राडो ने 3 गोल किए। टीम से अशोक चांदना भी खेले। दूसरी ओर, टीम जिंदल पोलो से मैक्स चार्ल्टन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल किए। सिद्धांत शर्मा और सिमरन शेरगिल ने 2-2 गोल किए। टीम में वैंकटेश जिंदल भा शामिल रहे।

**टीम जयपुर अरावली और विमल एरियन अचीवर्स का मुकाबला :** दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में टीम जयपुर अरावली विजेता बनी। टीम ने विमल एरियन अचीवर्स को 10-9 के स्कोर से पराजित किया। विजेता टीम जयपुर अरावली की ओर से लांस वॉटसन ने 5 गोल और मैनुअल फर्नांडीज लोरेंटे ने 4 गोल किए। टीम के लिए हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने 1 गोल किया। प्रताप सिंह कानोता भी टीम में शामिल थे। इसी प्रकार, टीम विमल एरियन अचीवर्स से ध्रुवपाल गोदारा ने 4 गोल, अलेजो अरामबुरु ने 3 गोल और सलीम आजमी ने 2 गोल किए। टीम से डेनियल ओटामेंडी भी खेले।

**ईटन कॉलेज वर्सेज मेयो कॉलेज :** शनिवार, 14 फरवरी को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर दोपहर 3.30 बजे ईटन कॉलेज और मेयो कॉलेज के बीच एक टेस्ट मैच का आयोजन होगा।

## ओएसिस शूटिंग रेंज जगतपुरा जयपुर पर साईड बाई साईड किशनगढ ट्रॉफी



जयपुर की ओएसिस शूटिंग रेंज जगतपुरा जयपुर पर कल मुख्य कार्यकमो का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से 2.00 बजे तक साईड बई साईड चौथी किशनगढ ट्रॉफी 2026 मैच का आयोजन किया जावेगा, जिसमें विनटेज बन्दूको से उक्त प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें सभी वर्ग के खिलाडी भाग लेगे। यह प्रतियोगिता किशनगढ हीजाईनेश व राजस्थान राईफल एसोसिएशन के तत्वाधीन में आयोजित होगी। प्रथम स्थान पर रहे खिलाडी को राशि 15000/- रूपये द्वितीय स्थान पर रहे खिलाडी को 10000/- रूपये तथा तृतीय स्थान पर रहे खिलाडी को 7500/- रूपये नकद राशि ईनाम स्वरूप प्रदत्त की जावेगी। 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशीप प्रतियोगिता की पदक तालिका में राजस्थान प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी उपलक्ष्य में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता 2025 के खिलाडियो का शाम 4 बजे ओएसिस शूटिंग रेज जगतपुरा पर हाईटी एवं मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है।




**राजस्थान सरकार**
**कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर**
जोधपुर 342304 राजस्थान, भारत

**ई-निविदा 25/2025-26**

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा Supply of All In One Computer, Desktop Computers, Laptop की खरीद के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गईं थी उक्त निविदा में शुद्धि पत्र जारी हुआ है। विस्तृत विवरण एवं जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
UBN NO. : JAU2526GLOB00202 EPROC ID: 2026_AGUJD_534968_1
नियंत्रक(वित्त)
राज.संवाद/सी/25/19779 कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

**AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED**
Corporate Identification Number (CIN)- U40109RJ2000SGC016482
Regd. Off.: VidyutBhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer- 305 004.
(TURN-KEY WORKS CIRCLE)
E-mail :- setwavvnl2022@gmail.com
No. AVVNL/SE (TW) /XEN (TW-I)/AEN (TW-II)/NIT /TN-460(Lot-1 &2)/LRC/D. 1898 Dt. 12.02.2026
**NIT No/ PACKAGE No.:- AJD/SE/TW/TN-460(Lot-1&2)**
UBN:-AVV2526WSRC00521
'E Bids in two parts (Techno Commercial bid and Price Bid) are invited from eligible contractors forNIT against package nos. AJD/ SE/ TW/TN-460(Lot-1&2)for awarding contract of construction of various 33/11 KV GSS and associated 33 and 11 KV line&Erection of 11 KV line on Labour Ratefor Banswara&Pratapgarh
All the details regarding tender is available at our website http://energy.rajasthan.gov.in/avvnl and www.eproc.rajathan.gov.in.Further in future corrigendum/extension, if any shall be published only at www.eproc.rajathan.gov.in
Raj.Samwad/C/25/19793 Superintending Engineer (TW)

**Rajasthan Olive Cultivation Limited**
State Institute of Agriculture Management Campus, Durgapura, Jaipur-302018 Contact: 0141-2554106
**निविदा-सूचना**
राजस्थान ऑलिव कल्टीवेशन लिमिटेड के विभिन्न जैतून फार्मो पर ट्रेक्टर व बेक हो लोडर्स (जेसीबी) संबंधित कृषि कार्य हेतु दर संविदा हेतु निविदादाताओं से निम्नानुसार प्रस्ताव कार्यालय में आमंत्रित किये गये है।

| क्र. स. | कार्य का नाम | टेण्डर आईडी / यूबीएन कमांक | निविदा की अनुमानित लागत राशि रू. लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विभिन्न जैतून फार्मो पर ट्रेक्टर व बेक हो लोडर्स (जेसीबी) संबंधित कृषि कार्य हेतु दर संविदा कार्य। | 2026_ROCL_537095_1 OCL2526WSOB00028 | 12.78 | 23.02.2026 दोपहर 03.00 बजे तक | 23.02.2026 सायः 4.00 बजे |

निविदा दस्तावेजो की जानकारी https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा कार्यालय से ली जा सकती है।
राज.संवाद/सी/25/19786 चीफ आपरेशन आफिसर

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, गोविन्दगढ (अलवर)**
Email: kums.Govindgarh@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- 20453453 दिनांक:-10.02.2026
**Notice Inviting Bid (NIB 07 /2025-26)**
Single stage, two-envelopes unconditional e-bids are invited from manufacturers/direct importers/Authorized Dealer on behalf of the Krishi Upaj Mandi Samiti Govindgarh for the procurement of Oil Testing Machine /NIR Grain Analyser. Details may be seen in the Bidding Document at the office of the Krishi Upaj Mandi Samiti, Govindgarh or State Public Procurement Portal website https://sppp.rajasthan.gov.in. or on departmental website https://agriculture.rajasthan.gov.in/dam or https://eproc.rajasthan.gov.in. The bidding document may be downloaded from either of the above websites and uploaded duly filled in with payment of Rs. 1180/- through banker's cheque/demand draft in favour of Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti, Govindgarh payable at Govindgarh, Details of bid are following:-

| S. NO. | Bid Title | Estimated Cost (In Lakhs) | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply and Installation of Oil Testing Machine-NIR/Grain Analyser | 15.00 | DAM2526GLOB01197 |

Raj.Samwad/C/25/19796 Secretary

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**
No.:F-2(01)Acct/Contract/2025-26/268-270 Date: 09-02-2026
**ई-निविदा सूचना संख्या : 80/2025-26**
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 200.58 लाख (01 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि | : | 10-02-2026 को प्रातः 10.00 बजे से 09-03-2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 10-02-2026 को प्रातः 10.00 बजे से 09-03-2026 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 10-03-2026 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN : ITU2526WSOB00449
अधिशाषी अभियन्ता-चतुर्थ
उदयपुर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/25/19800

**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
कॉरपोरेट आइडेन्टीफिकेशन नम्बर (सीन)-यू40109आरजे2000एसजीसी016483
पंजीकृत कार्यालय : न्यू पॉवर हाउस,जोधपुर-342003
फोन न. :0291-2742264
ईमेल :-seciviljdvvnl@gmail.com वेबसाईट :-http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl
**ई-निविदा सख्या 25/2025-26**
केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों में 'ए' व 'एए' श्रेणी तथा जो.वि.वि.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत, अनुभवी, वस्तु एवं सेवाकर (GST) विभाग से पंजीकृत निविदाकारों से अधिशाषी अभियन्ता {सिविल} जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर 9413359193/बाड़मेर; 9413359455 / बीकानेर; 9413359744 के अधीन विभिन्न सिविल निर्माण कार्यो के लिए ई-प्रोक्यरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, निविदा शुल्क, प्रकिया शुल्क, अमानत राशि, निविदा खोलने की तिथि व सामान्य अनुबन्ध की शर्ते आदि समस्त विवरण, वेबसाईट http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं http://sppp.raj.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। भविष्य में संशोधन/अवधि विस्तार, यदि कोई हो तो, उसकी सूचना http://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं http://sppp.raj.gov.in.co http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित की जावेगी।
UBN NO.

| | | | |
|---|---|---|---|
| JVV2526WSO0B00889 | JVV2526WSO0B00890 | JVV2526WSO0B00891 | JVV2526WSO0B00892 |
| JVV2526WSO0B00896 | JVV2526WSO0B00897 | JVV2526WSO0B00893 | JVV2526WSO0B00894 |
| JVV2526WSO0B00895 | JVV2526WSO0B00884 | JVV2526WSO0B00885 | JVV2526WSO0B00883 |

अधीक्षण अभियन्ता {सिविल}
राज.संवाद/सी/25/19801 बिजली शिकायतों के लिए टोल फी नम्बर- 1800-180-6045

**राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**
CIN:- U40102RJ2000SGCO16484 (राजस्थान सरकार का उपक्रम)
छबड़ा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर स्टेशन, छबड़ा (राज.)
**ऑनलाइन/ऑफलाइन निविदा सूचना**
निम्नलिखित कार्य/वार्शिक अनुबन्ध/सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है:-65(RVU2526WSOB02291) सीटी बेसिन की सफाई सहित नेचुरल ड्राफ्ट कूलिंग टॉवर के पूर्ण ओवरहॉलिंग, 66(RVU2526WSRC02287) ऐश हैंडलिंग प्लांट, डीएम प्लांट और सीडब्ल्यू/एसीडब्ल्यू प्लांट मे स्थापित विभिन्न घटकों की मरम्मत/सुधार, 67(RVU2526WSOB02282) जंगल की सफाई, समतलीकरण, भूमि सुधार, कचरा संग्रहण एवं निपटान, 68(RVU2526WSOB02286) ड्राइव पिनियन और प्लेनेटरी गियर बॉक्स की मरम्मत, 69(RVU2526WSOB02280) प्रोपर्टी वॉल की दैनिक मरम्मत व रखरखाव, 70(RVU2526WSOB02294) अंडरवॉटर इंस्पेक्शन, विडियोग्राफी, स्टॉप लॉग गेट्स के रिमूवल और फिक्सिंग एवं माइनर रिपेयर, 71(RVU2526SLOB02278) कंप्यूटर कार्यो के लिए उच्च कुशल व्यक्ति और प्रिंटर स्कैनर के साथ कंप्यूटर उपलब्ध कराना, 72(RVU2526SLOB02289) पीटीपी, डीएम, सीडब्ल्यू (रासायनिक उपचार) सीपीयू के रासायनिक संचालन और एसटीपी एंव ईटीपी की निगरानी, पीटीपी, डीएम, सीपीयू और सभी प्रक्रिया रसायनों की आपूर्ति के साथ-साथ रॉ वाटर साइट के एसडब्ल्यूएएस और सी एंड आई विश्लेशक के रखरखाव और निगरानी, 73(RVU2526WSOB02295) स्टोर सामग्री को संभालना, 655(RVU2526GLOB02288) 500 Amp के आउटडोर टाइप एलटी पैनल और 500 KVA के कॉम्पैक्ट सबस्टेशन की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, 660(RVU2526GLOB02283) कोयला पल्वराइजर (टाईप MVM 32R) के लिए स्पेयर्स, 661(RVU2526GLOB02285) सील्स एवं 663(RVU2526GLOB02279) उच्च वेग और मध्यम वेग वाले स्प्रे नोजल और स्प्रे सिस्टम के क्यू बी डी की आपूर्ति। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in (ई-निविदा हेतु), www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
राज.संवाद/सी/25/19753 RVUN/PR-4345 अति. मुख्य अभियन्ता (ओ.एण्ड.एम.)

# भजनलाल सरकार के आने के बाद निर्यात में निरंतर वृद्धि हुई

## ''कॉन्क्लेव ऑन स्पाइसेज़'' के आयोजन से मसाला उत्पादन व निर्यात को बढ़ावा मिलेगा

जयपुर, 13 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान के निर्यात सेक्टर का निरंतर विकास हो रहा है तथा कुल निर्यात में भी वृद्धि हुई है। डीजीसीआई, भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में ही राजस्थान से 50 हजार 900 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ है। राज्य से वर्ष 2024-25 में कुल 97 हजार 171 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ, जो वर्ष 2023-24 के कुल निर्यात 83 हजार 704 करोड़ रुपये की तुलना में 13 हजार 467 करोड़ रुपये अधिक है। राजस्थान की पांच प्रमुख निर्यातक वस्तुओं में इंजीनियरिंग वस्तुएं, रत्न एवं आभूषण, धातु, वस्त्र तथा हस्तशिल्प प्रमुख है, जिनका राज्य के निर्यात में 67 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा*

आर्थिक समीक्षा 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान से कपड़ा निर्यात वर्ष 2024-25 में 9 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 8 हजार 819 करोड़ रुपये था। वहीं, रत्न एवं आभूषण सेक्टर का वर्ष 2024-25 में 17 हजार 567 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात था। यह आंकड़ा वर्ष 2023-24 में 11 हजार 183 करोड़ रुपये रहा। अभियांत्रिकी सेक्टर से वर्ष 2024-25 में 19 हजार 849 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात किया गया। बजट 2026-27 में प्रदेश में मसाला उत्पादन तथा निर्यात को बढ़ावा देने की दृष्टि से आगामी वर्ष राष्ट्रीय स्तर के 'कॉन्क्लेव ऑन स्पाइसेज' का आयोजन किया जाएगा।

- **राजस्थान से मुख्यतया इंजीनियरिंग वस्तुओं, रत्न व आभूषण, धातु, वस्त्र व हस्तशिल्प वस्तुओं का निर्यात होता है। इन सभी श्रेणियों में मुख्यमंत्री भजनलाल की सरकार आने के बाद उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।**

# हरदीप पुरी पर शिकंजा कस ...

- **कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, पुरी बार-बार झूठ बोल रहे हैं कि उन्होंने कभी भी एप्स्टीन से मुलाकात का टाइम नहीं मांगा, जब कि एक ई-मेल में उन्होंने खुद एप्स्टीन से समय मांगा था।**

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रहे इन्टरव्यू की श्रृंखला का मजाक उड़ाया। उन्होंने खास तौर पर पुरी के उस दावे का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक समय पर उन्हें पता ही नहीं था कि वे कहां जा रहे हैं और वे यह भी नहीं जानते थे कि एप्स्टीन अपराधी है। खेड़ा ने इस बात को बहुत बचकाना बताया।

पवन खेड़ा ने पुरी द्वारा कही गई इस बात का लेकर भी उन पर मला बोला कि उन्हें इस बात का अफसोस है कि उन्होंने उन गतिविधियों में हिस्सा नहीं लिया और सिर्फ एप्स्टीन से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पूरे देश को बच्चों और महिलाओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए यह सवाल उठाना चाहिए कि जो मंत्री बार-बार बच्चों का शिकार करने वाले यौन अपराधी से मिलता रहा, वह अब भी पद पर कैसे बना हुआ है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने पूछा कि पुरी 2014 से 2016 के बीच अमेरिका में किस हैसियत से और किसके निर्देश पर एप्स्टीन से मिल रहे थे। उन्होंने बताया कि उस समय पुरी केवल सेवानिवृत्त विदेश सेवा अधिकारी थे और उनके पास कोई आधिकारिक पद नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि उसी समय अमेरिका में तीन भारतीय राजदूत तैनात थे, लेकिन उनमें से कोई भी एप्स्टीन से नहीं मिला। उन्होंने सवाल किया कि पुरी किसके आदेश पर यह काम कर रहे थे।

खेड़ा ने आरोप लगाया कि एप्स्टीन देश की विदेश नीति को भी प्रभावित कर रहा था। उन्होंने एप्स्टीन के एक ईमेल का जिक्र किया, जिसमें उसने मध्य पूर्व में हो रही घटनाओं पर नाराजगी जताई थी और कहा था कि इस विषय पर उसकी (एप्स्टीन की) ''पक्की राय'' है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि यह ईमेल उस समय का हो सकता है, जब फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास भारत आए थे, जिससे एप्स्टीन नाराज़ हो गया था। उन्होंने सवाल किया कि क्या इसी नाराज़गी के कारण बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी गलती सुधारने के लिए इज़राइल का दौरा किया था?

खेड़ा ने कहा, इससे लगता है कि हमारी विदेश नीति प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री नहीं चला रहे थे और न ही ''जेम्स बॉन्ड डोभाल'', बल्कि अमेरिका में बैठा एक यौन अपराधी इसे चला रहा था।'' उन्होंने बताया कि उस समय सुषमा स्वराज विदेश मंत्री थीं, लेकिन उनका नाम एप्स्टीन की फाइलों में कहीं नहीं था।

उन रिपोर्टों का जिक्र करते हुए कि पुरी ने एप्स्टीन से ''डिजिटल इंडिया'' परियोजना पर चर्चा की थी, कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि यह चर्चा उस समय हुई, जब देश के लोगों को इस योजना के बारे में जानकारी भी नहीं थी। उन्होंने पूछा कि आधिकारिक घोषणा से पहले पुरी ने किस अधिकार से एप्स्टीन से डिजिटल इंडिया पर बातचीत की।

कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि पुरी ने अपने इंटरव्यू और प्रेस कॉन्फ्रैंस में बार-बार झूठ बोला है। उन्होंने पुरी के इस दावे का जिक्र किया कि उन्होंने कभी एप्स्टीन से मिलने का समय नहीं मांगा। उन्होंने उन ईमेल का हवाला दिया, जिनमें पुरी बार-बार यह पूछते नज़र आ रहे हैं, जैफ, अगर आप शहर में हों तो क्या मैं आपसे मिल सकता हूं?''

खेड़ा ने कहा कि एप्स्टीन से जुड़े दस्तावेजों में बहुत कुछ छिपा हुआ है, जिससे मोदी डरे हुए हैं।

उन्होंने कहा, पहले भाजपा का नारा ''घर-घर मोदी'' था और अब यह डर के मारे ''थर-थर मोदी'' बन गया है। उन्होंने कहा कि विदेश नीति, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और ऑपरेशन सिंदूर को जिस तरीके से हैंडल किया गया, उसे लेकर मोदी के चेहरे और आंखों में डर साफ दिखाई दे रहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने भरोसा जताया कि समय आने पर सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा, ''सच्चाई सामने आने का अपना तरीका होता है और वह सामने आएगी।''

सूत्रों का कहना है कि यह तो सिर्फ शुरुआत है। आगे कई और खुलासे हो सकते हैं और इससे प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के लोगों के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

# बांग्लादेश के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने नतीजों की घोषणा टाल दी है।

बीबीसी बांग्ला के अनुसार, चटगांव-2 से सरवर आलमगीर और चटगांव-4 से असलम चौधरी, दो बीएनपी उम्मीदवार, जिन्होंने अनौपचारिक रूप से जीत दर्ज की है, को ऋण मामले में अदालत में उनकी अपील का निपटारा होने तक विजेता घोषित नहीं किया जाएगा।

तीन दशकों में पहली बार अवामी लीग का चुनाव चिन्ह ''नाव'' मतपत्रों पर मौजूद नहीं था। 2024 के प्रदर्शनों के बाद, मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था और इसके बाद, चुनाव आयोग ने उसका रजिस्ट्रेशन भी निलंबित कर दिया था। हसीना, जो सत्ता से हटाए जाने के बाद से दिल्ली में हैं, ने इन चुनावों को ''अवैध'' बताया।

# प्र.मंत्री मोदी पर ट्रंप की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आप इसे किसी और तरह से लें। मैं उनका राजनीतिक करियर नष्ट नहीं करना चाहता, लेकिन आपको समझना होगा कि मैं वर्षों से भारत को देख रहा हूं। मेरा मित्र अब वहाँ लंबे समय से है।

रूस के साथ व्यापार और द्विपक्षीय संबंधों पर आगे बोलते हुए जायसवाल ने कहा, ''रूस और भारत के बीच व्यापार से लेकर लोगों के बीच सांस्कृतिक संपर्क, रक्षा सहयोग और अन्य सभी क्षेत्रों में निरंतर संवाद और सहयोग जारी है। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के ये सभी पहलू आगे भी बढ़ते रहेंगे।''

इस बीच, यू.एस. फैक्टशीट (तथ्यपत्र) पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर संयुक्त राज्य अमेरिका की फैक्टशीट में हाल ही में किए गए संशोधन इस विषय पर दोनों देशों के बीच ''साझा समझ'' को दर्शाते हैं।

डील पर वाइट हाउस फैक्टशीट में किए गए बदलावों के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा कि अंतरिम समझौते के ढांचे पर जारी संयुक्त वक्तव्य ही दोनों पक्षों के बीच आपसी समझ का आधार बना हुआ है।

उन्होंने कहा, ''जैसा कि आप जानते हैं, परस्पर और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर अंतरिम समझौते के ढांचे के संबंध में भारत-अमेरिका संयुक्त वक्तव्य 7 फरवरी 2026 को जारी किया गया था। यह संयुक्त वक्तव्य ही ढांचा है और इसी पर हमारी आपसी समझ आधारित है। अब दोनों पक्ष इस ढांचे को लागू करने और अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में कार्य करेंगे।''

उन्होंने आगे कहा, अमेरिकी फैक्टशीट में किए गए संशोधन संयुक्त वक्तव्य में निहित पारस्परिक समझ को दर्शाते हैं।

यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बीच आया है, जिनमें अमेरिकी दस्तावेज़ में किए गए उन संशोधनों को उजागर किया गया था, जो पहले भारतीय पक्ष द्वारा जारी बयान से भिन्न बताए जा रहे थे।

# जीत मिलते ही ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शेख हसीना अब भारत के लिए पहले जैसी रणनीतिक संपत्ति (असैट) नहीं रहीं और अतीत का बोझ अधिक लगती हैं, फिर भी उन्हें सौंप देना भारत की छवि को आघात पहुंचा सकता है, क्योंकि माना जाता है कि वह संकट की घड़ी में अंतिम विश्वसनीय शरणस्थली है। इसके अलावा, यदि भारत इस मांग को मान लेता है तो इससे बांग्लादेश की कूटनीतिक स्थिति भी कई गुना मजबूत हो सकती है। भारत के लिए यह जोखिम उठाना आसान नहीं होगा। नई सरकार ने जल संसाधनों के पुराने मुद्दे को भी फिर से उठाया है। बाँग्लादेश के संभावित विदेश मंत्री ने तीस्ता और पद्मा नदियों के जल में ''न्यायोचित हिस्सेदारी'' का दावा किया है। नदी जल बंटवारा दोनों देशों के बीच लंबे समय से विवाद का विषय रहा है, हालांकि बरसात के मौसम में बाढ़ दोनों ओर समस्या पैदा करती है। नई नेतृत्व टीम ने भारत के सीमा सुरक्षा बल द्वारा कथित रूप से बांग्लादेशी नागरिकों की हत्या के मुद्दे को भी जोर-शोर से उठाया है। दोनों देशों ने पहले भी एक- दूसरे पर ऐसे आरोप लगाए हैं। भारत ने भी सीमा पर भारतीय नागरिकों पर हमलों की शिकायत की है, यहां तक कि भारतीय क्षेत्र में हमलों के आरोप भी लगाये हैं। संक्षेप में, बीएनपी के नए नेता उसी स्वर में बोलते दिखाई दे रहे हैं, जो अक्सर एक छोटे पड़ोसी देश के नेतृत्व से सुनाई देता है, आपसी सम्मान और समानता पर आधारित संबंधों की मांग। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि दोनों देशों को बराबरी के आधार पर संवाद करना चाहिए।

# कांग्रेस तेलंगाना की 64 नगरपालिकाओं में जीत के करीब

- **भारतीय राष्ट्र समिति 13 नगर पालिकाएं जीतती लग रही है व 38 में किसी को बहुमत नहीं मिला**

हैदराबाद, 13 फ़रवरी। तेलंगाना नगर निगम चुनाव में 116 नगर पालिकाओं के 2,582 वार्डों के नतीजे आ गए हैं। इनमें से सबसे ज्यादा कांग्रेस ने 1347 वार्ड और 64 नगर पालिकाओं पर जीत दर्ज की। वहीं, भारतीय राष्ट्र समिति ने 717 वार्ड और 13 नगर पालिकाओं पर जीत हासिल की, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 261 वार्ड और निर्दलीयों ने 256 वार्ड जीते। इसी तरह 38 नगर पालिकाओं में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने से त्रिशंकु चुनाव हुआ। हालांकि अभी आधिकारिक नतीजे नहीं आये हैं।

जिलेवार नतीजों के अनुसार ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने महबूबनगर जिले की वड्डेपल्ली नगर पालिका जीती। जगित्याल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जीवन रेड्डी के समर्थकों ने निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ा और ज़्यादातर सीटें जीतीं। नारायणपेट जिले की मकतल नगर पालिका का 6वां वार्ड (एसटी) के लिए आरक्षित किया गया है। यहां भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने वाले एरुकला महादेवप्पा ने आत्महत्या कर ली थी। इस वजह से वहां मतदान नहीं हुआ। राज्य चुनाव आयोग दो दिन में इस पर फैसला लेगा। मकतल नगपालिका के कुल 16 वार्ड में से कांग्रेस ने 12 और भाजपा ने 3 सीटें जीतीं।

# हाथियों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अंदर घुसकर लोगों को कुचला।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। इस क्षेत्र में हाथियों का झुंड एक माह पहले से विचरण कर रहा था। इसे लेकर वन विभाग लोगों को समय-समय पर अलर्ट भी कर रहा था।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908